पिछले दिनों मेरा दक्षिण भारत टूर प्रोग्राम बना। तंजावुर के कलात्मक मंदिर और चोल वंश के समय में बने हुए महल और मंदिर संपन्नता तथा समृद्धि के साक्षात उदाहरण हैं। इसे देख मुझे कल्कि कृष्णमूर्ति के रचित 'पोन्नियिन सेल्वन' उपन्यास की याद आई। पांच खंडों का यह उपन्यास चोल वंश के समय की राजनीतिक उथल-पुथल, सजिशों, राजनीतिक षड्यंत्रों और युद्धों के बारे में है। इसका नामकरण पोन्नी, जो प्रसिद्ध कावेरी नदी है उसके नाम पर है। 'पोन्नियिन सेल्वन' 1950 से 1954 तक 'कल्कि' पत्रिका में धारावाहिक रूप में प्रकाशित हुआ। इसमें पांच खंड नई बाढ़, बवंडर, मृत्यु की तलवार, हीरों का मुकुट, बलिदान की चोटी हैं। अरुलमोझीवरमन उपन्यास का मुख्य किरदार हैं, जो बाद में राजाराजा चोला नाम से जाने कए। उन्हें 'पोन्नियिन सेल्वन' भी कहा जाता है। चोल राजकुमारों और राजकुमारियों, आदिथा करिकालन, वंदियाथेवन और कुंडावई के किरदार मिलकर अपने साम्राज्य को शत्रुओं से बचाने के लिए वीरता से लड़ते हैं। इसकी कहानी रोमांस, साजिश, रोमांचक मोड़, वीरता के जानी जाती है। वहीं नंदिनी नामक रहस्यमय महिला की राजनीतिक साजिश भी इसमें है। तमिल में इसे महाकाव्य के रूप में पढ़ा जाता है।

**– एस. भाग्यम शर्मा,**
लेखक, अनुवादक

*(अगर आपने भी पढ़ी है ऐसी ही कोई क्लासिक पुस्तक तो अपने अनुभव 200 शब्दों में हमारे साथ साझा करें।)*

लघुकथा...

## भूख और व्यूज



एक भिखारी फुटपाथ पर कटोरा फैलाए राहगीरों की प्रतीक्षा कर रहा था। तभी एक युवक आया। उसने थैले से गर्म कपड़े निकाले, भिखारी को पहनाए, कुछ रुपए दिए और अंत में भोजन का पार्सल थमा दिया। नान, जीरा राइस, फ्राई दाल, पनीर, मौसमी सब्जी और रसगुल्ले से सजी थाली देखकर भिखारी खुद को रोक न सका। नम आंखों से वह भोजन पर टूट पड़ा। इधर युवक का साथी हर दृश्य मोबाइल कैमरे में कैद कर रहा था। वीडियो रील सोशल मीडिया पर अपलोड होनी थी। भिखारी और दाता- दोनों की अपनी-अपनी मजबूरी थी। एक को पेट की भूख थी, दूसरे को व्यूज की। भिखारी की भूख तो मिट गई, अब दाता को लाइक और सब्सक्रिप्शन की भूख शांत करनी थी। आजकल नेकी दरिया में नहीं, सोशल मीडिया पर डाली जाती है।

***-विनोद कुमार विक्की***

माइंड गेम...

## उपसर्ग

*नीचे दिए उपसर्गों से सार्थक शब्द बनाइए।*



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.अनु | 5.प्र | 9.कु | 13.अ | 17.दुस् |
| 2.अधि | 6.प्रति | 10.परि | 14.अव | 18.उप |
| 3.अभि | 7.वि | 11.परा | 15.नि | 19.पच |
| 4.उत् | 8.सु | 12.सम् | 16.भर | 20.ला |

1.अनुमान 2.अधिपति 3.अभिभावक 4.उत्कर्ष 5.प्रबल 6.प्रतिपक्ष 7.विसंगति 8.सुपात्र
9.कुव्यवस्था 10.परिपूर्ण 11.पराक्रम 12.सम्पूर्ण 13.अटल 14.अवनति 15.निडर 16.भरपूर
17.दुस्साहस 18.उपकार 19.पचरंगा 20.लापरवाह

बोधकथा...

## न्याय की कसौटी



एक राज्य में एक अत्यंत ईमानदार न्यायाधीश नियुक्त हुआ। लोग उसकी प्रशंसा करते थे कि वह बिना पक्षपात के निर्णय देता है। वर्षों तक उसने अनेक मामलों का निपटारा किया। धीरे-धीरे उसे लगने लगा कि उसका विवेक अचूक है। एक दिन उसके सामने एक वृद्ध स्त्री लाई गई। उस पर आरोप था कि उसने एक कुएं से पानी चुरा लिया है। कानून के अनुसार अपराध सिद्ध था। न्यायाधीश ने बिना देर किए दंड सुना दिया। स्त्री ने कुछ नहीं कहा, केवल सिर झुका लिया। दंड सुनाने के बाद न्यायाधीश ने सहज भाव से पूछा, 'तुमने कुछ कहा नहीं, क्या तुम्हें अपने अपराध का कोई पछतावा नहीं?' वृद्ध स्त्री ने शांत स्वर में कहा, 'अपराध का पछतावा है, लेकिन निर्णय का नहीं। कुआं मेरे पति ने अपने हाथों से खोदा था, पर समय के साथ वह राज्य की संपत्ति कहलाने लगा। प्यास ने मुझे अपराधी बनाया, लोभ ने नहीं।' न्यायाधीश के भीतर हलचल मच गई। पहली बार उसे लगा कि उसने तथ्य तो देखे, पर समय की परतों को नहीं समझा। कानून वर्तमान को देखता है, लेकिन न्याय अतीत, वर्तमान और विवेक तीनों से बनता है। उस रात न्यायाधीश सो नहीं पाया। उसे अपने कई पुराने निर्णय याद आए, जहां उसने नियमों का पालन तो किया, पर मनुष्य को पूरी तरह नहीं समझा। अगले दिन उसने अपने निर्णय में संशोधन किया और सार्वजनिक रूप से कहा कि न्याय केवल दंड देने का नाम नहीं, बल्कि संदर्भ को समझने की जिम्मेदारी भी है।

**- देवेन्द्रराज सुथार**

प्रकृति-प्रेम...

# कोच्चि से तिरुवनंतपुरम तक प्रकृति और चिकित्सा का अनोखा संगम

**कमलेश अग्रवाल**

**के**रल यानी 'गॉड्स ओन कंट्री', जहां प्राकृतिक सौंदर्य, आयुर्वेद का प्राचीन ज्ञान, योग की शांति और प्राकृतिक चिकित्सा का अनोखा मेल है। कोच्चि से फोर्ट कोच्चि, अल्लेपी और तिरुवनंतपुरम तक हर कदम पर प्रकृति का आशीर्वाद, योग की ऊर्जा और आयुर्वेद परंपराएं साथ चलती हैं। इन परंपराओं से जुड़ने और जानने के लिए दुनियाभर के टूरिस्ट यहां आते हैं।

## कोच्चि से फोर्ट कोच्चि

**कोच्चि** केरल का व्यावसायिक केंद्र है। यहां की सुंदरता अरब सागर की लहरों और बैक वाटर्स में छिपी है। यहां के एनएबीएच प्रमाणित आयुर्वेद सेंटर मुख्य आकर्षण हैं, जहां पंचकर्म थैरेपी, जो शरीर से टॉक्सिन निकालती है। यहां का 'अभ्यंगम' यानी मसाज दुनियाभर के लोगों के बीच लोकप्रिय है। यह प्राकृतिक चिकित्सा का अनोखा रूप है, जिसमें केरल की जड़ी-बूटियां इस्तेमाल होती हैं। यहां से करीब 30 मिनट की दूरी पर फोर्ट कोच्चि है, जो पुर्तगाली, डच और ब्रिटिश प्रभाव से रंगा है। यहां के समुद्र तटों पर योग की शांति पसरी दिखाई देती है। इस शांति में यहां मिलने वाली प्राकृतिक थैरेपी प्रभावी हो जाती है। शाम को नीले पानी पर बोट राइड एक नए विस्तार पर ले जाता है। नारियल के पेड़ के झुरमुट और पक्षियों की चहचहाहट अनोखा सुख है।



यह यात्रा सिर्फ जगहों की नहीं, बल्कि आत्म-खोज की थी। ***केरल का प्राकृतिक सौंदर्य, बैकवाटर्स, बीच और हिल्स-योग के लिए परफेक्ट बैकड्रॉप हैं। हर जगह प्राकृतिक चिकित्सा का अनुभव आपको डिटॉक्स करता है।*** योग जहां मन को शांत करता है, वहीं केरल का प्राकृतिक सौंदर्य आत्मा को छू जाता है।

## बैकवाटर्स और आयुर्वेदिक रिट्रीट

**अल्लेपी** को हम केरल की बैकवाटर कैपिटल कह सकते हैं। जहां प्राकृतिक सौंदर्य, अंतहीन जलमार्ग, हरे-भरे धान के खेत और नारियल के घने जंगल हैं। यहां हाउसबोट या नाव और शिकारा से बैकवाटर्स पर घूमना, मछुआरों को जाल फेंकते देखना अलग जीवन से रूबरू होना है। समुद्र पर क्षितिज को ढूंढते पूरा दिन कब बीत जाएगा, आपको पता भी नहीं चलेगा। अल्लेपी के आयुर्वेद सेंटर विश्व प्रसिद्ध हैं। केरल की जड़ी-बूटियों से बने हर्बल तेल और औषधियों का यह बड़ा मार्केट है। शाम को अल्लेपी के तट से सूर्यास्त का नजारा देखा जा सकता है।

## दक्षिणी छोर पर शांति और आयुर्वेद

**तिरुवनंतपुरम,** केरल की राजधानी है। यहां का सौंदर्य कोवलम में भरा-पूरा नजर आता है। सुनहरी रेत, नीला समुद्र और पहाड़िया। कोवलम के आयुर्वेद रिसॉर्ट में देसी-विदेशी टूरिस्ट प्राचीन पद्धति का लाभ लेने आते हैं। माना जाता है कि यहां आयुर्वेद के तेलों का इस्तेमाल अपने शुद्ध रूप में होता है। यहां की प्राकृतिक चिकित्सा में समुद्री हवा और सूर्य की किरणें शामिल हैं, जो विटामिन डी की पूर्ति करते हुए मानसिक शांति देती हैं। त्रिवेंद्रम में पोन्मुडी हिल्स के जंगल और झरने, लंबी वॉक करने के लिए आदर्श हैं। यहां के आयुर्वेद एक्सपर्ट कई थैरेपी के साथ शरीर नहीं उसकी प्रवृति का इलाज कर, संतुलन को प्राथमिकता देते हैं।

विज्ञान-फर्स्ट

विज्ञान-दिवस
28 फरवरी विशेष

## अविष्कारों और विज्ञान में महिलाओं का ऐतिहासिक योगदान

# वैज्ञानिक चेतना से भरी स्त्रियों की दुनिया

**भा**रतीय सभ्यता के इतिहास पर दृष्टि डालें तो यह स्पष्ट होता है कि स्त्रियां केवल समाज की सहभागी ही नहीं, बल्कि उसकी सृजनकर्ता भी रही हैं। प्राचीन मानव समाज में जब पुरुष साधनों का संग्रह करता था, तब स्त्रियां उन साधनों के उपयोग, संरक्षण और रूपांतरण की जिम्मेदारी निभाती थीं। स्त्री अपने जैविक और मानसिक गुणों के कारण सदैव सृजन की प्रक्रिया से जुड़ी रहीं, चाहे वह भोजन का निर्माण हो, औषधियों की खोज हो या जीवन को व्यवस्थित करने की तकनीक। यही कारण है कि पाषाण काल से नवपाषाण काल की ओर बढ़ते हुए यह कल्पना करना कठिन नहीं कि बीज से आटा और आटे से रोटी बनाने की पहली तकनीक किसी स्त्री ने ही विकसित की होगी।

### गुमनामी में काम

घरेलू जीवन की जटिलताओं, संसाधनों की कमी और दैनिक चुनौतियों के बीच भारतीय महिलाओं ने सदियों से बिना पेटेंट और बिना श्रेय के 'जुगाड़ तकनीक' विकसित की। दुर्भाग्यवश, इन आविष्कारों का न तो दस्तावेजीकरण हुआ और न ही उन्हें वैज्ञानिक उपलब्धियों के रूप में मान्यता मिली। परिणामस्वरूप, अनेक भारतीय आविष्कारों पर या तो पुरुषों का नाम दर्ज हुआ या वे इतिहास में गुमनाम रह गए।





### मैत्रेयी से गार्गी तक...

**भारत** के प्राचीन वैदिक और उत्तर-वैदिक काल में महिलाओं को शिक्षा और बौद्धिक विमर्श का अधिकार प्राप्त था। घोषा, अपाला, मैत्रेयी और गार्गी जैसी विदुषी स्त्रियां उस युग की वैज्ञानिक और दार्शनिक चेतना का प्रतिनिधित्व करती हैं। गार्गी वाचक्नवी का उल्लेख बृहदारण्यक उपनिषद में मिलता है, जहां वे राजा जनक के यज्ञ में ऋषि याज्ञवल्क्य से ब्रह्मांड की उत्पत्ति, पदार्थ और चेतना पर गूढ़ प्रश्न करती हैं। यह पूरा संवाद दर्ज है, जो उस समय की वैज्ञानिक सोच और स्त्री की बौद्धिक स्वतंत्रता का प्रमाण है। वहीं मैत्रेयी ने आत्मा और ब्रह्म की प्रकृति पर गंभीर तर्क प्रस्तुत किए, जो आगे चलकर वेदांत दर्शन की आधारशिला बने। मैत्रेयी की जुगुप्शा ने तर्क आधारित प्रस्तुति को आधार दिया।

### आयुर्वेद की साथी

**लोपामुद्रा,** ऋषि अगस्त्य की पत्नी थीं। यह भी सर्वव्याप्त है कि वे आयुर्वेद और स्वास्थ्य विज्ञान में रुचि रखती थीं। उनके मंत्रों में औषधीय पौधों, संतुलित जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति चेतना की झलक मिलती है। जो आज के साइकोलॉजी अध्ययन के समान ही मानवीय मन के स्वास्थ्य की बात भी करती थी। वहीं अरुंधती को भारत में आज भी एक तारे के रूप में देखा जाता है, जो भारतीय संस्कृति में स्त्री की स्थिरता, ज्ञान और मार्गदर्शन का प्रतीक है। उन्होंने स्त्री जीवन में ज्ञान को जरूरी माना।

### ये नाम हैं दर्ज

1 आधुनिक भारत में महिलाओं ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। स्वतंत्रता से पूर्व भारत में विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में पहला नाम आनंदी बाई जोशी का आता है, जिन्होंने 1886 में अमरीका के फिलाडेल्फिया विवि से चिकित्सक की डिग्री हासिल की थी। जानकी अम्मल वनस्पति वैज्ञानिक थीं, उन्होंने भारतीय गन्ने की उन्नत प्रजातियां विकसित कीं। उनकी रिसर्च ने कृषि विज्ञान में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। कमला सोहनी भारतीय विज्ञान में पीएचडी प्राप्त करने वाली पहली महिला थीं। उन्होंने एंजाइम विज्ञान में महत्त्वपूर्ण कार्य किया व कृषि अनुसंधान को नई दिशा दी।

2 असीमा चटर्जी ने औषधीय रसायन विज्ञान में मलेरिया और मिर्गी की दवाओं पर शोध कर वैश्विक पहचान बनाई। राजेश्वरी चटर्जी ने माइक्रोवेव इंजीनियरिंग और रडार तकनीक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दिया। चिकित्सा विज्ञान में डॉ. इंदिरा हिंदुजा द्वारा भारत के पहले टेस्ट ट्यूब बेबी का सफल प्रयोग एक ऐतिहासिक उपलब्धि रही। अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में टेसी थॉमस, रितु करिधल और नंदिनी हरिनाथ जैसी वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया कि उच्च तकनीकी क्षेत्रों में भी महिलाएं नेतृत्व कर सकती हैं। गगनदीप कांग जैसी वैज्ञानिकों ने स्वदेशी वैक्सीन विकास में योगदान देकर सार्वजनिक स्वास्थ्य को सशक्त किया।

### नवाचार की लौ




**महाभारत** काल के बाद भारतीय समाज में स्त्री की स्थिति में क्रमिक गिरावट शुरू हुई। मध्यकाल तक शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सीमित होती चली गई। फिर भी विज्ञान पर काम जारी रहा। मुगलकाल में गुलबदन बेगम द्वारा गुलाब के इत्र का निर्माण तकनीकी और रसायन विज्ञान से जुड़ा एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण है। गणितज्ञ भास्कराचार्य की पुत्री लीलावती, जिनके नाम पर प्रसिद्ध गणित ग्रंथ लिखा गया, गणितीय सोच और शिक्षा में महिलाओं की उपस्थिति को दर्शाती हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि इस ग्रंथ की रचना में लीलावती की बौद्धिक भूमिका भी रही होगी।

### स्कूली पाठ्यक्रम में लैंगिक समानता

**आज** भारत में विज्ञान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। फिर भी विडंबना यह है कि हमारी स्कूली पाठ्यपुस्तकों और जनस्मृति में भारतीय महिला वैज्ञानिकों के नाम आज भी सीमित हैं। अधिकांश बच्चे विज्ञान में महिला योगदान के नाम पर केवल मैरी क्यूरी को जानते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि भारतीय महिला वैज्ञानिकों के योगदान को शिक्षा, मीडिया और सामाजिक विमर्श का हिस्सा बनाया जाए। जब तक गार्गी से लेकर टेसी थॉमस तक की यात्रा को व्यापक पहचान नहीं मिलेगी, तब तक विज्ञान में लैंगिक समानता अधूरी रहेगी। भारतीय महिलाओं ने हर युग में ज्ञान और नवाचार के माध्यम से समाज को दिशा दी है अब समय है कि समाज उन्हें वह स्थान दे, जिसकी वे सदियों से हकदार रही हैं।



**विनीता परमार**
पर्यावरणविद्
@patrika.com

आपके सवाल...

# परस्पर सहयोग और सम्मान की बात है...

**Q *मैं एमएससी बीएड कर भी कुछ कमा नहीं पाया। एक बच्ची का पिता हूं। अब घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।?*** *-एक पाठक*

***जीवन** की वास्तविकताएं, जब अपेक्षाओं से टकराती हैं, तो मानसिक संतुलन डगमगाने लगता है। लंबे समय तक आर्थिक असुरक्षा रहने पर दिमाग खतरे की स्थिति में काम करने लगता है। इससे आत्मविश्वास कम होना, असफल हूं जैसे विचार आना स्वाभाविक है। आप उच्च शिक्षित हैं। आजकल प्राइवेट स्कूल्स में भी अच्छा पैकेज मिलता है। उनके अनुसार कुछ कोर्सेज कर सकते हैं। अपनी इंग्लिश पर काम करें। साइंस में कोचिंग क्लासेज भी चला सकते हैं। इसमें भी अच्छा खासा पैकेज मिल रहा है।*

पत्रिका परिवार मंच

**Q *मेरे सेवानिवृत्त दादाजी अपनी पेंशन में से दादी को कुछ नहीं देते हैं। इससे घर में तनाव का माहौल रहता है।*** *-एक पाठक*

**सेवानिवृत्ति** के बाद कई बुजुर्गों में पहचान का संकट पैदा होता है। जो व्यक्ति जीवनभर कमाने वाला और निर्णय लेने वाला रहा हो, उसके लिए अचानक सक्रिय भूमिका से हट जाना भीतर असुरक्षा पैदा कर सकता है। ऐसे में पैसा उसके लिए नियंत्रण और महत्त्व का प्रतीक बन सकता है। कभी-कभी भविष्य की बीमारी का डर, आर्थिक असुरक्षा या दूसरों पर भरोसे की कमी व्यक्ति को अत्यधिक नियंत्रणकारी बना देती है। यह चिंता-प्रेरित प्रतिक्रिया होती है। यदि संभव हो तो परिवार का कोई सम्मानित सदस्य मध्यस्थता करे। दादाजी को समझाना जरूरी है कि दादी की भी अपनी जरूरतें हैं।




**Q *मैं सिंगल मदर हूं। बेटे की लव मैरिज के लिए तैयार थी। अचानक पता चला कि बेटे ने लड़की के बारे में मुझसे झूठ बोला था।*** *- एक पाठक*

**सच** छिपाया गया, तो भावनात्मक दूरी की आशंका उत्पन्न हो सकती है। आज की पीढ़ी साथी चुनते समय जाति से अधिक भावनात्मक सामंजस्य और व्यक्तिगत समझ को प्राथमिकता देती है, यह टकराव सामाजिक परिवर्तन का परिणाम है। सिंगल पेरेंट के रूप में बेटे के लव मैरिज का विचार दूरी का डर जगा सकता है। यदि लड़की शिक्षित है, परिवार को जोड़ने वाली सोच रखती है, तो डरना नहीं चाहिए। रिश्ते जाति से नहीं, आपसी सम्मान और समझ से चलते हैं।

**एक्सपर्ट: डॉ. रितु मीणा,** सहआचार्य, मनोचिकित्सा

**हमारे साथ साझा करें अपनी समस्याएं**

**परिवार** मंच के साथ अपनी दिनचर्या व रिलेशनशिप से जुड़ी समस्याएं साझा करने के लिए हमें parivar@epatrika.com पर ईमेल भेजें या फिर 9057531688 नं. पर हमें वॉट्सऐप मैसेज करें। आप चाहेंगे तो आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

सीखना-सिखाना...

# बिना गैजेट वाली छुट्टी

**स्मा**र्टफोन हाथ में है, तो बच्चों आप कुछ स्मार्ट काम कीजिए, जैसे- पढ़ाई में मदद लीजिए, इतिहास जानने का काम कीजिए और ये सब नहीं करना तो फोन रखिए और रात को सितारे गिनिए या दिन में पौधों को पानी दीजिए।



हालांकि अब बच्चों ने मोबाइल को अपना हर पल का साथी बना लिया है, जिसे उनकी लाइफस्टाइल से इसे दूर करना मुश्किल है, लेकिन सप्ताह में एक या दो दिन इससे दूर रहने की आदत डाली जा सकती है। इसका सीधा सा गणित यह है कि जब भी छुट्टी आए तो उस दिन मोबाइल से दूर रहें। चाहे वो रविवार हो या किसी त्योहार की छुट्टी। उस दिन न सिर्फ बच्चे, बल्कि बड़े भी मोबाइल छोड़ संवाद को अपनाएं। अपने बच्चों के साथ खेलें। ताकि मोबाइल आपके और बच्चों के बीच दूरी न बने।

चित्र देखो, कहानी लिखो-68



***आपकी** उम्र 7 से 13 साल है, तो दिए चित्र के आधार पर 200 से 250 शब्दों में कहानी हमें लिख भेजिए। टाइप की हुई कहानी 7 दिन के भीतर अपने नाम, उम्र और फोटो के साथ ईमेल या वॉट्सऐप करें। विजेताओं के नाम उनके फोटो के साथ प्रकाशित किए जाएंगे।*

parivar@epatrika.com 9057531688

*बहुत सारे बच्चों ने हमें कहानियां भेजीं। इनमें जो कहानियां सराहनीय रहीं, **उन्हें पढ़ने के लिए स्कैन करें...***

KIDS कॉर्नर

किड्स कॉर्नर चित्र देखो कहानी लिखो- 66

# बच्चों की लिखी रोचक कहानियां



*परिवार परिशिष्ट ( 11 फरवरी 2026) के पेज-4 पर किड्स कॉर्नर में चित्र देखो कहानी लिखो-66 में शानवी निलडिया, अनुश्री सिंह ठाकुर और विधि सिन्हा की कहानियां उत्कृष्ट रहीं। इनकी कहानियां यहां प्रकाशित की जा रही हैं...*

### अनोखी मित्रता

**री**ना और राजू अपनी सौतेली मां के कठोर व्यवहार से दुखी थे। एक दिन वह उन्हें घर से निकाल देती है। दोनों रोते हुए तालाब के किनारे बैठे थे कि अचानक एक जादुई मेंढक प्रकट हुआ। बच्चों की बात सुनकर उसने स्वादिष्ट भोजन और सुंदर खिलौने उनके सामने ला दिए। बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके बाद दोनों रोज तालाब पर आने लगे। जादुई मेंढक उनकी मदद करता और उन्हें खुश रखता। वो उनका सच्चा दोस्त बन गया।



**शानवी निलडिया**
उम्र 8 वर्ष

### खुशियों का संसार

**सु**बह की धूप में चमकते एक छोटे तालाब के किनारे एक नन्हा मेंढक धीमे-धीमे टर्र-टर्र कर रहा था। वहां से गुजर रहा एक लड़का रुका, उसे देखने लगा। थोड़ी देर बाद एक लड़की अपनी गुड़िया लेकर पहुंची और उसके आसपास रंग-बिरंगी तितलियां उड़ने लगीं। वह उन्हें पकड़ने की कोशिश करती, पर परेशान नहीं करती थी। यह देखकर लड़का मुस्कराया। मेंढक पानी में कूद गया और लहरें फैल गईं। बच्चों ने समझा कि असली खुशी प्रकृति में छुपी होती है।



**अनुश्री सिंह ठाकुर**
उम्र 11 वर्ष

### प्रकृति की सैर

**रा**जू और रिया रोज स्कूल से लौटकर मोबाइल पर गेम खेलने में लग जाते थे। एक दिन मोबाइल में मन न लगने पर दोनों बगीचे में टहलने के लिए निकल गए। वहां रिया ने एक सुंदर लाल-नारंगी तितली देखी, जो उसकी उंगली पर आकर धीरे से बैठ गई। राजू की नजर तालाब की ओर गई, जहां कमल के पत्ते पर एक शांत मेंढक आराम से बैठा था। प्रकृति की ताजी हवा, रंग और शांति ने दोनों के मन को बहुत खुश कर दिया। उसी पल उन्होंने तय किया कि अब वे मोबाइल कम देखेंगे और प्रकृति के बीच ज्यादा समय बिताएंगे।



**विधि सिन्हा,**
उम्र, 9 वर्ष

वर्ड पजल...




| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| o | r | h | a | x | m | z | t | c | n |
| h | k | e | v | d | r | a | r | g | k |
| m | q | l | u | m | o | w | u | i | m |
| e | l | i | d | y | c | q | c | e | y |
| x | p | c | n | w | k | i | k | h | g |
| t | r | o | l | l | e | y | b | u | s |
| r | b | p | x | g | t | p | j | a | h |
| a | h | t | n | f | z | g | c | x | i |
| i | f | e | b | a | l | l | o | n | p |
| n | t | r | o | s | m | e | p | o | z |

आपको मजेदार लगता है वर्ड पजल हल करना, तो इस पजल में लिखे इन वर्ड को 10 मिनट में ढूंढ कर दिखाइए। जो ढूंढ निकालेगा, वो जीनियस कहलाएगा।

**शॉर्ट रीड** 7 *वें स्थान पर है भारत, ग्लोबल वेलनेस टूरिज्म में। यहां साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा विदेशी वेलनेस टूरिज्म के लिए आते हैं।- एक अनुमान*

## प्रेरणा

खुद को आज एक लक्ष्य दीजिए... रोज किसी की मुस्कान का कारण बनिए। - रॉय टी. बेनेट

## संपादकीय

# हमारे सुरक्षा बलों को सतर्क रखेगा 'प्रहार'

सरकार की नई आतंकवाद-विरोधी नीति स्वागतयोग्य है। हालांकि इसके सात स्तम्भों में से एक भी ऐसा नहीं, जो पहले से ही इस दशकों पुराने खतरे से लड़ने के लिए सरकार की एजेंसियों के कर्तव्य में शामिल न रहा हो। लेकिन नक्सलवाद के खात्मे के बाद गृह मंत्रालय ने उचित ही यह सोचा है कि इन कर्तव्यों को एक लक्षित नारे के रूप में लाया जाए, ताकि सुरक्षा बल सतर्क रहें। अब आतंकवाद अपने मकसद के लिए डिजिटल हमले का भी सहारा लेने लगा है। केंद्र और राज्य की एजेंसियों ने हाल में पाया कि आतंकवादी संगठन रिक्रूटमेंट और इनडॉक्ट्रिनेशन (मत-रोपण) के लिए डिजिटल मोड का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन लक्षित देशों के डिजिटल गवर्नेंस को भी बर्बाद करने के मंसूबे बना रहे हैं। वित्तीय संस्थाएं/बैंकिंग/स्टॉक एक्सचेंज/एविएशन इनके सहज टारगेट्स बन सकते हैं। सरकार के लिए जरूरी था कि इस नए खतरे के मद्देनजर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहे। उधर चूंकि आतंकवादी संगठनों के क्रियाकलाप का आयाम वैश्विक हो चुका है, लिहाजा इससे लड़ने के लिए अन्य देशों से समझौते भी करने होंगे। हालांकि 'प्रहार' में आतंकवाद की परिभाषा नहीं दी है। नस्लीय भेदभाव (पूर्वोत्तर के लोगों के साथ शेष भारत में होने वाला), क्षेत्रीय टकराव (दक्षिण बनाम उत्तर भारतीय), धार्मिक आतंकवाद (हिन्दू-मुस्लिम), उप-धार्मिक आतंकवाद (शिया-सुन्नी), जातीय उग्रवाद (कुकी बनाम मैती) आदि को भी 'प्रहार' का हिस्सा बनाना होगा।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

# दु:ख की समझ का नाम ही दु:ख का मिटना है

दुनिया में हमारा इरादा कई चीजें कमाने का होता है। धन, पद, प्रतिष्ठा, सुख, परिवार- ये सब कमाई के हिस्से हैं। लेकिन दो और चीजें भी हमारी कमाई बन जाती हैं- सुख और दु:ख। सुख कमाना तो समझ में आता है पर लोग दु:ख भी कमाते हैं। न चाहते हुए भी कमाते हैं। फिर जब दु:ख जीवन में आ जाता है, तो उसको मिटाने के लिए बावले हो जाते हैं। देखिए, दु:ख बांट सकते हैं, दु:ख को मोड़ सकते हैं, पर दु:ख मिटता नहीं है। एक तो पक्का आएगा और आएगा तो मिटेगा नहीं। दु:ख की समझ का नाम ही दु:ख का मिटना है। दु:ख को समझें। दो ऐसे पात्र हैं, जिन्होंने सुख-दु:ख को स्वेच्छा से अपने जीवन में उतारा। केकैयी ने सुख पाने के लिए इतना बड़ा षड्यंत्र किया कि वही उसके लिए दु:ख बन गया। बीच में थी- मंथरा। एक हैं कुंती। कुंती ने कृष्ण जी से दु:ख ही मांगा था, लेकिन योग्य पुत्रों का इतना बड़ा सुख कृष्ण ने उनको दिया। तो हम जब भी सुख-दु:ख की तलाश में निकलें तो यह जरूर ध्यान रखें कि हमारे जीवन में मंथरा की भूमिका है या कृष्ण की।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## पाठकों के पत्र

### जनता के पैसों का दुरुपयोग चिंतनीय

देश में भ्रष्टाचार के चलते आए दिन निर्माणाधीन पुल गिर रहे हैं। नई बनी सड़कें चंद दिनों में ही उखड़ जाती हैं। ये लगातार चल रहा है और सरकार जांच के ऐलान कर जनता के आंसू पोछने कोशिश करती है। आमजन की मेहनत की कमाई के करोड़ों रुपए पानी में बह जाते हैं। वजह साफ है कि भ्रष्टाचार की जड़ें फैल चुकी हैं। जनता के पैसों का यह दुरुपयोग चिंतनीय है। -साजिद अली, इंदौर, मध्यप्रदेश

### परीक्षा की तैयारी में अखबार अहम

आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अधिकांश अभ्यर्थी अखबारों से दूर होते जा रहे हैं। वे सिर्फ हेडलाइनों और शॉर्ट वीडियो तक सीमित रहते है। सफल लोकसेवकों से पूछो तो वे अखबार पढ़ने की आदत को सफलता व ज्ञान के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। यह न केवल लिखित परीक्षा, बल्कि साक्षात्कार में भी अहम भूमिका निभाती है। पढ़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अखबार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। -राजवीर सिंह चौधरी, नागौर, राजस्थान

### रेवड़ी संस्कृति के बजाय रोजगार मिलें

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों को कहा कि रेवड़ी संस्कृति की जगह लोगों को रोजगार दिए जाएं। यह सच है कि रेवड़ी संस्कृति लोगों को निकम्मा और आलसी बना सकती है। जब गरीबों की योजनाओं का लाभ समृद्ध भी लेने लग जाएं और सरकार इसकी जांच भी न कराए तो अर्थव्यवस्था कमजोर ही होगी। पारदर्शिता न होने के कारण जरूरतमंदों को इन योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता है। -राजेश कुमार चौहान, जालंधर, पंजाब

### कचरा प्रबंधन में नियमों की सख्ती जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने सही चिंता जताई है कि ठोस कचरा प्रबंधन केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। नियमों के कमजोर अनुपालन, स्थानीय निकायों में जवाबदेही की कमी और अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज मिशन जैसी योजनाओं में खामियों के कारण समस्या बढ़ी है। समाधान के लिए सख्त नियम, जनजागरण, अधिकारियों की जवाबदेही और शहरी बुनियादी ढांचे पर निवेश अनिवार्य हैं। -सुनील कुमार महला, पिथौरागढ़, उत्तराखंड

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## क्या आप जानते हैं

# 40 साल टिकी थी दुनिया की सबसे पुरानी शांति संधि

दुनिया की सबसे पुरानी शांति संधि मिस्र और हित्ती (वर्तमान में तुर्किए) के बीच 1271 ईसा पूर्व में हुई थी। संधि पर मिस्र के फराओ रामसेस द्वितीय और हित्ती के राजा हट्टुसिलिस तृतीय ने हस्ताक्षर किए थे। गिनीज बुक में इसे सबसे पुरानी ज्ञात शांति संधि के तौर पर दर्ज किया गया है। मौजूदा सीरिया के कादेश क्षेत्र पर कब्जे के लिए दोनों सेनाओं के बीच करीब 15 वर्ष तक युद्ध चला, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल पाया। इसके बाद इस संधि पर हस्ताक्षर किए गए। संधि की एक प्रतिकृति संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आज भी मौजूद है।

**40** वर्षों तक यह संधि तब तक अस्तित्व में रही थी, जब तक कि हित्ती साम्राज्य का पूरी तरह पतन नहीं हो गया।

## बामुलाहिज़ा • अमेरिका हो या चीन, हर देश के लिए सम्प्रभुता का मतलब फैसले लेने की आजादी है

# हमारे लिए अपने हित सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं

**देश-दुनिया**



शेखर गुप्ता

एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'

X @ShekharGupta

'सम्प्रभुता' इस साल का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला शब्द बन सकता है। ट्रम्प ने इसे चलन में ला दिया है। वैश्वीकरण पर तीन दशकों से जो आम सहमति बनी हुई थी, उसे उन्होंने तोड़ दिया है। उस सहमति ने मित्र-देशों और सहयोगियों के साथ गठबंधन में अपनी सम्प्रभुता साझा करने के फायदे दिखाए थे। लेकिन ट्रम्प ने कनाडा से भारत तक हर देश को सम्प्रभुता का महत्व फिर से समझने पर मजबूर कर दिया है।

इसे आप हमारे औपनिवेशिक इतिहास से जोड़कर देख सकते हैं या पश्चिमी देशों (अमेरिका) के दबाव से भी जोड़ सकते हैं, क्योंकि पाकिस्तान उनका सहयोगी बन गया था। 1974 और 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षणों के बाद हम पर आर्थिक प्रतिबंध लगे और हमें टेक्नोलॉजी से वंचित किया गया। हमारे परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों पर 'रोक लगाओ, वापस लो और खत्म करो' वाले दौर में जो दबाव पड़ा, वह अमेरिका की ओर से ही था। सम्प्रभुता को लेकर भारत में जो व्यापक सोच थी, उसे अमेरिका-विरोध के रूप में देखा जाने लगा। इस अनुभव ने ऐसे राष्ट्रवाद को जन्म दिया, जो मजबूत भी था और अमेरिका के प्रति संदेह से भरा भी।

'विदेशी हाथ' को हमेशा अमेरिकी हाथ माना गया। उसके विरोधी, यानी सोवियत संघ और उसके साथी, भारत के स्वाभाविक दोस्त माने गए। लेकिन यह तब तक ही रहा, जब तक 1990-91 में सोवियत संघ खत्म नहीं हो गया। तब से भारत इस नई, एकध्रुवीय दुनिया में अपने लिए जगह बनाने में लगा है। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत धीरे-धीरे पश्चिम की ओर झुकता गया। भारत का हर नेता इस दुविधा का सामना करता रहा है कि शीतयुद्ध के बाद की दुनिया में बिना किसी एक खेमे में गए रिश्ते कैसे बनाए जाएं।

भारत का तनावग्रस्त पड़ोस उसके रणनीतिक विकल्पों को सीमित करता है। बड़े नजरिए से देखें तो भारत दोहरी मजबूरी में है। पाकिस्तान के साथ रिश्ता हमेशा तनाव में रहता है और चीन की ओर से हमेशा खतरा बना रहता है। ऐसे में आराम से सोचने का मौका नहीं मिलता, लेकिन अमेरिका चाहता है कि भारत एक साथ कई चुनौतियों को संभाले। जबकि भारत के लिए चीन-पाकिस्तान गठजोड़ ज्यादा बड़ी चुनौती है।

इसे दोहरी मजबूरी इसलिए कहा जाता है, क्योंकि भारत को अपनी सेना को हमेशा तैयार रखना पड़ता है। बहुत सारा सैन्य सामान रूस का बना हुआ है और इस निर्भरता से तुरंत छुटकारा नहीं मिल सकता। इसके अलावा भारत के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, जैसे परमाणु पनडुब्बी (एसएसएन) में रूस की बड़ी भूमिका है। दूसरी बात, दो मोर्चों से बचने के लिए भारत को चीन के साथ संबंध भी बनाए रखने पड़ते हैं, चाहे इसके लिए व्यापार में कुछ समझौते ही क्यों न करने पड़ें।

संबंध बनाए रखने का मतलब है कि भारत यूक्रेन के मुद्दे पर रूस के खिलाफ ज्यादा कड़ी बात नहीं कह सकता या ट्रम्प के इस दावे की खुलकर पुष्टि नहीं कर सकता कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। यह स्थिति जटिल है, क्योंकि यूक्रेन युद्ध से पहले जब यूरोप और अमेरिका चाहते थे कि भारत रूस से तेल खरीदे ताकि वैश्विक कीमत संतुलित रहे, तब भारत उससे बहुत कम तेल खरीदता था। उस समय यह बात भी नहीं कही जाती थी कि रूस का तेल भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए जरूरी है। लेकिन अब स्थिति उल्टी है और जनमत का दबाव है कि रूस से तेल खरीदना जारी रखा जाए और कहा जाए कि हम एक सम्प्रभु देश हैं।

भारत की पिछली सरकारों ने अमेरिकी दबाव को नजरअंदाज किया था और यह याद किया जाता है कि इंदिरा गांधी ने रिचर्ड निक्सन और हेनरी किसिंजर का डटकर सामना किया था। लेकिन यह पूरी सच्चाई नहीं है। दूसरी सच्चाई यह है कि इंदिरा दूसरे खेमे, यानी सोवियत संघ के करीब चली गई थीं। अपनी सरकार बचाने के लिए उन्हें कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन चाहिए था, इसलिए 1969 के बाद भारत का झुकाव सोवियत संघ की ओर बढ़ गया। 9 अगस्त 1971 को भारत सोवियत संघ का सहयोगी बन गया। यह बहुत मजबूत संधि नहीं थी, लेकिन इसमें पारस्परिक सुरक्षा की बात शामिल थी। इसका फायदा तब हुआ, जब अमेरिकी सातवां बेड़ा भारत पर दबाव डालने आया था। सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र में वीटो किया और भारत को सैन्य सामान जल्दी उपलब्ध कराया, जिसमें पोलैंड से आए टी-55 टैंक भी शामिल थे। उसी समय, अमेरिका का नया सहयोगी चीन पाकिस्तान को हथियार दे रहा था।



### विचारधारा और नैतिकता अब कम मायने रखती है

**कोई भी देश पूरी तरह सम्प्रभु नहीं होता। सभी अपने फैसले और समझौते करते हैं। आज दुनिया एक-दूसरे पर निर्भर है। दुनिया के तमाम देश अब नए गठबंधन बना रहे हैं और अपने हितों के अनुसार फैसले ले रहे हैं। विचारधारा और नैतिकता अब कम महत्वपूर्ण हो गई हैं।**

1971 की जीत ने इंदिरा गांधी और भारत दोनों की प्रतिष्ठा बढ़ाई और निक्सन सरकार को शर्मिंदा किया, लेकिन क्या इसका मतलब यह था कि भारत पूरी तरह सम्प्रभु हो गया था? नहीं। भारत को कई मामलों में सोवियत संघ का समर्थन करना पड़ा, जैसे कम्बोडिया और अफगानिस्तान के मुद्दे पर। अफगानिस्तान के कारण भारत के सामने नई रणनीतिक समस्याएं पैदा हुईं। इससे अमेरिका-पाकिस्तान संबंध मजबूत हुए, जिहादी संस्कृति बढ़ी और पाकिस्तान परमाणु शक्ति बना।

1969 से 1989 के बीच क्या भारत ने अपनी सम्प्रभुता से समझौता किया? जवाब है- नहीं। सम्प्रभुता कोई स्थायी मुहर नहीं होती। अमेरिका हो या चीन, हर देश के लिए सम्प्रभुता का मतलब अपने फैसले लेने की आजादी है। शीतयुद्ध में भारत ने सोवियत संघ के साथ संबंध बनाए। बाद में अमेरिका के साथ संबंध सुधरे, रूस के साथ संबंध बनाए रखे गए, चीन के साथ स्थिरता की कोशिश हुई और पाकिस्तान से निपटने की ताकत बढ़ाई गई। देखें तो कोई भी देश पूरी तरह सम्प्रभु नहीं होता। सभी अपने फैसले और समझौते करते हैं।

आज दुनिया एक-दूसरे पर निर्भर है, जहां सम्प्रभुता को लचीले तरीके से देखना पड़ता है। सभी देश नए गठबंधन बना रहे हैं और अपने हित के अनुसार फैसले ले रहे हैं। विचारधारा और नैतिकता अब कम महत्वपूर्ण हो गई हैं। एक बार मैंने माकपा नेता हरकिशन सिंह सुरजीत से पूछा कि आप उन सरकारों का समर्थन क्यों करते हैं, जो अमेरिका से संबंध सुधारती हैं। उन्होंने जवाब दिया : भारत को टेक्नोलॉजी चाहिए। पहले यह सोवियत संघ से मिलती थी, अब नहीं मिलती। इसलिए अब अमेरिका की जरूरत है। हमें अपने राष्ट्रीय हित के अनुसार काम करना चाहिए। सम्प्रभुता पर यह एक महत्वपूर्ण सबक है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

## दूरदृष्टि • दुनिया को मिलकर करना होगा सामना

# असमानता की 'महामारी' हमारी चुनौतियां बढ़ाती है

**पैंडेमिक**



जोसेफ स्टिगलिट्ज

अर्थशास्त्र के नोबेल विजेता

रोगों से लड़ने का विज्ञान मनुष्यता के इतिहास में कभी भी इतना सशक्त नहीं रहा था, जितना कि आज है। हमारे पास महामारियों का तत्काल पता लगाने, कुछ ही दिनों में रोगाणुओं की सीक्वेंसिंग करने और महीनों के भीतर नई वैक्सीनें विकसित कर लेने के साधन हैं। फिर भी हमने कोविड-19 की त्रासदी का सामना किया। 1 जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2021 के बीच यह महामारी अनुमानित रूप से 1.82 करोड़ लोगों की मौत का कारण बनी। वहीं अरबों लोगों पर इसकी आर्थिक मार पड़ी। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने पहले ही महामारी के प्रति चेतावनी दे दी थी और बराक ओबामा ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में महामारी-तत्परता कार्यालय भी स्थापित कर दिया था। किंतु उनके बाद राष्ट्रपति बनने वाले ट्रम्प ने उसे समाप्त कर दिया था।

एक बार फिर, सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी चेतावनी दे रहे हैं कि अगली महामारी को लेकर इकलौता सवाल यही है कि यह कब फैलेगी, यह नहीं कि यह फैलेगी या नहीं। लेकिन दुनिया इससे आंखें मूंदे हुए है। ग्लोबल काउंसिल ऑन इनइक्वैलिटी, एड्स एंड पैंडेमिक ने हाल ही में इस खतरे पर एक रिपोर्ट जारी की, जो जोहान्सबर्ग में स्वास्थ्य मंत्रियों की जी20 बैठक के साथ जारी की गई। कोविड-19, एड्स, इबोला और एमपॉक्स के साक्ष्यों का उपयोग करते हुए रिपोर्ट बताती है कि असमानता और उससे जुड़ी समस्याएं महामारियों के अंदेशे को और बढ़ाती हैं और उनके प्रभावों को गहरा करती हैं। वहीं महामारियां भी विषमता में अपना योगदान देती हैं और खासतौर पर निम्न-आय वर्गों पर विनाशकारी प्रभाव डालती हैं।

कोविड के मामले में, कम वेतन वाले अग्रिम पंक्ति के कर्मियों ने कहीं अधिक कष्ट झेला। उनमें बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने की दर अधिक रही, क्योंकि वे जूम-बैठकों के सहारे घर में नहीं रह सकते थे। और जब वे बीमार पड़े, तो उनके पास अपनी बचत खत्म कर देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

महामारियों का सवाल केवल मेडिकल प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं होता। हमें इनके सामाजिक-आर्थिक फैक्टर्स पर भी नजर डालनी होगी। भीड़भाड़ वाली परिस्थितियां, फ्रंटलाइन के व्यवसाय और गरीबी महामारी के प्रसार में योगदान करते हैं। कुपोषण और बुनियादी स्वास्थ्य स्थितियां भी। यही कारण है कि सार्वभौमिक हेल्थकेयर प्रणाली वाले देशों ने कोविड-19 संकट के दौरान उन देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया, जहां ऐसी व्यवस्था नहीं थी। ऐसी प्रणालियों के अभाव में आर्थिक विषमता, स्वास्थ्यगत विषमता में परिवर्तित हो जाती है।

कोविड-19 ने हमें यह भी बताया था कि जब दुनिया के किसी भी क्षेत्र को टीकों, उपचारों और सुरक्षात्मक उपकरणों तक पहुंच नहीं मिलती, तो बीमारी फैलती और म्यूटेट होती है, जिससे सभी के लिए नए खतरे उत्पन्न होते हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाओं द्वारा अपनाया गया 'मी-फर्स्ट' वाला सिद्धांत न केवल नैतिक रूप से घृणित था; बल्कि वह खुद उनके लिए नुकसानदेह सिद्ध हुआ था। महामारी के चरम पर अफ्रीका में निर्मित टीके भी यूरोप और अमेरिका भेज दिए गए थे, जबकि खुद अफ्रीकी आबादी उनसे वंचित रह गई थी।

**सार्वभौमिक हेल्थकेयर प्रणाली वाले देशों ने कोविड-19 संकट के दौरान उन देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया, जहां ऐसी व्यवस्था नहीं थी। ऐसी प्रणालियों के अभाव में आर्थिक विषमता, स्वास्थ्यगत विषमता में परिवर्तित हो जाती है।**

कोविड के दौरान, समृद्ध देशों ने संकट से निपटने के लिए अपनी विशालकाय जीडीपी का 8% व्यय किया था, जबकि निम्न-आय वाले देशों ने मात्र 2%। और अब, विकासशील देश 31 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं, जो कि दो दशकों से अधिक समय में सर्वाधिक स्तर है। अनेक निम्न-आय वाले देशों के पास एड्स जैसी वर्तमान महामारियों से निपटने के लिए भी संसाधन नहीं हैं, अगली महामारी की तैयारी तो दूर की बात है। यह स्पष्ट करता है कि किस प्रकार महामारियां देशों के बीच असमानता को भी गहरा कर सकती हैं।

(@प्रोजेक्ट सिंडिकेट)

## मुद्दा • जापान से सीखें कचरे का प्रबंधन कैसे करें

# स्कूल से ही कचरे से निपटने के सबक हमें सिखाने होंगे

**स्वच्छता**



नीरज कौशल

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर

nk464@columbia.edu

दिल्ली तीन पहाड़ियों से घिरी है। ये कोई साधारण पहाड़ियां नहीं हैं। ये कभी कचरा डम्प करने के लिए उपयोग किए जाने वाले लैंडफिल हुआ करते थे। अब कचरे के ये पहाड़ हर वर्ष और ऊंचे होते जा रहे हैं। आसपास रहने वाले लोगों के लिए ये गंभीर स्वास्थ्य जोखिम हैं। गाजीपुर लैंडफिल तो लगभग कुतुब मीनार जितना ऊंचा हो चुका है और 70 एकड़ में फैले कचरे के क्षेत्र पर स्थित है। भलसावा और ओखला के लैंडफिल इससे कुछ मीटर कम ऊंचे हैं, लेकिन गाजीपुर की तरह वे भी कचरे से लबालब भरे हैं, विषैली गैसें उत्सर्जित करते हैं और कम-से-कम 500 मीटर के दायरे में भूजल को प्रदूषित कर चुके हैं। विकसित बनने के अपने स्वप्न को साकार करते समय कचरा प्रबंधन भारत के समक्ष उपस्थित बड़ी चुनौतियों में से एक है।

कचरा एक वैश्विक समस्या है। पाठक यह जानकर आश्चर्यचकित होंगे कि प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन आर्थिक वृद्धि का एक सशक्त मापदंड है। यह उपभोक्ता क्रय-शक्ति और औद्योगिक गतिविधि का प्रतिनिधि इंडिकेटर है। कुछ शहर और देश अन्य की तुलना में कचरे का कहीं अधिक दक्षता से प्रबंधन करते हैं। रिसाइक्लिंग और पैकेजिंग की हमारी संस्कृति के कारण, भारत में प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन अनेक देशों की तुलना में कम है। फिर भी, दिल्ली की कचरा-पहाड़ियों से स्पष्ट है कि यदि प्रभावी प्रबंधन न हो तो कचरा जहरीले ढेर में परिवर्तित हो सकता है।

जिस प्रकार कचरा उत्पादन आर्थिक वृद्धि का माप है, उसी प्रकार कचरे का प्रभावी प्रबंधन विकास का माप है। यह मैंने हाल ही में जापान की अपनी यात्राओं के दौरान सीखा। जापान में संभवतः विश्व की सबसे व्यापक कचरा-संग्रह प्रणाली है। वहां का समाज तरह-तरह के रिसाइक्लेबल पदार्थों और बायो व नॉन बायो-डिग्रेडेबल कचरे को अलग-अलग करने को लेकर पूर्णतः शिक्षित है। टोक्यो के एक मैकडॉनल्ड्स में मैंने स्क्रीन के माध्यम से ऑर्डर दिया और भोजन तैयार होने पर उसे पिकअप किया। इस पूरी प्रक्रिया में मनुष्यों से बहुत कम संपर्क हुआ। किंतु ट्रे को डिस्पोज करते समय एक कर्मचारी उपस्थित था, जिसने ट्रे लेकर कचरे को सही डिब्बों में डाला। टोक्यो के अनेक फास्ट-फूड रेस्तरां में यही व्यवस्था देखने को मिली। शहर में कचरा-संग्रह के मानक इतने कठोर हैं कि ग्राहकों पर कचरे के निपटारे की जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती।

टोक्यो में मैं कई ब्लॉकों तक एक कागजी गिलास फेंकने के लिए कूड़ेदान तलाशती रही, पर सफल नहीं हुई। एक सेमिनार में मैंने छात्रों के एक समूह से पूछा : आप अपने कचरे का क्या करते हैं? एक ने उत्तर दिया, हमें बचपन से सिखाया गया है कि कचरा घर लेकर जाएं, बाहर न छोड़ें। दूसरे ने कहा, हममें से अधिकांश ऐसी वस्तुएं नहीं खरीदते, जो कचरा उत्पन्न करें और हम कचरा रखने के लिए एक छोटा थैला साथ रखते हैं।

भारत में कचरा निपटाने के मानक भिन्न हैं। कभी सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ेदान ढूंढना कठिन होता था; हम जहां मन हुआ, कचरा फेंक देते थे। अब कम-से-कम हवाई अड्डों और अस्पतालों में कूड़ेदान मिल जाते हैं, किंतु हम उन्हें खाली करना भूल जाते हैं।

**हम सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता के प्रति अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने का प्रयास किए बिना स्वच्छ राष्ट्र नहीं बन सकते। यदि कचरे के पहाड़ों को समतल करना है, तो हमें स्कूल से ही बच्चों को सबक सिखाने होंगे।**

बिहार के पूर्णिया में एक फील्ड-विजिट के दौरान तब मेरी निराशा का ठिकाना नहीं रहा, जब एक राहगीर ने मुझे बताया कि बिहार में कूड़ेदान नहीं हैं। सड़क किनारे कचरा छोड़ देना यहां स्वीकार्य है। जब मेरे सहयोगी ने कुछ स्कूली बच्चों से कहा कि वे अपनी चॉकलेट के रैपर कूड़ेदान में डालें तो एक समूह ने दोहराया, हमारे यहां कूड़ेदान नहीं हैं। हम सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता के प्रति अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने का प्रयास किए बिना स्वच्छ राष्ट्र नहीं बन सकते। यदि हम अपने कचरे के पहाड़ों को समतल करना चाहते हैं, तो हमें स्कूल से ही बच्चों को गार्बेज-डिस्पोजल पर सबक सिखाने होंगे।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## डिफ्रेंट एंगल • धीरज के साथ सबकुछ सीखने वाले बच्चे जीवन में भी रचने-मिटाने का पाठ सीखते हैं...

# इंटरनेट ने हमारी स्मृति छीनी थी, एआई कल्पनाशीलता न छीन ले

**नया दौर**



प्रियदर्शन

लेखक और पत्रकार

priyadarshan.parag@gmail.com

एआई को लेकर हमारा उत्साह कितना वैज्ञानिक है और कितना उपभोक्तावादी? क्या हम एआई से पैदा होने वाली वास्तविक सम्भावनाओं या चुनौतियों के प्रति सचेत हैं? या हम उसे बस इस्तेमाल में आने वाली ऐसी चीज समझ रहे हैं, जिससे हमारा बहुत सारा काम आसान हो जाएगा? या ऐसा खतरा जिससे कई नौकरियां चली जाएंगी? या जिससे नई तरह की नौकरियां पैदा होंगी?

दिल्ली में पिछले दिनों सम्पन्न हुई एआई समिट के दौरान जो चर्चा रही, उससे लगभग यही सारी बातें निकलकर आती रहीं। एआई हमारे लिए खेती आसान कर देगा, कारोबार आसान कर देगा, इलाज आसान कर देगा, कुछ नौकरियां खत्म करेगा तो नई नौकरियां पैदा करेगा। इस चर्चा में इस उपभोक्तावादी समझ के साथ यह ऐलान भी जुड़ा रहा कि भारत आने वाले वर्षों में एआई क्रांति के पीछे नहीं चलेगा, बल्कि उसको आकार देगा।

इसमें शक नहीं कि एआई बिल्कुल एक ऐसी क्रांति का आगाज है, जिसके वास्तविक परिणामों से हम अब तक अनजान हैं। जानकार इसे औद्योगिक क्रांति से बड़ी बता रहे हैं, जिसके बाद दुनिया बदल गई थी। युवल नोआ हरारी अपनी किताब 'नेक्सस' में इसके खतरों से आगाह कर चुके हैं। उनके मुताबिक एआई सूचनाओं का परमाणु बम साबित होगा। उससे बड़ी फिक्र यह है कि पहली बार मनुष्य सभ्यता के सामने एक ऐसी मशीन है, जो खुद फैसले कर सकती है। सैन्य उपक्रमों या एटमी अभियानों में इसका इस्तेमाल खतरनाक भी हो सकता है।

एआई की वजह से सूचनाओं को ग्रहण करने की हमारी क्षमता, संवेदना का वहन कर सकने का हमारा अभ्यास काफी कुछ बदल सकते हैं। कृत्रिम मेधा हमारे लिए कविता-उपन्यास भी लिख देगी और टीवी सीरियल भी बना देगी। इस लिहाज से इस नए प्रयोग के आगे हमें कुछ सतर्क-सावधान रहने की जरूरत है। लेकिन हमने माहौल कुछ ऐसा बना रखा है कि इस एआई क्रांति को हर जगह अमल में लाएंगे- शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या कोई दूसरा क्षेत्र। स्कूलों-कॉलेजों में पढ़ाई के लिए नए-नए एआई मॉडल पेश किए जा रहे हैं। लेकिन एआई बच्चों को पढ़ाएगा तो उनका स्वाभाविक विकास हो पाएगा?

स्लेट या कॉपी पर रेखाएं खींचने, आकार बनाने, अक्षर सीखने, वाक्य गढ़ने आदि की जो प्रक्रिया होती है, जिसमें अंगुलियों में फंसी पेंसिल या कलम सहायक होती है और जिसमें कई बार अपना लिखा-रचा मिटाने या काटने की जरूरत भी पड़ती है, वह वास्तविक शिक्षण है। यह शब्द ज्ञान भर नहीं है, या इतिहास-भूगोल, गणित-विज्ञान का ऐसा पाठ नहीं है, जो एआई पढ़ा दे और उसे लेकर बच्चे जीवन के मैदानों में उतर जाएं। कॉपी-पेंसिल-रबर से रगड़-रगड़ कर धीरज के साथ सबकुछ सीखने वाले बच्चे जीवन में भी रचने-मिटाने का पाठ सीखते हैं। लेकिन एआई के तराशे हुए ज्ञान से निकले बच्चे उतने ही यांत्रिक हो सकते हैं, जितने कृत्रिम मेधा के मॉडल।

बेशक, तकनीक से डरने की जरूरत नहीं है- यह इतिहास ने बताया है। मगर मेरी तरह के लोगों की फिक्र यह है कि इंटरनेट ने हमारी स्मृति छीन ली, एआई हमारी कल्पनाशीलता न छीन ले। अब हम कुछ भी याद नहीं रखते, सब नेट पर खोज लेते हैं- अपनों के नाम-पते-नम्बर और उनके घर तक ले जाने वाले रास्ते तक। तकनीक का अगला आक्रमण हमारी कल्पनाशीलता पर होना है, क्योंकि हम सारे चित्र, सारे नक्शे, सारी कलात्मक वस्तुएं एआई से बनवा लेने की कल्पना कर रहे हैं।

एआई का आगमन एक सच्चाई है। इस दुनिया में वैज्ञानिक ढंग से उतरेंगे तो वाकई एआई क्रांति को आकार देने में कुछ योगदान दे पाएंगे। लेकिन अगर कारोबारी या सजावटी-दिखावटी ढंग से सोचेंगे तो जगहंसाई ही करवाएंगे। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

**रिजल्ट एनालिसिस** विदेशी झटकों के सामने घरेलू खपत वाले सेक्टर अब भी मजबूत, दलाल स्ट्रीट में दस्तक देने के लिए उभर रही देश की नई आर्थिक शक्ति

# आईटी दबाव में... पर मेटल, पावर, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स शेयरों में जनवरी से 7% तक उछाल

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार में इन दिनों भारी गिरावट एक दिलचस्प तस्वीर पेश कर रही है। 2026 में अब तक सेंसेक्स 4% और निफ्टी 3.4% गिर चुका है। इस दौरान बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स भी करीब 5% टूटा है। मिडकैप में यह गिरावट 3% रही। लेकिन ये गिरावट मुख्य रूप से आईटी, टेक, रियल्टी और टेलीकॉम शेयरों तक सीमित है। बीएसई पर इन सेक्टरों के इंडेक्स 5-21% तक टूटे हैं। जबकि एक्सचेंज के कुल 23 में से 11 सेक्टरों के इंडेक्स में 7% तक उछाल आया है। मेटल, पावर, यूटिलिटीज और कैपिटल गुड्स सेक्टर इनमें शामिल हैं।

मंगलवार को सेंसेक्स में 1.3% गिरावट की घरेलू वजहें कम और बाहरी कारण ज्यादा थे। दरअसल, सोमवार रात को अमेरिकी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई थी। एसएंडपी 500 इंडेक्स और नैस्डैक करीब 1% गिरे थे। डाऊ जोन्स भी 821 अंक तक टूटा था। इसके दो बड़े कारण थे- ट्रंप का नया 15% टैरिफ और एआई के चलते गिरने वाले शेयर। मसलन एप्पलोविन 9% और क्रॉडस्ट्राइक 9.8% गिर गए थे। भारतीय बाजार में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति देखी गई।

## 2026: शेयर बाजार के आंकड़े दिखा रहे कि गिरते बाजार में भी घबराहट कुछ ही सेक्टर तक सीमित




### अस्तित्व का खतरा नहीं... एआई के लिए आईटी फर्म्स सर्विस प्रोवाइडर

**सनी अग्रवाल**, रिसर्च हेड, एसबीआई सिक्युरीटीज

*अमेरिका में आईबीएम जैसे बड़े शेयरों में गिरावट (जैसे हाल ही में 12-13% की गिरावट) आने पर भारतीय आईटी शेयरों में भी पैनिक सेलिंग देखी जा रही है। डर है एआई टूल्स आने से पारंपरिक आईटी सर्विसेज कंपनियों का काम कम हो जाएगा। भारतीय आईटी कंपनियों का 60-70% आय अमेरिका और बैंकिंग सेक्टर से आता है। बीते एक महीने में आईटी इंडेक्स 20% तक गिर चुका है, जो भविष्य में धीमी ग्रोथ की आशंका दर्शाता है। आईटी सेक्टर को लेकर डर सही नहीं है। ये सेक्टर खत्म नहीं होने वाला है। बड़ी कंपनियों में एआई टूल लागू करने के लिए भी सर्विस प्रोवाइडर (जैसे टीसीएस, इन्फोसिस) की जरूरत पड़ेगी। जिनके पास आईटी स्टॉक पहले से हैं, उन्हें इस समय बेचने की सलाह नहीं है, स्थिति उतनी खराब नहीं है जितनी दिख रही है।*

### एआई टूल्स टेस्टिंग मोड में, अपनाने में लगेगा समय, शेयर वापसी करेंगे

**समीर पराडिकर**, आईटी एनालिस्ट, एलारा कैपिटल

*आईटी सेक्टर पर एआई के असर को लेकर एक बात समझना जरूरी है। इनोवेशन एक चीज है, जबकि उनका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल दूसरी चीज है। जो कंपनियां अभी आईटी सर्विसेज इस्तेमाल करती हैं वे एआई टूल्स को पहले टेस्ट करेंगी। इन पर भरोसा होने में 2-3 साल लग सकते हैं। बैंकों को नई टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने में इससे भी ज्यादा समय लगता है। इसलिए भविष्य में एआई टूल्स की स्वीकार्यता और इस्तेमाल किस पैमाने पर होगा, ये तस्वीर साफ होने में कई साल लगेंगे। ऐसे में मुझे लगता है कि आईटी शेयरों में 10-15% और गिरावट आ सकती है। उसके बाद ये शेयर तगड़ी वापसी करेंगे। जरूरत बस इस बात की है कि निवेशक घबराकर बिकवाली करने के बजाय थोड़ा धैर्य रखें और बाजार के स्थिर होने का इंतजार करें।*

### अगले एक साल में 15 फीसदी तक रिकवरी कर सकते हैं आईटी शेयर

**जी. चोक्कालिंगम**, एमडी, इक्विनॉमिक्स

*आईटी शेयरों में अगले एक साल में 10-15% रिकवरी संभव है। लेकिन लंबे समय तक लगातार और सीधी रफ्तार से आय और मुनाफे की वृद्धि का दौर अब अधिकांश आईटी सर्विस कंपनियों के लिए खत्म होता दिख रहा है। एआई का खतरा वास्तविक है, हालांकि यह मुनाफे और आय को कितनी गहराई से प्रभावित करेगा, यह अभी साफ नहीं है। जो कंपनियां बड़े पैमाने पर एआई अपनाएंगी और तेजी से वैल्यू-ऐडेड आईटी सेवाओं में विविधता लाएंगी, वे असर कम कर सकती हैं। फिलहाल एआई से कमाई बहुत कम है। कंपनियों को चाहिए कि वे अपनी नकदी का इस्तेमाल नए डिजिटल बिजनेस में निवेश या अधिग्रहण के लिए करें। अभी वे इस नकदी का इस्तेमाल शेयर बायबैक में करते हैं, इन पैसों को एआई रिसर्च में लगाना होगा।*

# 100 अनलिस्टेड कंपनियों का लाभ 2 साल में 176% बढ़कर 28 लाख करोड़

भास्कर न्यूज | मुंबई

क्या भारत की अगली बड़ी विकास गाथा दलाल स्ट्रीट के बाहर लिखी जा रही है? जेएम फाइनेंशियल और हुरुन इंडिया की 'अनलिस्टेड जेम्स 2026' रिपोर्ट कुछ ऐसा ही संकेत देती है। रिपोर्ट में शामिल 100 निजी कंपनियों का कुल मूल्यांकन 28.5 लाख करोड़ रुपए है, जो फिनलैंड जैसे देश की जीडीपी को भी पीछे छोड़ देता है। इन कंपनियों की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इनका मुनाफा महज दो वर्षों में 176% की छलांग लगाकर 35,900 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। करीब 12 लाख कर्मचारी इनसे जुड़े हैं। इस सूची में वे अनलिस्टेड कंपनियां ली गई हैं, जिनका आय कम से कम 1000 करोड़ है। आईपीओ की घोषणा नहीं की है। हुरुन इंडिया के चीफ रिसर्चर अनस रहमान जुनैद ने कहा कि यह सूची एक समानांतर अर्थव्यवस्था को उजागर करती है। ये भारत के विकास की असल ताकत हैं। अब आईपीओ के दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं।

### ग्रोथ: सेमीकंडक्टर फर्म टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की आय में 3 साल में रिकॉर्ड 3,173% उछाल

- 5 साल पुरानी सेमीकंडक्टर कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने महज तीन वर्षों में 3,173% की आय सीएजीआर दर्ज की गई। 2025 में 66,601 करोड़ रुपए की आय हासिल की। इसी तरह, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने 4 वर्षों में 904% सीएजीआर के साथ 15,247 करोड़ की आय हासिल की।

### ये कंपनियां देश की असल ताकत क्यों?

- इन 100 में से 65 कंपनियों पर उनकी अपनी पूंजी की तुलना में कर्ज का बोझ बेहद कम है। जीरोधा ब्रोकिंग और इफ्को ई-बाजार जैसी कंपनियां पूरी तरह से कर्ज मुक्त हैं।
- पटना की देहात निवेश की गई पूंजी पर 71% की कमाई के साथ सबसे आगे है, जबकि देश की शीर्ष 50 कंपनियों (निफ्टी-50) का औसत मात्र 15-18% ही रहता है।
- इस सूची में 19 कंपनियों के सात कंज्यूमर गुड्स सेक्टर का दबदबा है। अन्य प्रमुख क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन (12 कंपनियां), फाइनेंशियल सर्विसेज (11), इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स (9) और हेल्थकेयर (9) हैं।
- सूची की 30% कंपनियों का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में है, जो हुरुन की किसी भी सूची में अब तक का सबसे बड़ा अनुपात है।

### आय के आधार पर 5 सबसे बड़ी अनलिस्टेड कंपनी, रिलायंस रिटेल अव्वल

| रैंक | कंपनी | आय 2025 | सालाना बदलाव (%) | उद्योग | मुख्यालय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिलायंस रिटेल | 2,71,227 | 5% | रिटेल | मुंबई |
| 2 | फ्लिपकार्ट | 83,105 | 17% | रिटेल | बेंगलुरु |
| 3 | मालाबार गोल्ड-डायमंड्स | 66,872 | 38% | कंज्यूमर गुड्स | कोझिकोड |
| 4 | टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स | 66,601 | 1652% | सेमीकंडक्टर | मुंबई |
| 5 | टाटा डिजिटल | 32,188 | 5% | रिटेल | मुंबई |

आय करोड़ रु. में | *स्रोत: हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट; जेएम फाइनेंशियल हुरुन इंडिया अनलिस्टेड जेम्स 2026

**बिजनेस ब्रीफ**

### गोल्ड बॉन्ड का मैच्योरिटी पूर्व रिडम्पशन 15 अप्रैल से

**मुंबई** | रिजर्व बैंक ने अप्रैल में 5 सोवरेन गोल्ड बॉन्ड ट्रेंच के लिए मैच्योरिटी से पहले रिडम्पशन का शेड्यूल घोषित किया है। 2018-19 सीरीज II (23 अप्रैल), 2019-20 सीरीज V (15 अप्रैल), सीरीज VI (30 अप्रैल), 2020-21 सीरीज I (28 अप्रैल) और सीरीज VII (20 अप्रैल)। इन्हें भुनाने के लिए मार्च-अप्रैल में तय विंडो में रिक्वेस्ट सबमिट करनी होगी।

### 2030 तक ई-कॉमर्स 18 लाख करोड़ रु. का होगा

**नई दिल्ली** | देश का ई-कॉमर्स सेक्टर का आकार 2030 तक दोगुना हो सकता है। मैकिंजी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 5 साल में यह सेक्टर करीब 18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है, जो 2024 में 7.3 लाख करोड़ रुपए का था। असल में टियर-2 और टियर-3 शहरों से ई-कॉमर्स की मांग बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक 14 करोड़ परिवार सालाना 9 लाख रुपए से अधिक कमाएंगे।

### आईओएस 26.4 का दूसरा डेवलपर बीटा वर्जन जारी

**सिएटल** | एपल ने मंगलवार को आईओएस 26.4 का दूसरा डेवलपर बीटा वर्जन जारी किया। यह अपडेट आरसीएस एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन टेस्टिंग को एपल और एंड्रॉयड डिवाइस के बीच विस्तारित करता है। नया एक्सेसिबिलिटी फीचर 'रिड्यूस हाइलाइटिंग इफेक्ट्स' जोड़ा गया है। यूआई ट्वीक्स जैसे डार्क मोड में कंट्रोल सेंटर पॉपअप, अकाउंट लेबल बदलाव और प्लेलिस्ट प्लेग्राउंड भी दिए गए हैं।

**माइक्रो फाइनेंस** • बड़े ग्राहकों तक सिमटा

# ₹30,000 तक के छोटे लोन में 35% की कमी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश का माइक्रो फाइनेंस सेक्टर धीरे-धीरे अपने मूल उद्देश्य से दूर जाता नजर आ रहा है। छोटे कर्ज घट रहे हैं, जबकि बड़े टिकट साइज वाले लोन तेजी से बढ़ रहे हैं। माइक्रो फाइनेंस कंपनियां अब नए और छोटे उधारकर्ताओं के बजाय पुराने ग्राहकों व बड़े लोन पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। क्रेडिट ब्यूरो क्रिफ हाई मार्क की माइक्रो फाइनेंस रिपोर्ट के मुताबिक, 50,000 रुपए से ऊपर के लोन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दूसरी तरफ इस बाजार में 50,000 रुपए से कम के लोन का हिस्सा तेजी से घट रही है। औसत लोन साइज भी एक साल में 52 हजार से 15.7% बढ़कर 60.2 हजार रुपए हो गया।

### एक साल में लोन की औसत साइज 15% से ज्यादा बढ़ी

| माइक्रो फाइनेंस | Q3-25 | Q3-26 |
|---|---|---|
| औसत लोन साइज | 52,000 | 60,200 |
| 30 हजार से कम | 5.9% | 3.6% |
| 50-80 हजार | 36.8% | 42.8% |
| 80 हजार से 1 लाख | 10.8% | 17.9% |



(स्रोत: क्रिफ हाई मार्क)

### रणनीति: पुराने ग्राहकों को ही नए लोन दिए जा रहे

रिपोर्ट के मुताबिक, कुल लोन वितरण का करीब 57% हिस्सा मौजूदा ग्राहकों को ही उनके अगले लोन चक्र में दिया गया। इससे संकेत मिलता है कि जोखिम कम करने के लिए नए ग्राहकों की बजाय पुराने उधारकर्ताओं को प्राथमिकता दे रही हैं।

### ग्रोथ: 50,000-80,000 रुपए के लोन 43% बढ़े

50 हजार से 80 हजार रुपए तक के लोन अब 42.8% हो गए हैं, जो एक साल पहले 36.8% थे। 80 हजार से 1 लाख रुपए के लोन की हिस्सेदारी 10.8% से बढ़कर 17.9% हो गई। 1 लाख से ज्यादा के लोन भी 7.5% से बढ़कर 11.4% हो गए। इसके उलट 30 हजार रुपए तक के लोन में सालाना 35% गिरावट देखी गई।

### असर: नए लोगों की पहुंच कम, एक्टिव लोन 23% घटे

क्रिफ के आंकड़े बताते हैं कि माइक्रो फाइनेंस कंपनियां अब कम ग्राहकों को ज्यादा रकम के कर्ज दे रही हैं। यही वजह है कि एक्टिव लोन की संख्या घट रही है, जबकि लोन का आकार बढ़ रहा है। 31 दिसंबर, 2025 तक एक साल में माइक्रो फाइनेंस सेक्टर में कुल एक्टिव लोन 23 फीसदी घट गए हैं। साफ है कि छोटे कर्ज तक नए उधारकर्ताओं की पहुंच कम हुई है। इसके चलते छोटे-मोटे स्वरोजगार के लिए पूंजी की दिक्कत हो गई है।

# कलर का जुनून: ब्रोंज और सफेद कलर थीम वाले इस जहाज की लागत 913 करोड़, किराया 51 लाख/व्यक्ति




**मॉस्को** | रूसी अरबपति ओलेग टिनकोव को ब्रोंज कलर इतना पसंद है कि उन्होंने अपनी 253 फीट लंबी सुपरयाट 'ला दाचा' को ब्रोंज और सफेद कलर थीम में नया लुक दे दिया। 913 करोड़ रुपए की यह याट बिना दोबारा सामान भरे समुद्र में 40 दिनों तक रह सकती है। इस पर दो हेलीकॉप्टर लैंड करने की सुविधा के अलावा जिम और तुर्की हमाम जैसी फैसिलिटीज भी हैं। यह सुपर याट किराये पर उपलब्ध है। प्रति व्यक्ति एक हफ्ते का किराया करीब 51 लाख रुपए है। इस याट पर अधिकतम 12 यात्री ठहर सकते हैं।

### चांदी के दाम ₹1,163 घटे, 6 दिन में ₹31,120 बढ़े थे

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

सराफा बाजारों में चांदी की कीमत लगातार 6 दिन बढ़ने के बाद मंगलवार को 1,163 रुपए प्रति किलो घट गई। चांदी की औसत कीमत 2.63 लाख रुपए रह गई। यह 17 फरवरी को चांदी 2.33 लाख रुपए थी। 23 फरवरी तक यह छह दिन में 31,120 रुपए बढ़कर 2,62,912 रुपए तक पहुंची थी। 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 1,021 रुपए बढ़कर 1.6 लाख रुपए और 22 कैरेट (जेवराती) की कीमत 935 रुपए बढ़कर 1.46 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई।

भारत में सेरेलैक से हटा चुकी अतिरिक्त चीनी

# चीनी विवाद: नेस्ले के 6 लाख करोड़ रु. के बिजनेस पर संकट

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

नेस्ले का 6.4 लाख करोड़ रुपए का वैश्विक शिशु पोषण (बेबी फूड) कारोबार दोहरे दबाव में है। कंपनी को उभरते बाजारों में अतिरिक्त चीनी मिलाने और ग्लोबल बैच रिकॉल के कारण जांच का सामना करना पड़ रहा है। इन घटनाओं ने कंपनी की सबसे संवेदनशील श्रेणी पर सवाल खड़े किए हैं। भारत सेरेलैक का प्रमुख बाजार होने के कारण इस चुनौती के केंद्र में है। हालांकि, ग्लोबल रिकॉल से भारत प्रभावित नहीं हुआ क्योंकि यहां के उत्पाद स्थानीय स्तर पर एफएसएसएआई मानकों के अनुसार बनते हैं। नेस्ले इंडिया ने जनवरी में इसकी पुष्टि की और कंपनी सेरेलैक के 14 वेरिएंट से अतिरिक्त चीनी हटा चुकी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि शिशु आहार वर्ग में भरोसे की कमी ब्रांड सेंटीमेंट प्रभावित कर सकती है।

### नेस्ले पर भेदभाव के आरोप के पीछे क्या तर्क हैं...

- आईबीएफएएन की जांच में दावा किया गया है कि था कि नेस्ले ने यूरोप में बिना चीनी के सेरेलैक बेचा, जबकि एशिया और अफ्रीका में चीनी वाला उत्पाद। इस भेदभावपूर्ण नीति के उजागर होने के बाद अब कंपनी पर दबाव बढ़ा है।
- यूरोप और विकसित देशों में शिशु आहार को लेकर कानून सख्त हैं। वहां 'जीरो एडेड शुगर' की नीति का कड़ाई से पालन होता है। इसके विपरीत, भारत, नाइजीरिया और फिलीपींस जैसे उभरते बाजारों में कानून थोड़े लचीले हैं।
- चीनी मिलाने से उत्पाद बच्चों के लिए स्वादिष्ट बन जाता है। इससे बच्चों को खास ब्रांड की आदत पड़ जाती है। प्राकृतिक अवयवों के मुकाबले चीनी सस्ता विकल्प है।

**रणनीति** • रेलवे, पावर और कोल सेक्टर की कंपनियों की होगी शेयर बाजार में लिस्टिंग

# आईपीओ से 2030 तक 1.8 लाख करोड़ जुटाएगा केंद्र

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

केंद्र ने 2030 तक आईपीओ के जरिये सरकारी कंपनियों में हिस्सेदारी बेचकर 1.79 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। नीति आयोग के मुताबिक यह कदम एसेट मोनेटाइजेशन के दूसरे चार वर्षीय प्लान का हिस्सा है। सरकार का मुख्य फोकस रेलवे, पावर, पेट्रोलियम, एविएशन और कोयला क्षेत्रों की कंपनियों के आईपीओ लाने पर रहेगा।

### लक्ष्य: रेलवे की 7 कंपनियों से आएंगे ₹83,700 करोड़

सरकार ने नए प्लान के तहत रेलवे क्षेत्र पर सबसे बड़ा दांव लगाने की योजना बनाई है। रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक सात रेलवे कंपनियों के आईपीओ से 83,700 करोड़ रुपए जुटाने का अनुमान है। इसमें से 17 हजार करोड़ रुपए 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026-27 में लिस्टिंग से जुटाई जाएगी।

### तैयारी: पावर, कोल इंडिया की सब्सिडियरी होंगी लिस्ट

चार वर्षों में पावर सेक्टर की सहायक कंपनियों को लिस्ट कर 31 हजार करोड़ जुटाने की योजना है। साथ ही कोल इंडिया की सब्सिडियरी, एनएलसी इंडिया के रिन्युएबल एनर्जी एसेट्स के आईपीओ से 48,300 करोड़ आएंगे। 2027-28 में गेल गैस की लिस्टिंग से 3,100 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे।

### विस्तार: हवाई अड्डों में हिस्सेदारी बेचेगा एएआई

विमानन क्षेत्र में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) अपनी एक सहायक कंपनी में हिस्सेदारी बेचेगा। इसके अलावा निजी भागीदारों के साथ संयुक्त उद्यम वाले चार हवाई अड्डों में भी सरकारी हिस्सेदारी बेची जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया सरकार के बजट घाटे को कम करने की व्यापक योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**बिजनेस एंकर** 'रिवर्स ऑक्शन' मॉडल से विमान मालिक खुद घटा रहे हैं दाम, छिपे खर्चों से छुटकारा

# प्राइवेट जेट... अब बिना ब्रोकर 30 सेकंड में बुकिंग करें

भास्कर न्यूज | लंदन / न्यूयॉर्क

प्राइवेट एविएशन यानी निजी विमानन का क्षेत्र अब डिजिटल क्रांति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जो काम पहले घंटों और दिनों की बातचीत के बाद होता था, वह अब स्मार्टफोन के एक क्लिक पर सिमट गया है। फ्लाईहाउस, जेटली और लेवो डॉट एयरो जैसे नए स्टार्टअप के साथ व्हील्स अप और एक्सओ जैसे पुराने खिलाड़ी ऐसे एप लेकर आए हैं, जो महज 30 सेकंड में प्राइवेट जेट बुक करने का वादा करते हैं। एविएशन एक्सपर्ट के मुताबिक पारंपरिक रूप से प्राइवेट जेट बुक करना एक सिरदर्द भरा काम रहा है। इसमें किसी ब्रोकर को कॉल करना, बजट पर चर्चा करना और फिर ब्रोकर द्वारा एयरक्राफ्ट मालिकों से संपर्क करने की लंबी प्रक्रिया होती थी। इसमें कई बार सही विमान ढूंढने में कई दिन तक लग जाते थे और कीमतें भी पारदर्शी नहीं होती थीं।

नए एप्स इस पूरी प्रक्रिया से 'मिडलमैन' यानी ब्रोकर को हटा रहे हैं। फ्लाईहाउस के फाउंडर सैनफोर्ड मिचेलमैन कहते हैं, 'अब कोई दूसरा मेरे लिए विमान नहीं चुन रहा है। मेरे पास रियल-टाइम में ढेरों विकल्प हैं और चूंकि ब्रोकर की फीस नहीं है, इसलिए कीमतें भी कम हैं।' कंपनी ने एक 'रिवर्स ऑक्शन' मॉडल पेश किया है, जहां विमान मालिक बिजनेस पाने के लिए अपनी कीमतें कम करते हैं, जिसे यूजर लाइव देख सकते हैं। डिजिटल क्रांति के बावजूद, कुछ विशेषज्ञ अब भी पुराने तरीके को बेहतर मानते हैं।' प्राइवेट जेट कार्ड कंपैरिजन के संपादक डग गोलन का कहना है कि एक अनुभवी ब्रोकर विमान की बारीकियों के बारे में एप से बेहतर जानकारी दे सकता है।

### बड़ी सुविधा... पूरी फ्लाइट नहीं, सिर्फ एक सीट भी बुक करने की आजादी

**फ्रेंडशेयर** | फ्लाई हाउस का नया फीचर यूजर्स को समान रुचि वाले लोगों के साथ मिलकर पूरी फ्लाइट के बजाय सिर्फ पसंद की सीटें बुक करने की सुविधा देता है।

**एक्सओ का नेटवर्क** | विस्टा ग्लोबल की यूनिट 2,000 से अधिक विमानों के डेटा और एल्गोरिदम का उपयोग करती है, जिससे वे 96% सटीक और गारंटीड कीमतें दे पाते हैं।



**हाइब्रिड मॉडल** | व्हील्स अप ने अपने एप में निजी जेट के साथ कमर्शियल उड़ानों को भी जोड़ दिया है, ताकि सदस्य अपनी जरूरत के हिसाब से यात्रा चुन सकें।

### बुकिंग से पहले एआई अब फ्यूल कैपेसिटी, एयरपोर्ट नियम जांच रहा

एलीवेट जेट जैसी कंपनियां बुकिंग प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। यह सिस्टम न केवल विमान बुक करता है, बल्कि यह भी जांचता है कि वह विमान उस खास रूट पर उड़ान भर सकता है या नहीं। इसमें ईंधन की क्षमता, क्रू की सीमा और एयरपोर्ट की पाबंदियों का रियल-टाइम डेटा विश्लेषण किया जाता है। कंपनी के सीईओ ग्रेग रैफ के मुताबिक, 'हम उन पेचीदगियों को पहले ही पकड़ लेते हैं जो अक्सर ब्रोकर छिपा जाते हैं।'

### जनवरी में क्रेडिट कार्ड खर्च 2.5 फीसदी घटा

भास्कर न्यूज | मुंबई

जनवरी में क्रेडिट कार्ड से खर्च 2.5% घटकर 2 लाख करोड़ रुपए रह गया, जो दिसंबर-2025 में 2.05 लाख करोड़ रुपए था। यह गिरावट त्योहारी सीजन के बाद सामान्य मानी जा रही है। साल-दर-साल आधार पर यह खर्च 8% से ज्यादा बढ़ा। बीते महीने कुल क्रेडिट कार्ड्स की संख्या बढ़कर 11.66 करोड़ हो गई, जो दिसंबर में 11.58 करोड़ थी। इस बीच पीओएस लेनदेन 3.17% घटकर 7.59 लाख करोड़ रुपए और ई-कॉमर्स लेनदेन 2.47% घटकर 12.30 लाख करोड़ रुपए के रहे। बीते महीने आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से खर्च 11.8% घटा और एचडीएफसी बैंक के मामले में यह गिरावट 1.25% रही। दूसरी तरफ एसबीआई कार्ड के क्रेडिट कार्ड से खर्च 3.13% बढ़ गया।

**क्रिप्टो** • 4 साल की बड़ी मासिक गिरावट

# बिटकॉइन फरवरी में 19% टूटा, साढ़े चार महीने में ही 50% ढहा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

करीब चार साल बाद बिटकॉइन सबसे खराब मासिक गिरावट की ओर बढ़ रहा है। फरवरी में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन 19% से ज्यादा टूट चुकी है। एशियाई कारोबार के दौरान इसकी कीमत 2.64% गिरकर 62,858 डॉलर पर आ गई। यह जून 2022 के बाद सबसे खराब मासिक प्रदर्शन है। मौजूदा गिरावट के बाद बिटकॉइन अपने 6 अक्टूबर 2025 के रिकॉर्ड हाई 1,26,272 डॉलर से करीब 50% नीचे ट्रेड कर रहा है। यह लगातार पांचवां महीना है जब इसमें गिरावट दर्ज हो रही है। 2018 के बाद यह गिरावट का सबसे लंबा सिलसिला है। बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। निवेशकों की चिंता गहराई है। ताजा कमजोरी की बड़ी वजह अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ के एक बड़े हिस्से को रद्द कर दिया। इसके जवाब में ट्रम्प ने वैकल्पिक कानूनी ढांचे के तहत 15% यूनिवर्सल टैरिफ का ऐलान किया। हालांकि मंगलवार आधी रात से केवल 10% शुल्क लागू हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि वॉशिंगटन के साथ हाल के व्यापार समझौतों पर फिर से बातचीत की कोशिश करने वाले देशों पर और अधिक शुल्क लगाया जा सकता है।

**कल्पमेधा**

*मेरे दोस्तों, किसी भी चीज को कुरूप मत कहो, सिवा उस भय के, जिसकी मारी कोई आत्मा स्वयं अपनी स्मृति से डरने लग सकती है।*

*- खलील जिब्रान*

# जोखिम की उड़ान

झारखंड में चतरा जिले के कर्माटाड जंगल में सोमवार शाम एक चार्टर्ड एअर एंबुलेंस के हादसे का शिकार होने और उसमें सभी सात लोगों की मौत ने एक बार फिर इस सवाल को गहरा किया है कि क्या दिनोंदिन विमान सेवाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। गौरतलब है कि एक मरीज और उनके परिजनों को दिल्ली ले जा रही एअर एंबुलेंस मौसम खराब होने की वजह से मार्ग बदलने की कोशिश कर रही थी। मगर थोड़ी देर बाद यह विमान रडार से गायब हो गया और कुछ समय बाद उसका मलबा घने जंगल में मिला। यह हादसा पिछले कुछ समय से लगातार सामने आ रही वैसी घटनाओं की एक कड़ी है, जिनसे विमान यात्रा के पूरी तरह सुरक्षित होने की धारणा कमजोर होती है। झारखंड में हुए हादसे के अगले ही दिन मंगलवार को दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारना पड़ा। इसके अलावा, सरकारी कंपनी पवन हंस के एक हेलिकाप्टर को अंडमान क्षेत्र में उड़ान के दौरान तकनीकी कारणों से समुद्र में आपात अवस्था में उतारना पड़ा। गनीमत रही कि इसमें सवार सभी सात लोगों को बचा लिया गया।

दो दिन के भीतर होने वाली ये घटनाएं बताती हैं कि हाल के वर्षों में यात्रा के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही विमान सेवा अब कई स्तर पर जोखिम से गुजर रही है। जबकि विमान यात्रा को कहीं आने-जाने का सबसे सुरक्षित जरिया माना जाता रहा है। आखिर क्या वजह है कि पिछले कुछ समय से लगातार विमानों के हादसे का शिकार होने से लेकर उड़ान के बाद तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है? विमान सेवाओं के मामले में एक आम स्थिति यह है कि समय-समय पर तकनीकी स्तर पर हर पहलू से उच्च स्तरीय जांच होती है और हर कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही उसे उड़ान के लिए तैयार माना जाता है। हर उड़ान के पहले सुरक्षा जांच की एक सघन प्रक्रिया पूरी की जाती है, ताकि बीच रास्ते में कोई अड़चन न आए। मगर हाल के समय में कई विमानों की उड़ान के बाद रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने पर वापस उतारने की घटनाएं यह बताती हैं कि या तो तकनीकी स्तर पर उसमें कोई खराबी थी या फिर सुरक्षा जांच में किसी स्तर पर कमी की गई।

इसी महीने के शुरू में सरकार ने लोकसभा में बताया था कि भारतीय विमान सेवा के जिन विमानों की तकनीकी जांच हुई, उनमें से लगभग आधे में बार-बार खराबी पाई गई। इस क्रम में पिछले वर्ष जनवरी से छह बड़ी एअरलाइंस के 754 विमानों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 377 में बार-बार खामी आने की बात सामने आई। सवाल है कि इन विमानों में जो गड़बड़ियां पाई गईं, वे कितनी संवेदनशील थीं और उनसे पैदा होने वाले जोखिम का स्तर क्या था। अगर किसी तकनीकी खामी को नजरअंदाज करके या उसे सुरक्षा से संबंधित नहीं मान कर उड़ान की इजाजत दी जाती है, तो अक्सर ऐसी घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं कि किसी तकनीकी खराबी की वजह से विमान को बीच सफर से आपात स्थिति में वापस उतारा गया? विमान यात्रा को सबसे सुरक्षित जरूर माना जाता है, लेकिन इसकी सुरक्षा से जुड़े हर पहलू बेहद संवेदनशील भी होते हैं। इसमें किसी भी स्तर पर अनदेखी, कोताही या खराबी की आशंका के बावजूद उड़ान की इजाजत देने के गंभीर और त्रासद नतीजे सामने आ सकते हैं।

# हिंसा का मानस

आधुनिक दौर में जीवन की आपाधापी के बीच हर जगह प्रतिस्पर्धा, निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत आजादी की चाह में पारिवारिक मूल्य का महत्त्व कम होता जा रहा है। बच्चों और अभिभावकों के बीच समझ एवं समन्वय तथा स्नेह और सम्मान की भावना से जुड़े धागे कमजोर पड़ने लगे हैं। कई बार तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि औलाद अपने माता-पिता को ही दुश्मन मान बैठती है और उनकी जान तक लेने को तैयार हो जाती है। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के आशियाना इलाके में एक ऐसी ही दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके शव को टुकड़ों में काटकर एक हिस्से को ड्रम में छिपा दिया। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, मगर सवाल है कि किसी सामान्य परिवार के बच्चे में इस तरह की आपराधिक मानसिकता आ कहां से रही है? क्या वजह है कि जिस समस्या को संवाद के जरिए आसानी से सुलझाया जा सकता है, वह इतनी जटिल हो जाती है कि संवेदनाएं सुन्न पड़ जाती हैं और आक्रामकता रिश्तों का भी खून कर देती है।

इसमें दोराय नहीं कि आज बच्चों की परवरिश पर परिवार के अलावा डिजिटल जगत का प्रभाव भी साफ देखा जा रहा है। स्मार्टफोन और इंटरनेट की सुलभ उपलब्धता से बच्चों की ऐसी सामग्री तक पहुंच आसान हो गई है, जो उनके कोमल मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि हिंसा और अपराध से जुड़ी सामग्री बार-बार देखने-सुनने से बच्चों में हिंसक प्रवृत्ति का बढ़ना स्वाभाविक है। लखनऊ में हुई वारदात में प्रारंभिक जांच-पड़ताल के आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी का पिता उसे मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने का दबाव बना रहा था। इसको लेकर कई बार पिता-पुत्र की आपस में बहसबाजी भी हुई थी। यह बात सही है कि माता-पिता को बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाना चाहिए, लेकिन वे अगर किसी बात पर जोर दे रहे हैं, तो उसके पीछे बच्चे की भलाई की इच्छा ही होती है। असहमति एक स्थिति हो सकती है, लेकिन देश और समाज को इस पर संजीदगी से विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के भीतर ऐसी प्रवृत्ति कहां से आ रही है कि वे संवाद करने के बजाय हिंसक हो रहे हैं।

# अंकों में सिमटी प्रतिभा की कसौटी

**हमारी शिक्षा संस्कृति में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आते ही अंकों के आधार पर बच्चों की क्षमता और पहचान तय कर दी जाती है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे बच्चों के मन में यह धारणा बना देती है कि उनका पूरा भविष्य कुछ अंकों पर टिका हुआ है।**

**शिवम भारद्वाज**



हर वर्ष फरवरी और मार्च का महीना आते ही देश के लाखों घरों में एक अलग-सी गंभीरता उतर आती है। पढ़ाई की मेज पर किताबों का ढेर बढ़ जाता है, दीवारों पर चिपके परीक्षा कार्यक्रम घर की दिनचर्या तय करने लगते हैं और बातचीत का केंद्र एक ही विषय रह जाता है- बोर्ड परीक्षा। दसवीं और बारहवीं की ये परीक्षाएं हर साल आती हैं, लेकिन इनके साथ जुड़ा तनाव और सामाजिक दबाव भी लगभग उतनी ही नियमितता से लौटता है। दरअसल, यह सिर्फ विद्यार्थियों की परीक्षा नहीं होती, यह परिवारों, विद्यालयों और पूरे सामाजिक परिवेश की मानसिकता की भी परीक्षा होती है।

हमारी शिक्षा संस्कृति में बोर्ड परीक्षाओं को एक निर्णायक मोड़ की तरह देखने की परंपरा रही है। परिणाम आते ही फीसद के आधार पर बच्चों की क्षमता और पहचान तय कर दी जाती है। कुछ अंक ऊपर-नीचे होते ही किसी को मेधावी, किसी को औसत और किसी को कमजोर मान लिया जाता है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे बच्चों के मन में यह धारणा बना देती है कि उनका पूरा भविष्य कुछ अंकों पर टिका हुआ है। यहीं से परीक्षा सीखने की स्वाभाविक प्रक्रिया न रहकर सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाती है।

किशोरावस्था का समय अपने आप में संवेदनशील होता है। यही वह दौर है, जब बच्चे अपनी क्षमताओं को पहचान रहे होते हैं और आत्मविश्वास विकसित कर रहे होते हैं। ऐसे समय में बोर्ड परीक्षा उनके सामने पहली बड़ी सार्वजनिक चुनौती बनकर आती है। परिणाम केवल परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रिश्तेदारों, पड़ोसियों और समाज की चर्चा का विषय बन जाता है। स्वाभाविक है कि ऐसी स्थिति में बच्चों के मन में चिंता और दबाव बढ़ता है, और कई बार यह दबाव पढ़ाई से अधिक उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है।

यहां एक बुनियादी सवाल यह है कि क्या कुछ घंटों की परीक्षा में मिले अंक किसी विद्यार्थी की पूरी योग्यता तय कर सकते हैं? शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक जुटाना नहीं, बल्कि समझ, कौशल और व्यक्तित्व का विकास करना है, लेकिन जब पूरी चर्चा अंकों तक सिमट जाती है, तो सीखने की प्रक्रिया पीछे छूट जाती है और प्रतिस्पर्धा आगे आ जाती है। नई शिक्षा नीति बहुआयामी मूल्यांकन, कौशल आधारित शिक्षा और सतत आकलन की बात करती है, लेकिन सामाजिक व्यवहार अब भी अंकों को ही अंतिम सत्य मानने का आदी है। यह विरोधाभास ही परीक्षा के आसपास अनावश्यक दबाव पैदा करता है।

परीक्षा के समय बच्चों पर इस दबाव का असर साफ दिखाई देता है। उनकी नींद कम हो जाती है, दिनचर्या असंतुलित हो जाती है और आत्मविश्वास की जगह चिंता ले लेती है। कई बार मेहनती छात्र भी परीक्षा कक्ष में अपने ही डर से हार जाते हैं। इस डर से किसी बच्चे का आत्महत्या कर लेना बेहद त्रासद है। यह स्थिति बताती है कि समस्या पढ़ाई की कमी नहीं, बल्कि दबाव की अधिकता है। जब मन आशंकाओं से भरा होता है, तो याद की हुई बातें भी स्पष्ट नहीं रह पातीं। इसीलिए तैयारी का अर्थ केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखना भी है।

परीक्षा की दृष्टि से ऐसे समय में बच्चों के लिए संतुलित तैयारी सबसे जरूरी होती है। नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, हल्की शारीरिक गतिविधि और समझ के साथ की गई पढ़ाई- ये सभी बातें उनकी क्षमता को बेहतर बनाती हैं। बिना रुके घंटों पढ़ना हमेशा बेहतर परिणाम नहीं देता, बल्कि संतुलित और समझ पर आधारित तैयारी ही आत्मविश्वास पैदा करती है। परीक्षा के दिनों में यह समझना जरूरी है कि शरीर और मन दोनों को साथ लेकर चलना ही असली तैयारी है। परीक्षा के नजदीक आने पर दबाव में आकर की गई पढ़ाई के नतीजे ज्यादा ठोस

परीक्षा की दृष्टि से ऐसे समय में बच्चों के लिए संतुलित तैयारी सबसे जरूरी होती है। नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, हल्की शारीरिक गतिविधि और समझ के साथ की गई पढ़ाई- ये सभी बातें उनकी क्षमता को बेहतर बनाती हैं। बिना रुके घंटों पढ़ना हमेशा बेहतर परिणाम नहीं देता, बल्कि संतुलित और समझ पर आधारित तैयारी ही आत्मविश्वास पैदा करती है। परीक्षा के नजदीक आने पर दबाव में आकर की गई पढ़ाई के नतीजे ज्यादा ठोस और सार्थक नहीं निकलते। इससे संभव है कि विद्यार्थी परीक्षा पास कर जाए, लेकिन ज्ञान और विवेक के स्तर पर जो मजबूती आनी चाहिए, वह नहीं आ पाती।

और सार्थक नहीं निकलते। इससे संभव है कि विद्यार्थी परीक्षा पास कर जाए, लेकिन ज्ञान और विवेक के स्तर पर जो मजबूती आनी चाहिए, वह नहीं आ पाती।

इस दौर में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाती है। अधिकांश माता-पिता बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन कई बार यही चिंता दबाव में बदल जाती है। तुलना, अपेक्षाओं की लगातार चर्चा या परिणाम को लेकर डराने वाली बातें बच्चों के मन में असुरक्षा पैदा करती हैं। इसके विपरीत, घर का शांत वातावरण, भरोसे से भरी बातचीत और नियमित दिनचर्या बच्चों को मानसिक स्थिरता देती है। जब बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनका मूल्य केवल अंकों से नहीं तय होगा, तो वे अधिक सहज होकर अपनी तैयारी पर ध्यान दे पाते हैं।

शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। स्कूलों की रैंकिंग, सबसे ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों की सूचियां और फीसद आधारित प्रतिष्ठा की होड़ कई बार बच्चों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा में धकेल देती है। शिक्षा का उद्देश्य जहां समझ और आलोचनात्मक विवेक विकसित करना होना चाहिए, वहां परिणाम संस्थानों की साख का पैमाना बन जाता है। अगर विद्यालय परीक्षा को सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा मानकर चलें और काउंसलिंग, संवाद तथा समय प्रबंधन पर ध्यान दें, तो दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे समय में शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाले व्यक्ति नहीं रहते, बल्कि विद्यार्थियों के मार्गदर्शक बन जाते हैं। एक शिक्षक का संतुलित व्यवहार, परीक्षा से पहले दिए गए व्यावहारिक सुझाव या एक भरोसा दिलाने वाला वाक्य- ये सब बच्चों के मनोबल को मजबूत करते हैं। कई विद्यार्थियों के लिए शिक्षक की एक सकारात्मक टिप्पणी ही परीक्षा के दबाव के बीच सहारा बन जाती है।

इस संबंध में समाज और मीडिया में जो उत्तेजना देखी जाती है, उसके मद्देनजर इनकी भूमिका पर भी विचार आवश्यक है। परिणाम आते ही सुर्खियां सबसे ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों के इर्द-गिर्द घूमने लगती हैं। यह प्रेरक हो सकता है, लेकिन जब पूरी चर्चा उसी तक सीमित रह जाती है, तो एक संदेश फैलता है कि सफलता का एक ही पैमाना है- अधिकतम अंक। यह दृष्टिकोण न तो वास्तविक है और न उपयोगी। जीवन के रास्ते केवल बोर्ड परीक्षा के परिणाम से तय नहीं होते। आज का शैक्षिक और व्यावसायिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक डिग्रियों के साथ-साथ कौशल आधारित शिक्षा, तकनीकी क्षेत्रों, रचनात्मक पेशों और उद्यमिता के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षा को जीवन का अंतिम निर्णय मान लेना यथार्थ से दूर की सोच है। अच्छे अंक अवसरों के दरवाजे खोलते हैं, लेकिन कम अंक जीवन के रास्ते बंद नहीं करते।

दरअसल, बोर्ड परीक्षा को एक ऐसे पड़ाव की तरह देखना चाहिए, जो बच्चों को अनुशासन, समय प्रबंधन और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना सिखाता है। यह जीवन की लंबी यात्रा का एक चरण है, मंजिल नहीं। जब समाज इस सरल सत्य को स्वीकार करेगा, तब परीक्षा के आसपास का दबाव कम होने लगेगा। इस पूरी प्रक्रिया में तीनों पक्ष- बच्चे, अभिभावक और शिक्षण संस्थान- एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। बच्चों को मेहनत और समझ के साथ तैयारी करनी है, अभिभावकों को भरोसे का वातावरण बनाना है और स्कूलों को मार्गदर्शक की भूमिका निभानी है। जब यह संतुलन बनता है, तभी परीक्षा एक स्वस्थ अनुभव बनती है। हर साल बोर्ड परीक्षाएं होंगी, परिणाम आएंगे और नई पीढ़ियां इस प्रक्रिया से गुजरती रहेंगी, लेकिन किसी भी शिक्षा व्यवस्था की सफलता अंकों की सूची से नहीं, बल्कि उन बच्चों के आत्मविश्वास से तय होती है, जो परीक्षा के बाद जीवन में आगे बढ़ते हैं। अगर परीक्षा उन्हें संतुलन, मेहनत और विश्वास सिखाती है, तो वही उसकी असली सार्थकता है। और अगर वह उन्हें डर, तुलना और असुरक्षा में उलझा देती है, तो समस्या अंकों में नहीं, हमारी सोच में है।

# दोहराव की दुनिया

**राकेश सोहम्**

**दुनिया मेरे आगे**

समय एक-सा नहीं रहता। बदलता रहता है। मान्यता है कि समय की स्लेट पर इतिहास लिखे जाते हैं। जीवन में लिखे का बड़ा महत्त्व होता है, क्योंकि लिखे को बदलना आसान नहीं होता। ऐसा कहा जाता है कि इतिहास अपने आपको दोहराता है। समय के चक्र में दोहराव चलता रहता है। यही दोहराव जब बार-बार होने लगे, तब नया रुक जाता है। नए की आवक अवरुद्ध हो जाती है और नए को नया मानना बेहद कठिन हो जाता है।

हमारे चारों ओर जो कुछ भी है, इसके विस्तार में जाएं, तो वह सब पुराना है। चिंतकों का तर्क है कि हम जो भी देख रहे हैं, सुन रहे हैं या बोल रहे हैं, वह सब पुराना है। नया कुछ भी नहीं। यहां तक कि व्यक्ति की सोच भी नई नहीं है। दरअसल, नई सोच का आना लगभग असंभव हो गया है। व्यक्ति जो भी सोच रहा होता है, वह महज दोहराव रह गया है। इसे यों भी कहा जा सकता है कि व्यक्ति की कुल सोच में दोहराव की मात्रा सबसे अधिक होती है। व्यक्ति बार-बार वही सोचता है जो उसने पूर्व में सुना या देखा होता है। बचपन से लेकर आज तक जो सीखा या सिखाया जाता है, उसी का दोहराव अंदर चलता रहता है। उठते-बैठते, सोते-जागते मन में विचारों के दोहराव का क्रमचय-संचय चलता रहता है। इनमें से कुछ विचारों के संचय को नई सोच का निर्धारण मान लिया जाता है।

फिर सवाल उठता है कि व्यक्ति के शैशव काल में जो सिखाया जाता है वह तो नया ही होता है! सच यह है कि बच्चों को सिखाने वाला भी वही सिखाता है, जो उसने पूर्व में सीखा हुआ होता है। धरती की उत्पत्ति के बाद से सोच का करोड़ों-करोड़ों बार दोहराव होता आया है। होता रहेगा। सोच और विचारों की पुनरुक्ति चाहे-अनचाहे होती रहती है। इसलिए आज के समय की विडंबना है कि नयापन रुक गया है। पुनरुक्ति से नयापन लगभग समाप्त हो रहा है। दृश्य और श्रव्य के इलेक्ट्रानिक साधन ये काम बखूबी कर रहे हैं। सोशल मीडिया दोहराव के मंच हैं। इसलिए दोहराव आसान है और नई सोच का निर्माण कठिन। जो दोहराव से बच गया, वह अमर हो सकता है। दुनिया में ऐसे लोग विरले हैं।

सोच और विचारों की पुनरुक्ति चाहे-अनचाहे होती रहती है। इसलिए आज की विडंबना है कि नयापन रुक गया है। पुनरुक्ति से नयापन लगभग समाप्त हो रहा है। दृश्य और श्रव्य के इलेक्ट्रानिक साधन ये काम बखूबी कर रहे हैं। सोशल मीडिया दोहराव के मंच हैं। इसलिए दोहराव आसान है और नई सोच का निर्माण कठिन।

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि जो हम सोच रहे होते हैं, वही दूर बैठा हमारा साथी भी सोच रहा होता है। जब हम यह बात अपने साथी को बताते हैं, तब वह आश्चर्य में पड़ जाता है। बोलता है कि वह भी तो वही सोच रहा था! ऐसे मामले हमारी दिनचर्या के हिस्से हैं। ऐसे मामलों में और गहराई से विचार किया जाए, तब कोई और भी कह सकता है कि ऐसा तो वह पहले ही सोच चुका है। दरअसल, यह दायरे में सोच और दोहराव का परिणाम है। आज यह अधिक हो रहा है। सोचने वालों की संख्या बढ़ गई है इसलिए दोहराव भी कई गुना ज्यादा बढ़ गया है।

विज्ञान मानता है कि आधुनिक विमानों का आविष्कार नई सोच के परिणाम हैं। आगे भी परिष्कृत निर्माण होते रहेंगे। विमान पायलट रहित हो जाएं इसकी प्रबल संभावना है। जैसे अंतरिक्ष यान पूरी तरह स्वचालित हैं। पौराणिक उल्लेख इस सोच के बरक्स दोहराव की दलील को मजबूत करते हैं। 'रामायण' में रावण के पुष्पक विमान का उल्लेख है। इसे क्या कहेंगे? पुष्पक विमान न केवल आसमान की ऊंचाइयों में उड़ता था, बल्कि व्यक्ति की सोच से उड़ता था। सबसे नई तकनीक से लैस आधुनिक टीवी का आविष्कार भी विज्ञान की नई सोच का सिर्फ उदाहरण है। महाभारत में युद्ध का आंखों देखा हाल सुनाए जाने का प्रसंग क्या था? इसे कल्पना और यथार्थ या फिर कल्पना से यथार्थ के सफर के तौर पर देखा जा सकता है।

इंटरनेट पर एक वेबसाइट पर हिंदी सहित तमाम दुनिया के संगीत पर पड़ताल जारी है। यहां यह जानकर अचंभित हो जाना पड़ता है कि जिन खूबसूरत फिल्मी गीतों को हम धरोहर मानते हैं, जिनकी मिठास हमें झंकृत कर जाती है और जिन गीतों को सुनकर हमें गर्व होता है, उनका संगीत दोहराव का परिणाम है। न केवल यह, बल्कि यह भी कि जिस संगीत को हम दोहराव मान रहे हैं, वह भी दोहराव का परिणाम है। फिर सवाल उठता है कि संगीत का मूल स्रोत कहां है? यह पड़ताल और भी गहराई में उतर सकती है। संगीत की किसी धुन की मौलिकता पर प्रश्न नहीं है, लेकिन दोहराव का प्रश्न कैसे उत्पन्न हुआ? क्या यह क्रमशः विस्तार है?

हाल ही में मोहनजोदाड़ो और हड़प्पा सभ्यता पर एक ताजा शोध पत्र जारी हुआ। शोध में यह जानने की कोशिश की गई है कि लगभग दस हजार साल पुरानी दुनिया की सबसे विकसित सभ्यता समाप्त कैसे हुई। कहां गए वे लोग, जिन्होंने इस विकसित सभ्यता का निर्माण किया? इस सभ्यता के अवशेष बताते हैं कि यहां अति-विकसित बहुमंजिला इमारतें हुआ करती थीं। मल निस्तारण के लिए फ्लश शौचालय बनाए जाते थे। सीवर लाइनें थीं। इस तरह से आज की अधुनातन ऊंची इमारतें, विकसित कालोनियां और फ्लश शौचालय उस सभ्यता का दोहराव मात्र नहीं हैं?

फिर सवाल उठता है कि सर्वथा नया कहां है? पुराने से मुक्ति का मार्ग क्या है? क्या दोहराव से बचा जा सकता है? सोच के दोहराव से बचने के लिए सोच को रोकना होगा। सोच के निर्वात में जो विचार पैदा होगा क्या वह नया होगा? क्या यह संभव है?

## मुश्किल होती जिंदगी

**चौपाल**

महंगाई देश के आम नागरिकों के लिए चिंता का विषय बन गई है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, फल-सब्जियां और रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि ने मध्यम और निम्न वर्ग की कमर तोड़ दी है। आमदनी सीमित है, लेकिन खर्चे लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई का सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है जिनकी आय स्थिर है। नौकरीपेशा लोगों की तनख्वाह उतनी तेजी से नहीं बढ़ती, जितनी तेजी से बाजार में चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। ऐसे में लोगों को अपनी जरूरतें कम करनी पड़ती है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर इसका प्रभाव दिखाई देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है। खेती की लागत बढ़ने से किसान परेशान हैं। वहीं शहरों में मकान का किराया और परिवहन खर्च बढ़ने से गुजर-बसर कठिन होता जा रहा है। आज महंगाई से हर आदमी त्रस्त है। यह सामाजिक असंतोष का कारण भी बन गई है । सरकार को चाहिए कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण रखें, रोजगार के अवसर बढ़ाए और गरीब तथा मध्य वर्ग को राहत देने वाली योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करे। इसके साथ ही जनता को भी बचत और संतुलित खर्च की आदत अपनानी चाहिए।

*- सावित्री शाह, सिंगरौली, मप*

## बदलाव के सपने

दिल्ली में हुए एआइ सम्मेलन ने भविष्य के स्वप्न से कहीं अधिक बदलाव लाने की क्षमता को रेखांकित किया। एआइ पहले से ही रोजगार का स्वरूप बदल रही है। भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा युवा आबादी है। इसमें 65 फीसद से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम उम्र की है, जो इस जनसांख्यिकीय शक्ति को आर्थिक रफ्तार के इंजन के तौर पर पेश करती है। भारत का उद्देश्य डिजिटल उपनिवेश बनने के बजाय एआइ को मानव-केंद्रित बनाना है। मगर इसके साथ ही कृत्रिम मेधा रोजगार के नए मौके के साथ-साथ डेटा सुरक्षा और मौजूदा नौकरियां जाने की गंभीर चुनौतियां भी लेकर आई है। भारत के सामने दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी एआइ महाशक्ति बनने का स्पष्ट लक्ष्य है। कोई दो मत नहीं कि एआइ सम्मेलन से भारत को वैश्विक भागीदारी के मामले में बड़ी बढ़त मिली है। यह हमारे देश को तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी बना सकती है।

*- युगल किशोर राही, छपरा, बिहार*

## कैंसर के पांव

'कैंसर के खतरे का फैलता दायरा' (लेख, 21 फरवरी) पढ़ा। कैंसर आज दुनिया की सबसे अधिक भयावह बीमारियों में से एक है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। हमारे यहां भी यह काफी तेजी से फैल रहा है। कई बार तो कैंसर का बहुत देर से पता चलता है। जल्दी पता चल जाए, तो काफी मामलों में इसका इलाज संभव है। हालांकि कुछ वर्ष पहले तक कैंसर को लाइलाज रोग माना जाता था, पर अब समय रहते अगर कैंसर की पहचान कर ली जाए, तो इसका उपचार किया जा सकता है। स्वस्थ जीवनशैली अपना कर इस बीमारी की संभावनाओं को काफी हद कम किया जा सकता है। मिलावटी खान-पान, बदलती दिनचर्या और धूम्रपान के साथ ही उत्पादकता बढ़ाने की अंधी दौड़ कैंसर के बड़े कारणों में शामिल है। बीमारी के बढ़ते आंकड़ों के साथ सरकारी चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने की भी जरूरत है, ताकि कैंसर पीड़ितों को सस्ता और अपने नजदीक इलाज मिल सके।

*- साजिद अली, चंदन नगर, इंदौर*

## खतरे में दिल

आजकल शादियों में या किसी कार्यक्रम में नाचने-गाने के दौरान अचानक किसी को दिल का दौरा पड़ जाता है। मौके पर ही तुरंत मृत्यु हो जाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। ऐसे में पल भर में खुशी का माहौल गम में बदल जाता है। आमतौर पर शादी वाले घर में उत्साह होता है। उत्सव में नाचने का मन होता है। मान-मनुहार कर लोगों को नचाया भी जाता है। मगर ऐसी घटनाएं लोगों के मन में डर पैदा करती है। सवाल है कि दिल का दौरा पड़ने की घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं। इसको लेकर कहीं कोई चिंता नहीं, कहीं कोई चिकित्सीय शोध नहीं। जो भी हो, हमें अपनी तरफ से कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। जैसे बैंड-बाजे, ढोल या डीजे की आवाज बहुत ज्यादा न हो। खुला वातावरण हो, जहां आक्सीजन की कमी न हो। यदि किसी को दिल से संबंधित बीमारी है, तो वह अपना ध्यान रखे।

*- विनय मोघे, पुणे, महाराष्ट्र*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## आइआइटी मद्रास के प्रोफेसर रविंद्रन एआइ पर संरा के स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल में शामिल

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास के प्रोफेसर बी रविंद्रन को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) पर संयुक्त राष्ट्र (संरा) के स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल में नियुक्त किया गया है। आइआइटी मद्रास ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। रविंद्रन मौजूदा समय में वाधवानी स्कूल आफ डेटा साइंस एंड एआइ के प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। वह आइआइटी मद्रास में सेंटर फार रिस्पान्सिबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (सीईआरएआइ) के संस्थापक प्रमुख भी हैं। अगस्त 2025 में पारित संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के तहत स्थापित स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल एआइ पर एक वैश्विक वैज्ञानिक निकाय के रूप में काम करता है, जो विविध क्षेत्रों और विषयों के अग्रणी विशेषज्ञों को एक साथ लाकर यह आकलन करता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता दुनियाभर में जीवन और समाजों को कैसे बदल रही है। आइआइटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने रविंद्रन की नियुक्ति पर खुशी जाहिर की।

# जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व में मिला दुर्लभ प्रजाति का उल्लू

सुनील दत्त पांडेय

उत्तराखंड स्थित जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकाला क्षेत्र में दुर्लभ प्रजाति का उल्लू देखा गया है। इससे पक्षी प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पक्षी प्रेमी अब तक यह मान चुके थे कि यह दुर्लभ प्रजाति का उल्लू क्षेत्र से गायब हो गया है परंतु अचानक इसके मिलने से उनमें यह आशा जगी है कि यह फिर से जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व की शान को बढ़ाएगा। इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए पार्क प्रशासन, पक्षी प्रेमी और विज्ञानी सामूहिक रूप से विभिन्न प्रयासों में जुड़ गए हैं।

जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व के रामनगर वन प्रभाग के सीतावनी और रिगोड़ा क्षेत्रों में दुर्गा प्रजाति का उल्लू दिखाई दिया है। जिसका अंग्रेजी नाम स्पाट -लीड इंगल-आउल है। इस दुर्लभ प्रजाति के उल्लू के मिलने से वन्यजीव प्रेमी काफी खुश नजर आए हैं। इस दुर्लभ प्रजाति के उल्लू को अपने कमरे में कैद वन्यजीव प्रेमी दीप रजवार ने किया है। उनका कहना है कि यह उनके जीवन में सबसे ज्यादा खुशी के पल है, जब उन्होंने जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व के एक दुर्लभ स्थान पर दुर्लभ प्रजाति के उल्लू को अपने कैमरे में कैद किया। रजवार बताते हैं कि इस दुर्लभ प्रजाति के उल्लू को स्थानीय भाषा में 'जंगल का भूत' भी कहा जाता है। क्योंकि इसकी चमकती नारंगी आंखें और रात के सन्नाटे को चीरती इसकी डरावनी आवाज हर किसी को डराती है, इसलिए उसे जंगल की चुड़ैल या जंगल का भूत कहा जाता है।

करीब 20 से 25 इंच लंबा और लगभग दो किलोग्राम वजनी यह शक्तिशाली शिकारी उल्लू भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के घने जंगलों में पाया जाता है। दीप रजवार के मुताबिक, स्पाट बेलीड इंगल-आउल जंगल की खाक छानने के बाद ही देखने को मिलता है। क्योंकि उल्लू प्रजाति का यह अत्यंत दुर्लभ जीव है। इस दुर्लभ प्रजाति के पक्षी उल्लू को जंगल में रात का राजा कहा जाता है। यह पक्षी रातभर जंगल में दौड़ भरता है और सुबह होने पर दिन में जंगल में घने पेड़ों की आड़ में शांत भाव में बैठा रहता है और छिप जाता है। रात शुरू होते ही यह अपने शिकार की खोज में निकल जाता है। यह मांसाहारी होता है और इसके आहार में मोर, खरगोश के बच्चे, छिपकलियां और अन्य छोटे जीव शामिल हैं। वन्यजीव प्रेमी संजय छिम्वाल का कहना है कि अंधविश्वास और लोककथाओं के पीछे असल में इसी उल्लू का जिक्र होता है। उन्होंने बताया कि स्पाट-बेलीड इंगल-आउल ही रात को महिलाओं के रोने जैसी आवाज निकालता हैं, जिसे लोग चुड़ैल की आवाज समझते है और डर से घरों से बाहर भी नहीं निकलते थे। दुर्लभ प्रजाति के उल्लू पक्षी को जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व में तीन अलग-अलग स्थानों पर कैमरे में कैद किया गया है। जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व में पहली बार ढिकाला क्षेत्र में, दूसरी बार सीतावनी में और हाल ही में रिंगोड़ा क्षेत्र मे इस दुर्लभ प्रजाति के उल्लू पक्षी को देखा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के वन्य जीव पक्षी विज्ञानी दिनेश चंद्र भट्ट मानते हैं कि स्पाट बेलीड इंगल-आउल का जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र में दिखना समृद्ध जैव विविधता का का परिचायक है। दुर्लभ प्रजाति के इस उल्लू स्पाट-बेलीड ईगल-आउल की आवाज वास्तव में रहस्यमयी और प्राकृतिक है। रामनगर वनप्रभाग के वरिष्ठ अधिकारी अंकित बडोला ने बताया कि हम लोगों को पक्षी प्रेमियों की वजह से जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र के सीतावनी क्षेत्र में इस दुर्लभ प्रजाति के उल्लू के रहने और खाने-पीने के स्थान के बारे में जानकारी मिली थी। स्थानीय लोग इसकी आवाज को सुनना अपशगुन मानते हैं। इसे स्थानीय लोग चित्तीदार उल्लू पक्षी भी कहते हैं।



**जिम** कार्बेट टाइगर रिजर्व के रामनगर वन प्रभाग के सीतावनी और रिगोड़ा क्षेत्रों में दुर्गा प्रजाति का उल्लू दिखाई दिया है। जिसका अंग्रेजी नाम स्पाट -लीड इंगल-आउल है। इस दुर्लभ प्रजाति के उल्लू के मिलने से वन्यजीव प्रेमी काफी खुश नजर आए हैं।

**करीब** 20 से 25 इंच लंबा और लगभग दो किलोग्राम वजनी यह शक्तिशाली शिकारी उल्लू भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के घने जंगलों में पाया जाता है।

**इस** दुर्लभ प्रजाति के पक्षी उल्लू को जंगल में रात का राजा कहा जाता है। यह पक्षी रातभर जंगल में दौड़ भरता है और सुबह होने पर दिन में जंगल में घने पेड़ों की आड़ में शांत भाव में बैठा रहता है और छिप जाता है। रात शुरू होते ही यह अपने शिकार की खोज में निकल जाता है।

खुशी

# सड़क दुर्घटना में सबसे अधिक शिकार हो रहे राहगीर

पंकज रोहिला

देश में सड़कों पर सबसे ज्यादा दुपहिया वाहन चालक और राहगीर सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। शुरुआती नकदी रहित उपचार योजना (कैशलेस) के तहत दी गई स्वास्थ्य सेवाओं के आंकड़ों से यह रपट सामने आई है। यह रपट केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन चालकों की दी गई आपात सेवाओं के आधार पर तैयार की है। रपट में बताया है कि शुरुआती योजना को 6 राज्यों व संघ शासित प्रदेशों में शुरू किया गया था। इसके तहत कुल 6833 उपचार के अनुरोध आए थे, जिसमें से 5480 पीड़ित ही पात्र पाए गए थे।

रपट में ही बीते पांच सालों में हुए हादसों की श्रेणियां दर्ज की गई है। इन श्रेणियों में सबसे अधिक हादसे दुपहिया वाहन चालक और पैदल यात्रियों के साथ सड़क मार्ग पर हुए हैं और बीते पांच साल के अंदर दोनों ही श्रेणी में हर साल इस संख्या में बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। वर्ष 2024 के वर्ष में कुल 94780 यात्री सड़क हादसे के शिकार हुए थे, जबकि वर्ष 2023 में ऐसे यात्रियों की संख्या 94446 दर्ज की गई थी। इसी प्रकार सड़कों पर दुपहिया चालक वर्ष 2024 में 223446 थे, जो कि वर्ष 2023 में 231160 दर्ज किए गए थे। जो कि सड़क दुर्घटना के मामलों में बढ़ोतरी के स्पष्ट संकेत है। इन दोनों श्रेणी के बाद सबसे अधिक हादसे कार- टैक्सी जैसे हलके वाहनों के साथ दर्ज किए गए है। योजना का शुरुआती चरण चंडीगढ़, असम, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा और पुडुचेरी में किया गया था। योजना के तहत किसी भी सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्रत्येक पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तारीख से सात दिन तक उपचार दिया जा सकेगा। इन सात दिन में पीड़ित के लिए डेढ़ लाख रुपए तक की नकदी रहित उपचार सेवा दी जाएगी। जीवन को खतरे में नहीं डालने वाले मामले में अधिकतम 24 घंटे और जीवन के लिए घातक मामलों में 48 घंटे तक मरीज के स्थिर होने तक उपचार दिया जाएगा। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के मुताबिक चोटों और मौतों के मामले पर चिंता को कम करने के लिए हादसों का एकीकृत डेटा बेस तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पीएम गतिशक्ति योजना में एकीकरण योजना और डिजाइन चरण में संभावित क्षेत्रों को चिह्नित कर रही है।

रपट

## सरकार ने 2020 से लेकर 2024 तक के आंकड़े जारी किए



**नकदी** रहित उपचार योजना (कैशलेस) के तहत दी गई स्वास्थ्य सेवाओं के आंकड़ों से यह रपट सामने आई है। यह रपट केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन चालकों की दी गई आपात सेवाओं के आधार पर तैयार की है।

**रपट** में बताया है कि शुरुआती योजना को 6 राज्यों व संघ शासित प्रदेशों में शुरू किया गया था। इसके तहत कुल 6833 उपचार के अनुरोध आए थे, जिसमें से 5480 पीड़ित ही पात्र पाए गए थे।

### किस वर्ष में कितनी शिकायत

| वर्ष | सड़क दुर्घटना |
|---|---|
| 2020 | 372181 |
| 2021 | 412432 |
| 2022 | 461312 |
| 2023 | 480583 |
| 2024 | 487707 |

### ये है जरूरी प्रावधान

**नेक** व्यक्ति योजना के तहत पुरस्कार राशि को 25 हजार किया गया

**चोट** की स्थिति में 12500 की जगह 50 हजार रुपए और मृत्यु की स्थिति में 25 हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपए तक।

# कृत्रिम मेधा के जरिए कृषि क्षेत्र में आएगा बदलाव, बढ़ेगी पैदावार

सर्वेश कुमार

खेती के लिए सटीक मौसम पूर्वानुमान, अत्याधुनिक मशीनों के साथ कृत्रिम मेधा (एआइ) की मदद से कृषि क्षेत्र में बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। बिजाई, कटाई, सिंचाई, उर्वरकों और कीटनाशकों का छिड़काव, अब कृषि क्षेत्र में ज्यादातर कार्यों को पूरा करने के लिए कृत्रिम मेधा एक बेहतरीन विकल्प के तौर पर उभरा है।

अचानक मौसम में होने वाले बदलाव, सिंचाई, बिजाइ, बुवाइ, कीट नियंत्रण या उर्वरकों के छिड़काव समेत खेती के लिए जरूरी तमाम विकल्पों में सहूलियतें बढ़ने से कम समय में उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी। हालांकि, विशेषज्ञों की चिंता है कि किसानों को इसका पूरा फायदा मिले, इसके लिए उन्हें जागरूक और प्रशिक्षित करना बेहद जरूरी है। सीमांत किसानों तक एआइ का फायदा पहुंचने में अभी वक्त लग सकता है। कृत्रिम मेधा की मदद से मौसम के पूर्वानुमान का किसानों को वास्तविक स्थिति का पता लगने से नुकसान की आशंका काफी कम हो जाती है। हालांकि, कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के लिए मशीनों और उपकरणों पर होने वाला खर्च छोटे किसानों के लिए आसान नहीं है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, क्षेत्रीय स्टेशन(रामपुर प्लांडू, झारखंड) के प्रमुख अवनि कुमार सिंह के मुताबिक, कृत्रिम मेधा की मदद से कृषि में अपनाई जाने वाली मशीनों से खेती में बारिश, सूखा, कीट से बचाव और सिंचाई के लिए काफी कारगर है। मौसम केंद्रों से सटीक जानकारी मिलने सक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने में किसानों को काफी मदद मिलती है। सेंसर के जरिए फसल में रोग, चक्रवात या बारिश से नुकसान और फसलें की कटाई के दौरान नुकसान की आशंका नगण्य रहती है।

कृत्रिम मेधा आधारित मशीनें जलवायु के प्रति संवेदनशील हैं और डेटा सेंसर की मदद से खेती में उपयोगिता बढ़ाई जा सकती है। सिंचाई, कटाई या ड्रोन के जरिए कीटों की निगरानी और खराब मौसम के कारण फसलों को होने वाले नुकसान का आकलन, पारदर्शी तरीके से संभव होता है जो किसानों के लिए बड़ी राहत है। फसल बीमा के लिए किसानों को अब मुआवजे के लिए न तो इंतजार करना पड़ेगा और न ही कम मुआवजा की चिंता सताएगी। एआइ के जरिए गेहूं या किसी अन्य फसल की साइज, रंग और स्वाद को भी जरूरत के मुताबिक बनाया जा सकता है।



### डेटा सेंटर पर ध्यान देने की जरूरत

कृषि विशेषज्ञ दविंदर शर्मा ने कहा, कृत्रिम मेधा से किसानों की आय में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। उन्होंने कहा, इससे मशीनों की बुद्धिमत्ता बढेगी, लेकिन सीमांत किसानों की राह आसान नहीं होगी। उन्होंने ने कहा, उन्नत बीज, मशीनें होने के बाद भी देश का किसान निचले पायदान पर हैं और ऐसे में कृत्रिम मेधा से किसानों की आय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। धान की खेती में पानी की अधिक खपत को कम करने के लिए नए नए तरीके तलाशे जा रहे हैं, लेकिन डेटा सेंटर पर पानी और बिजली की खपत की तरफ किसी का ध्यान नहीं है।

तकनीक

## उत्साह




गुलमर्ग में मंगलवार को इंडिया शीतकालीन खेल 2026 के दौरान अल्पाइन स्कीइंग स्पर्धा में हिस्सा लेती महिला प्रतिभागी।

# 'अन्नम डाट एआइ' किसानों की कर रहा मदद

सुशील राघव

कृषि क्षेत्र की अनिश्चितता और किसानों की परेशानियों के निदान को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) रोपड़ एक ऐसा हल लेकर आया है, जिसमें कृत्रिम मेधा की नहीं बल्कि विशेषज्ञों की राय शामिल है।

यह एआइ और कृषि विशेषज्ञों की मदद से किसानों का फसल में बीमारी लगने पर समाधान की, फसल की कटाई, सिंचाई आदि की जानकारी पलक झपकते ही देता है। संस्थान के विद्यार्थियों और शिक्षकों की बनाई गैर लाभकारी कंपनी ने अन्नदाताओं की मदद के लिए 'अन्नम डाट एआइ' विकसित किया है। संस्थान की ओर से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत इसका प्रदर्शन 'एआइ इंपैक्ट समिट' में किया गया।

'अन्नम डाट एआइ' में कार्यक्रम प्रबंधक दिव्या मोगा ने बताया कि यह डिजिटल एग्रीकल्चर के लिए एआइ आधारित किसानों की समस्याओं का हल है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हम केवल पंजाब के किसानों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं और जल्द ही यह सुविधा पूरे देश के किसानों के लिए उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि किसानों तक मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए हमें देश भर में 400 से अधिक मौसम की जानकारी देने वाले यंत्र लगाए हैं। इसी तरह बड़ी संख्या में कृषि के विशेषज्ञों को भी हमें अपने साथ जोड़ा है जो तुरंत किसानों के सवालों के जवाब देते हैं। 'अन्नम डाट एआइ' अभी देश की 11 भाषाओं में काम करता है। इसमें और भाषाओं को जोड़ने का कार्य भी जारी है। मोगा ने बताया कि इसे आइआइटी रोपड़ के सेंटर आफ एक्सीलेंस में शिक्षा मंत्रालय के तहत तैयार किया है। यह पहल एआइ, डेटा साइंस और डिजिटल प्रौद्योगिकी के जरिए खेती को बदलने के लिए है। मोगा ने 'अन्नम डाट एआइ' प्रदर्शन दिखाते हुए बताया कि इसका ध्यान खेती की बारिकियों, फसल के स्वास्थ्य की निगरानी, कीड़ों के प्रकोप व बीमारी का पता लगाने, स्मार्ट सिंचाई और डेटा आधारित निर्णय लेने के लिए एक बुद्धिमान तरीका विकसित करने पर है।

सुविधा

# किशोरियों के लिए चलेगा कैंसर रोधी एचपीवी टीकाकरण अभियान

जनसत्ता ब्यूरो

महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार जल्द ही 14 वर्ष की आयु की लड़कियों को लक्षित करते हुए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी। इस कार्यक्रम के तहत एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' नामक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह टीका गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है।

भारत में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल इस कैंसर के करीब 80 हजार नए मामले सामने आते हैं। इनमें 42 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु इस कैंसर के कारण हो जाती है। वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि करीब सभी ग्रीवा कैंसर के मामले एचपीवी संक्रमण, विशेषकर एचपीवी प्रकार 16 और 18, से जुड़े होते हैं, जो देश में 80 फीसद से अधिक मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी रोकथाम में एचपीवी टीका कारगर साबित हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि यह अभियान एक विशेष टीकाकरण अभियान होगा और सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आएगा। कार्यक्रम पूरी तरह स्वैच्छिक और निशुल्क होगा। उन्होंने कहा कि यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सिफारिशों के अनुरूप है, जिनमें एचपीवी टीकाकरण को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उन्मूलन की वैश्विक रणनीति का एक केंद्रीय स्तंभ माना गया है। यह पहल किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा प्रदान कर स्वस्थ नारी के संकल्प को साकार करेगी। इस कैंसर को टीकाकरण और समय पर जांच के माध्यम से काफी हद तक रोका जा सकता है। मौजूदा समय में यह कैंसर महिलाओं और उनके परिवारों पर भारी सामाजिक व आर्थिक बोझ डालती है।

इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, 'मजबूत वैश्विक और भारतीय वैज्ञानिक प्रमाण इस बात की पुष्टि करते हैं कि अनुशंसित आयु वर्ग की लड़कियों में टीके की एक खुराक ही मजबूत और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है।' राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का लक्ष्य 14 वर्ष की आयु की लड़कियां होंगी। यह वह उम्र है जिसमें एचपीवी टीका संबंधित विषाणु के संभावित संपर्क में आने से काफी पहले अधिकतम निवारक लाभ प्रदान करता है। खुले बाजार में, 'क्वाड्रिवेलेंट गार्डासिल-4' दो खुराक वाला टीका है, जिसकी प्रत्येक खुराक की कीमत 3,927 रुपए है, और यह 15 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के लिए है। पंद्रह वर्ष से अधिक आयु की लड़कियों के लिए, टीके की तीन खुराक आवश्यक हैं। गार्डासिल-4 वैक्सीन का निर्माण एमएसडी इंडिया द्वारा किया जाता है। एचपीवी टीका विश्व स्तर पर व्यापक रूप से सुरक्षित पाया गया है। वर्ष 2006 से अब तक दुनिया भर में 50 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। शोध से यह सिद्ध हुआ है कि यह टीका टीके में शामिल एचपीवी प्रकारों से होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम में 93 से 100 फीसद तक प्रभावी है।

कार्यक्रम शुरू होने के साथ ही भारत उन 160 देशों में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने एचपीवी टीकाकरण को अपने राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया है। 90 से अधिक देश एकल-खुराक प्रणाली अपना चुके हैं, जिससे कवरेज और लागत-प्रभावशीलता में सुधार हुआ है। टीकाकरण केवल चिन्हित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-जिला एवं जिला अस्पताल तथा सरकारी मेडिकल कालेजों में प्रशिक्षित चिकित्सकों की देखरेख में किया जाएगा। प्रत्येक सत्र में संभावित दुष्प्रभावों की निगरानी और आवश्यक चिकित्सीय सहायता की व्यवस्था रहेगी। सभी टीकाकरण केंद्रों को 24/7 सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ा जाएगा।

**भारत** में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल इस कैंसर के करीब 80 हजार नए मामले सामने आते हैं। इनमें 42 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु इस कैंसर के कारण हो जाती है।

**यह** 'गार्डासिल' नामक ''क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी टीका गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है।



स्वास्थ्य

## लोकमानस

loksatta@expressindia.com

### रान मोकळे झालेले नाही...

**'नक्षलनाशानंतर...?' हे** संपादकीय (२४ फेब्रुवारी) वाचले. नक्षलवाद संपवण्याच्या नादात सरकार आणि नक्षलवादी दोघांनीही आदिवासी विरुद्ध हिंसेचा वापर केला आहे. आज महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, ओडिसा, झारखंड इत्यादी राज्यांत सुरू झालेली पर्यावरणाची कत्तल विचारात घेतली तर जी काही जंगले, नैसर्गिक साधन संपत्ती अबाधित दिसते त्याचे श्रेय नक्षलींना दिले पाहिजे. जल, जंगल आणि जमीन हा आदिवासी जीवनाचा अविभाज्य घटक आहे. आदिवासी भागातील शिक्षण, आरोग्य, बेरोजगारी याकडे केवळ नक्षलवाद्यांनी दुर्लक्ष केले नाही तर आतापर्यंतच्या सर्वच सरकारनी ही बाब गंभीरपणे घेतली नाही. विद्यमान सरकारलाही आदिवासी कल्याणाशी काही देणे- घेणे नाही. नागरी जीवनातील सुखसोयींकरिता आदिवासी भागातील नैसर्गिक साधन संपत्तीचे व मनुष्यबळाचे शोषण करणे हाच प्रमुख उद्देश आहे. नक्षली त्यातील प्रमुख अडथळा होते.

आता सारे रान मोकळे झाले आहे असे समजण्याचे कारण नाही. नक्षलवाद हा शोषणाविरुद्धचा विचार असेल तर तो संपणार नाही, तर वेगळ्या स्वरूपात कदाचित भांडवलशाही दहशतवादाप्रमाणे लोकशाही दहशत मार्गाने पुन्हा कार्यरत होईल.व्यवस्थेवरील व्यापक अविश्वासाच्या संक्रमण काळात आदिवासी समुदायाला राष्ट्रीय प्रवाहात सामावून घेण्याची कोणतीही योजना किंवा धोरण सरकारकडे आज तरी नाही. जल, जंगल आणि जमिनीवरील आदिवासी समाजाच्या उपजीविकेचे नैसर्गिक हक्क डावलले जात असताना पर्यायी आदिवासींना सामावून घेणारी पर्यायी व्यवस्था अमलात आणली नाही तर आगीतून फुफाट्यात अशी परिस्थिती निर्माण होईल हे मात्र खरे आहे.

■ **नंदन नांगरे**

### बंदुका काढून घ्या, पण भाकरी द्या....

**'नक्षलनाशानंतर...?' हा** अग्रलेख वाचला. २०२६ च्या मध्यावर देश नक्षलमुक्त करण्याची प्रतिज्ञा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शहा यांनी केली होती. राज्यघटनेच्या विरोधात पावले उचलणाऱ्या प्रत्येकाला शिक्षा करण्याचा अधिकार सरकारला आहे हे निर्विवाद; किंबहुना सरकारचे ते कर्तव्यच आहे. पण लोकांच्या हातातल्या बंदुकी काढून घेतानाच त्यांना भाकरी मिळेल अशी व्यवस्था करणे हीदेखील सरकारची जबाबदारी आहे याचे स्मरण राहायला हवे.

कायदा-सुव्यवस्थेसाठीचे सुरक्षात्मक उपाय हे परिस्थिती नियंत्रणात आणू शकतात; पण प्रश्न मुळापासून निपटण्याकरिता 'वैचारिक समतोल विकास' गरजेचा आहे. या दृष्टीने आदिवासी भागात विकासकामे, रोजगारनिर्मिती, शिक्षण व पायाभूत सुविधा निर्माण केल्या पाहिजेत. शरणागती पत्करलेल्या नक्षलवादी संघटनेच्या नेतृत्वासोबत संवाद साधताना त्यांचे पुनर्वसन धोरणांवर लक्ष केंद्रित करणेसुद्धा महत्त्वाचे आहे. आदिवासींना रोजगार देताना त्यांची जंगलातील जगण्याची संसाधने शाबूत ठेवावी लागणार आहेत. नक्षलग्रस्त प्रभागातील दंडकारण्यात घनदाट जंगल आणि त्याखाली भरपूर खनिज संपत्ती आहे. केवळ उद्योगांना 'रान मोकळे' करून देण्यासाठी नक्षल्यांची साफसफाई करणे हा हेतू सरकारचा असेल तर नक्षलवाद निर्मूलन मोहीम अल्पकालीन ठरेल.

नक्षलवादी भुसभुशीत भूमी तयार होते, ती केवळ भुकेमुळे. त्यातून व्यवस्थेविषयी विखार आणि जन्माला आलेला हिंसाचार याचे संकट गडद होते. त्यामुळे नक्षलवाद्यांच्या हिंसक कारवायांना आळा घालण्याचा एक मार्ग तसा सुरक्षात्मक आणि कायदा सुव्यवस्थेच्या दृष्टिकोनातून योजला पाहिजे.

■ **ज्ञानेश्वर हेडाऊ,** हडपसर, पुणे

### विषमता आणि संघर्ष चिरस्थायी

**'नक्षलनाशानंतर..?' हा** अग्रलेख वाचला. व्यवस्था कमरे-खांद्यावर सर्व दायित्व घेऊन धावत असते. बऱ्याचदा हाकणाऱ्यांचे प्राधान्यक्रम सांभाळताना तिचे संतुलन ढासळते. धोरण नावाच्या अधिकारिक प्रयुक्त्यांद्वारे धनिकांचे दलाल याचे बेमालूम व्यवस्थापन करतात. शोषणच्या विरोधात व्यवस्थेशी भिडणारा चारू मुजुमदार हा एका श्रीमंत जमीनदाराच्या घरात जन्मलेला होता हा काव्यात्मक विरोधाभास आहे. १९६७ मध्ये दार्जिलिंगच्या नक्षलबारी गावात पडलेल्या ठिणगीचा वणवा पाच दशके देशभर पेटत राहिला. या चळवळीची दिशाहिनता, भरकटलेपण, हिंसेचा मार्ग हे नकारात्मक आणि निषेधार्ह मुद्दे नजरेआड करण्यासारखे नाहीत. मात्र शोषण आणि विषमतेचे चक्र अविनाशी आहे. शहरे आणि सामंतवर्गासाठी सुरू असलेल्या विकासपर्वाच्या पार्श्वभूमीवर शासनाला विषमतेचा कडेलोट होऊ न देण्यापर्यंतच वाव उरला आहे. या वर्ग-संघर्षाचे मूळ वाढती विषमता असल्यामुळे दोहोंच्या सह-अस्तित्वाचे वास्तव कटू असले तरी सत्य आहे.

■ **सत्यवान भाऊ पाटील,** नालासोपारा (प.)

### भेदक सांख्यिकीय विश्लेषण

**'विधानसभा प्रश्नोत्तरांची** अलीकडची तऱ्हा...' हा मेधा कुळकर्णी आणि मृणालिनी जोग यांचा अभ्यासपूर्ण लेख (२४ फेब्रुवारी) वाचला. लोकशाहीच्या सर्वोच्च सभागृहात जनतेच्या प्रश्नांची कशी 'ऐशीतैशी' केली जाते, याचे भेदक सांख्यिकीय विश्लेषण या लेखातून समोर आले आहे. लेखात नमूद केल्याप्रमाणे, धुळे आणि जळगाव यांसारख्या जिल्ह्यांतून सर्वात कमी प्रश्न विचारले जाणे हे चिंतेचे लक्षण आहे. सांख्यिकीय दृष्टीने, ज्या भागाचा मानवी विकास निर्देशांक कमी असतो, तिथल्या लोकप्रतिनिधींकडून प्रश्नांचा भडिमार अधिक असायला हवा. दुसरीकडे, एखाद्या जिल्ह्याचा मानवी विकास निर्देशांक वाढला म्हणजे तिथले प्रश्न संपतात असे मुळीच नाही. प्रगत समाजात प्रश्नांचे स्वरूप केवळ 'अस्तित्वाच्या' लढाईकडून 'जगण्याच्या गुणवत्ते'च्या (क्वालिटी ऑफ लाइफ) शोधाकडे वळते. लेखात उल्लेख केलेले 'कॅन्सर डायग्नोस्टिक' किंवा 'वेब सीरिजमधील फसवणूक' यांसारखे विषय हे बदलत्या आणि प्रगत समाजाचेच निदर्शक आहेत. मात्र, सरकारने दिलेली 'विविध उपाययोजना करण्यात येत आहेत'सारखी मोघम उत्तरे ही लोकशाहीची थट्टा करणारी आहेत. विचारलेल्या प्रश्नांचे रूपांतर 'ठोस आकडेवारी' आणि 'कालबद्ध कार्यक्रमा'त होत नाही, तोपर्यंत राज्याचा मानवी विकास निर्देशांक केवळ कागदावरच उंचावत राहील.

■ **भगवान जगदाळे,** कोल्हापूर

### अधिवेशने, तेव्हा आणि आता...

**'विधानसभा प्रश्नोत्तरांची** अलीकडील तऱ्हा' हा लेख (२४ फेब्रुवारी) वाचला. अधिवेशनांत लोकांच्या जगण्यासंबंधी प्रश्न असतात. सरकारकडून चांगले काम करून घ्यायचे असेल तर लोकांनी अधिवेशन काळातील कामकाजाची दररोज माहिती घेऊन त्यांचा सहभाग वाढवला पाहिजे. त्यासाठी अधिवेशनांतील दररोजच्या कामकाजाची माहिती संकेतस्थळावर शासनाने प्रसिद्ध केली पाहिजे. अशी माहिती मिळणे हा लोकांचा हक्क आहे. काँग्रेसच्या काळात सरासरी दररोज शंभरपेक्षा जास्त प्रश्न यायचे. अधिवेशन १०० नाही, पण ८० दिवस चालायचे. प्रशासनावर वचक असायचा. काम करायला लागायचे. आजकाल उत्तरेही दुधात पाणी घातल्यासारखी गोलमाल असतात.

■ **जयप्रकाश नारकर,** ता. राजापूर, रत्नागिरी

### कठोर कारवाई करावयास हवी

**'थेट बँकेत** जमा, तरी घोटाळ्यांची कीड!' हा अन्वयार्थ वाचला. केंद्र व राज्य सरकारे अनेक कल्याणकारी योजना राबवतात; परंतु काही ठिकाणी भ्रष्टाचारामुळे लाभार्थ्यांपर्यंत त्यांचा पूर्ण फायदा पोहोचत नाही. बऱ्याच ठिकाणी निधीवाटप, लाभार्थी निवड आणि कामांची मोजणी यामध्ये स्पष्टता दिसून येत नाही. राजकीय हस्तक्षेप, दलाल व मध्यस्थांची साखळी या बाबींमुळे गैरव्यवहार वाढताना दिसतो. निधी अपहार, बनावट लाभार्थी, कमी दर्जाचे काम करून जास्त बिल दाखवणे, लाचखोरी यांसारख्या बाबींमध्ये दिवसेंदिवस वाढ होत आहे. खोटी कागदपत्रे तयार करून सरकारी पैसा लाटण्याचे प्रकार कमी व्हायला हवेत. सरकारने भ्रष्टाचार, अपहार करणाऱ्यांवर कठोर कारवाई करावयास हवी.

■ **प्रा. रवींद्र पाटील,** कोल्हापूर

### ट्रम्प यांच्या मागे कोण आहे?

**'ट्रम्प हरले,** ट्रम्प जिंकले!' हे संपादकीय (२३ फेब्रुवारी) वाचले. ट्रम्प यांचा कारभार लोकशाहीच्या मार्गाने आहे का, हा प्रश्न पडतो. परंतु ट्रम्प हरले का किंवा ट्रम्प जिंकले का हे म्हणत असताना ट्रम्प यांच्या खांद्यावर बंदूक ठेवून आपला फायदा करू पाहणारे अनेक लोक त्यांच्या मागे आहेत का, हा प्रश्नही महत्त्वाचा आहे. कारण ट्रम्प हे कधी कधी एखाद्या 'वुई आर जस्ट पपेट'च्या बाहुलीसारखे वाटतात. हे भावली हाताळणारे एक दिवस 'विशिष्ट फाईली'च्या प्रसिद्धीसारखे अचानक समोर येतील. त्यामुळे 'ट्रम्प हरवले गेले की ट्रम्प जिंकवले गेले?' याचाही शोध घेणे महत्त्वाचे आहे.

■ **ओ. म. चिंचोलकर,** पुणे

# अणुऊर्जा नको, अक्षयऊर्जाच हवी!

**सत्ताधाऱ्यांनी वा उच्चपदस्थांनी कितीही भलामण केली, तरी अणुऊर्जा खर्चीक, प्रदूषक आणि एकंदरीत घातक असल्याचे जागतिक दाखले नाकारता येत नाहीत. दुसरीकडे, अक्षयऊर्जेच्या सरकारी योजनांना लोकांचा प्रतिसाद वाढतो आहे. यामागचे वास्तव दुर्लक्षित करून खासगी भांडवलास अणुऊर्जा क्षेत्रात वाव देणे धोक्याचे ठरेल...**

**डॉ. संजय मंगला गोपाळ**
अक्षयऊर्जा व ऊर्जानीती तज्ज्ञ; 'जनआंदोलनांचा राष्ट्रीय समन्वय'चे राष्ट्रीय समन्वयक
sansahil@gmail.com

''**भारतात अणुऊर्जेचे** योगदान मोलाचे ठरणार आहे. अणुऊर्जा हा अक्षयऊर्जेला पर्याय नाही तर पूरक आहे. अणुऊर्जेच्या पर्यावरणीय फायद्यांना कमी लेखले जाते'', असे मत ॲपेलेट ट्रायब्युनल फॉर इलेक्ट्रिसिटीचे सदस्य अजय तळेगांवकर यांनी 'लोकसत्ता'तील लेखात (२० फेब्रु.) व्यक्त केले असून 'आज सुमारे ८.८ गिगावॉट असलेली अणुऊर्जेची क्षमता २०४७ मध्ये १०० गिगावॉटपर्यंत वाढवण्या'चा संकल्पही सांगितला आहे. अणुऊर्जा प्रकल्पातून निर्माण होणाऱ्या टाकाऊ पदार्थांचे प्रमाण हा फारसा गंभीर मुद्दा नाही असे सांगत,

''सुरक्षित दीर्घकालीन व्यवस्थापन हा सर्वात महत्त्वाचा मुद्दा आहे'' असे त्यांनी म्हटले असले तरी याबाबत काटेकोर अंमलबजावणी होत नाही, हे सांगितलेले नाही. खासगी व परदेशी उद्योजकांना हे क्षेत्र खुले करण्याने तर यातील बेफिकिरी वाढण्याचाच धोका आहे, हेही त्यांनी नमूद केलेले नाही.

डोपामिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है, यानी मस्तिष्क की कोशिकाओं के बीच संदेश संप्रेषित करने वाला रासायनिक पदार्थ। इसे सामान्य भाषा में 'आनंद का हार्मोन' कहा जाता है। डोपामिन मानव विकास की आधारशिला रहा है। हालांकि, समस्या तब आरंभ होती है, जब यह जैविक प्रणाली कृत्रिम रूप से और अत्यधिक उत्तेजित होने लगे। डिजिटल तकनीक, विशेष रूप से सोशल मीडिया, इसी प्रणाली को बार-बार सक्रिय करती है। मनोविज्ञान में 'वैरिएबल रिवॉर्ड सिस्टम' का सिद्धांत बताता है कि यदि कोई पुरस्कार अनियमित अंतराल पर मिले, तो व्यक्ति उस व्यवहार को अधिक तीव्रता से दोहराता है। सोशल मीडिया ने इसी सिद्धांत को डिजिटल रूप दिया है। कभी पोस्ट पर अत्यधिक प्रतिक्रिया मिलती है, कभी बहुत कम, कभी संदेश तुरंत आता है, कभी देर से। यह अनिश्चितता मस्तिष्क में प्रत्याशा को जन्म देती है, जो डोपामिन का स्रोत बन जाती है। समय के साथ यह व्यवहार बाध्यकारी प्रवृत्ति बन सकता है। डिजिटल डोपामिन का प्रभाव किशोरों में अधिक दिखाई देता है। दरअसल, किशोरावस्था में मस्तिष्क का प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स पूर्णतः विकसित नहीं होता, जो आत्म-नियंत्रण और निर्णय क्षमता का केंद्र है। दूसरी ओर, पुरस्कार-प्रणाली अत्यंत सक्रिय होती है। यह असंतुलन डिजिटल उत्तेजनाओं को और प्रभावशाली बना देता है। न्यूरोप्लास्टिसिटी का सिद्धांत बताता है कि यदि मस्तिष्क को बार-बार छोटी व तीव्र उत्तेजनाएं मिलती हैं, तो व्यक्ति का ध्यान खंडित होने लगता है। यही कारण है कि कई विद्यार्थी व पेशेवर लोग कार्य के दौरान भी मोबाइल जांचने की इच्छा अनुभव करते हैं। देर रात तक स्क्रीन का उपयोग करने से उससे निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन के स्राव को कम करती है, जिससे नींद की गुणवत्ता घटती है।

डोपामिन मस्तिष्क की कोशिकाओं के बीच संदेश संप्रेषित करने वाला रासायनिक पदार्थ है, जिसे 'आनंद का हार्मोन' भी कहा जाता है।



डोपामिन मानव विकास की आधारशिला रहा है। हालांकि, समस्या तब आरंभ होती है, जब यह जैविक प्रणाली कृत्रिम रूप से और अत्यधिक उत्तेजित होने लगे।

हालांकि, यह स्वीकार करना भी आवश्यक है कि डिजिटल माध्यम पूर्णतः नकारात्मक नहीं है। इसने शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक जागरूकता और अभिव्यक्ति के नए अवसर दिए हैं। समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके असंतुलित उपयोग में है। डिजिटल डोपामिन वास्तव में आधुनिक युग का वह अदृश्य नशा है, जो हमारी आदतों, संबंधों, क्षमता और आत्मबोध को प्रभावित करता है।

## आंकड़े

### कार्यस्थल पर सुरक्षा

दुनिया भर में हर साल लगभग 30 लाख लोग कार्यस्थल पर होने वाले हादसों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। कोस्टा रिका में इसकी दर सबसे अधिक है।

| | |
|---|---|
| कोस्टा रिका | 9,421 |
| कोलंबिया | 4,783 |
| तुर्किये | 4,409 |
| अर्जेंटीना | 3,202 |
| फ्रांस | 2,581 |

आंकड़े कार्यस्थल से जुड़े हादसों व बीमारियों के, संख्या में। | स्रोत : अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ)

**कार्तवीर्य अर्जुन न्यायप्रिय राजा थे, किंतु अपार सामर्थ्य के कारण धीरे-धीरे उनके भीतर अहंकार आ गया। भगवान परशुराम ने उनके दंभ को खत्म किया।**

### अहंकार का अंत



अंतर्यात्रा
संकलित

**महिष्मती** नगरी के राजा कार्तवीर्य अर्जुन ने कठोर तप व साधना द्वारा भगवान दत्तात्रेय को प्रसन्न किया। भगवान ने उन्हें सहस्त्र भुजाओं का वरदान प्रदान किया। इस दिव्य सामर्थ्य के कारण वह सहस्त्रबाहु अर्जुन के नाम से विख्यात हुए। प्रारंभ में वह धर्म, न्याय और लोककल्याण के मार्ग पर चलने वाले आदर्श राजा थे, परंतु असाधारण शक्ति के साथ धीरे-धीरे उनके भीतर अहंकार का उदय होने लगा।

एक बार वह अपनी विशाल सेना सहित वनमार्ग से गुजर रहे थे। उसी वन में महर्षि जमदग्नि का तपोवन स्थित था। विश्राम की इच्छा से राजा आश्रम में पहुंचे। महर्षि के पास कामधेनु नामक दिव्य गौ थी, जो इच्छानुसार सब कुछ प्रदान करने में समर्थ थी। उसी की कृपा से ऋषि ने राजा और उसकी पूरी सेना का श्रद्धापूर्वक आतिथ्य किया। कामधेनु की दिव्य शक्ति को देखकर सहस्त्रबाहु के मन में लोभ उत्पन्न हुआ और उन्होंने बलपूर्वक उसे अपने साथ ले जाने का निर्णय लिया। उस समय ऋषि जमदग्नि के पुत्र भगवान परशुराम आश्रम में उपस्थित नहीं थे। जब वह लौटे और इस घटना का समाचार सुना, तो क्रोधित हो उठे। उन्होंने अपना परशु उठाया और अधर्म का अंत करने हेतु महिष्मती की ओर प्रस्थान किया।

मार्ग में ही उनका सामना सहस्त्रबाहु से हुआ। सहस्त्रबाहु के पास विशाल सेना थी, परंतु परशुराम ने अकेले ही पूरी सेना का विनाश कर दिया। उन्होंने सहस्त्रबाहु की भुजाएं काटकर उनके दंभ का अंत किया।

## अमर उजाला पुराने पन्नों से — 25 फरवरी, 1957

### भारतीय सेनाएं दो दिन में पूरा पाकिस्तान जीत लेंगी


भारतीय सेनायें दो दिन में सारे पाकिस्तान को जीत लेंगी

**अर्ध-साप्ताहिक पत्र *आफताब* में यूसुफ कुरैशी का एक लेखा छपा है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि यदि पाकिस्तान सरकार ने कश्मीर मसले पर भारत से टक्कर ली, तो भारतीय सेनाएं दो दिन में पूरा पाकिस्तान जीत लेंगी।**

## कचरा प्रबंधन और एक अनुत्तरित सवाल

**कचरा प्रबंधन को लेकर सरकार की मंशा पर शक नहीं किया जा सकता, पर सवाल यह है कि नए नियम प्रभावी रूप से लागू हो पाएंगे या नहीं?**



**डॉ. विवेक एस अग्रवाल**
मुद्दा

देश में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से आगामी एक अप्रैल से लागू होने वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 की अधिसूचना जारी कर दी गई है। पिछले दस सालों के अंतराल के बाद, लगभग एक साल तक जनता की राय, आपत्तियों और गहन चर्चा के बाद इन नए नियमों को अंतिम रूप दिया गया है। वर्तमान सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान पर खास जोर दिया है। सरकार की इस मंशा पर रत्ती भर भी शक नहीं किया जा सकता है, लेकिन अब भी सबसे अहम यक्ष प्रश्न अनुत्तरित ही रह जाता है कि नए नियमों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा अथवा नहीं?




कचरा प्रबंधन की शुरुआत 1994 में उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति से हुई। इसके बाद पिछले तीन दशकों से अधिक समय में नियमों को अलग-अलग बदलावों के साथ तीन बार लागू किया गया, किंतु वास्तविकता यह है कि इन नियमों का पालन बहुत धीमा रहा और वे अब भी काफी हद तक कागजों तक ही सीमित हैं। सर्वप्रथम, नगरीय अपशिष्ट (प्रबंधन एवं संचालन) नियम, 2000 लागू किए गए। फिर, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 लागू हुए। हाल ही में, इनके संशोधित और विस्तारित रूप 2026 को लागू किया गया है, ताकि कचरा प्रबंधन बेहतर ढंग से हो सके, चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। जहां पूर्व के दोनों नियम मात्र शहरी सीमाओं तक सीमित थे, वहीं नया रूप भारत के समस्त भूस्वामियों एवं उपयोगकर्ताओं पर लागू होता है। उसी क्रम में पूर्ववर्ती नियमों के तहत कचरा प्रबंधन का संपूर्ण दायित्व स्थानीय निकायों तक ही सीमित था, पर नए नियमों के तहत कचरा उत्पन्न करने वाले नागरिकों, बाजारों, उद्यमों आदि को भी उक्त प्रबंधन के लिए उत्तरदायी बनाया गया है।

कचरा प्रबंधन के विज्ञान में मुख्य अपेक्षा यह होती है कि यह पर्यावरण के अनुकूल हो और चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों के अनुसार काम करे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पहली आवश्यकता कचरा उत्पादन के स्तर से ही इन्हें अलग-अलग इकट्ठा करना एवं कचरे को एक बार ही हस्तालन (हैंडलिंग) करने की है। प्रवर्तित नियमों में इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए एक मुख्य और सामान्य प्रावधान यह है कि कचरे को उसके स्रोत पर ही अलग-अलग किया जाए। वर्ष 2000 के नियमों में कचरा गीला और सूखा, 2016 के नियमों में सूखा, गीला एवं घरेलू घातक, तथा नए नियमों में सूखा, गीला, सेनेटरी, तथा विशेष देखभाल वाले, चार भागों में विभाजित करने का प्रावधान किया गया है। हर बार नियमों में बदलाव के साथ कचरे को अलग-अलग भागों में बांटने की श्रेणियां बढ़ती गईं, पर 2000 के नियमों की मूल भावना के अनुसार, गोवा को छोड़कर पूरे देश में, कुछ गिने-चुने शहरों को छोड़ दें तो, कचरा स्रोत स्तर पर गीला व सूखा जैसे दो हिस्सों में भी अलग होकर नहीं आ रहा है। अलग-अलग करके ही कचरे का सदुपयोग किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हर स्तर पर उत्पन्न कचरे को विभिन्न उद्योगों व उत्पादन के अनुरूप कच्चे माल के रूप में चिह्नित किया जाए।

दुर्भाग्यवश, कुछ अपवादों के अतिरिक्त वर्तमान व्यवस्था किसी भी रूप में स्रोत से अलग-अलग कचरा एकत्रित करने हेतु सक्षम नहीं है। देश में आम तौर पर कचरा इकट्ठा करने के लिए इस्तेमाल होने वाले साधन बाहर से दो रंगों में विभाजित दिखाई देते हैं, मानो कचरा अलग-अलग रखा जा रहा हो, पर सच यह है कि इंजीनियरिंग, आर्थिक व प्रबंधन के दृष्टिकोण से एक ही संग्रहण वाहन में कचरे को कम से कम दो हिस्सों में रखना लगभग असंभव है। यह पर्यावरण सम्मत भी नहीं होगा। इन्हीं संदेहों के मध्य सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण होगा विशेष देखभाल वाले चतुर्थ भाग में वर्णित अपशिष्ट को इकट्ठा कर उसका निस्तारण करना। इसमें एक्सपायर्ड दवाओं, बैटरी, ट्यूबलाइट, थर्मामीटर, समेत कई प्रकार के अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित करने की अभिशंषा की गई है। इनके भौतिक व रासायनिक स्वरूपों में अंतर होने के कारण संग्रहित होने के बाद इन्हें पुनः विभाजित करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहेगा। उचित होता कि दवाओं, धातु की वस्तुओं, बैटरी इत्यादि के बेहतर निष्पादन प्रबंधन हेतु उनके मूल विक्रय स्थान पर पुनर्खरीद व्यवस्था को ठोस रूप में लागू किया जाता। इसी प्रकार, वर्तमान नियमों में खुले छोड़े गए कई प्रावधानों की अवहेलना होने की भी पूर्ण आशंका बनी रहेगी।

अच्छी भावना के साथ लागू किए जाने वाले नियमों में अभियोजन की कठोरता का अभाव इन्हें बहुत हद तक अप्रभावी बना देता है। बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए अभियोजन अधिकारों को स्थानीय निकायों तक सीमित न रखते हुए व्यापक रूप से विभिन्न विभागों एवं संस्थानों को अधिकृत किया जाना श्रेयस्कर होता। इन सब के बावजूद, सरकार की कचरा प्रबंधन के प्रति सदिच्छा के चलते उक्त नियम न सिर्फ भविष्य के लिए बेहतर आधारशिला रखेंगे, अपितु बेहतर पर्यावरण में सहायक होंगे, यही अपेक्षा की जानी चाहिए।

अमर उजाला
नई दिल्ली । बुधवार । 25 फरवरी 2026
amarujala.com

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### केंद्रीय चयन बोर्ड, बिहार में निकली भर्ती

कॉन्स्टेबल के पदों पर मौके



993 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 31 मार्च, 2026
वेतनमान : रुपये 21,700 से लेकर रुपये 69,100 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : csbc.bihar.gov.in

### बीपीएससी ने जारी किया विज्ञापन ■ 173 पद

सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
18 मार्च, 2026
योग्यताएं
एलएलबी डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
bpsc.bihar.gov.in

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मौके ■ 116 पद

सहायक उपाध्यक्ष व अन्य पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि
15 मार्च, 2026
पात्रताएं
बीई, बीटेक, बीएससी व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
sbi.co.in

### इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ■ 637 पद

अप्रेंटिसशिप के लिए करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 02 मार्च, 2026
योग्यताएं : बारहवीं, आईटीआई, ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : iocl.com

### ईएसआईसी, फरीदाबाद में करें आवेदन ■ 62 पद

प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर आदि पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि
11 मार्च, 2026
पात्रताएं
एमडी, एमएस व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
esic.gov.in

### ईएसआईसी, पटना में करें आवेदन ■ 29 पद

प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि
28 फरवरी, 2026
वेतनमान
रुपये 67,700 से लेकर रुपये 1,18,500 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें
mcpatna.esic.gov.in

### यहां भी हैं नौकरी की संभावनाएं...

- राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता व प्रबंधन संस्थान : प्रोफेसर का पद खाली।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 10 मार्च, 2026
- niftem.ac.in
- ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड : प्रोजेक्ट मैनेजर का पद रिक्त।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 24 मार्च, 2026
- becil.com

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

एग्जाम टिप्स : राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी)-2026

# इसे अंतिम और निर्णायक प्रयास समझें



प्रदीप पांडेय
शिक्षा सलाहकार

चिकित्सा के क्षेत्र में कॅरिअर बनाने का सपना देख रहे लाखों युवाओं के लिए वर्ष 2026 की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी अब दूर नहीं है और इस सफर की शुरुआत आवेदन प्रक्रिया से ही हो चुकी है। कई छात्र तैयारी पर तो पूरा ध्यान देते हैं, लेकिन आवेदन प्रक्रिया में की गई छोटी-सी गलती भी भविष्य में बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। इसलिए फॉर्म भरते समय विशेष सावधानी बरतें और तैयारी के दौरान हर हाल में टेस्ट दें तथा अपना मूल्यांकन स्वयं करें। ये सफलता के दो सबसे मजबूत स्तंभ हैं। व्यापक सिलेबस को देखते हुए पढ़ने के साथ क्या नहीं पढ़ना है, यह ध्यान रखना भी जरूरी है।

**■ सफलता की पहली सीढ़ी**
नीट की तैयारी जितनी जरूरी है, उतना ही आवेदन पत्र को सही ढंग से भरना भी महत्वपूर्ण है। जल्दबाजी में व्यक्तिगत जानकारी, श्रेणी या परीक्षा केंद्र चुनने में गलती न करें। फॉर्म भरते समय 10वीं-12वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड और श्रेणी प्रमाण पत्र साथ रखें। फोटो और हस्ताक्षर के निर्धारित साइज का विशेष ध्यान दें। सबमिट करने से पहले फॉर्म को दो बार अच्छी तरह जांच लें, क्योंकि छोटी-सी गलती भी आगे समस्या बन सकती है।

**■ पाठ्यक्रम और समय प्रबंधन**
नीट परीक्षा का पैटर्न तय है और यह पूरी तरह एनसीईआरटी पर आधारित है। फिर भी कई छात्र सिलेबस पूरा नहीं कर पाते, जिसका मुख्य कारण समय प्रबंधन की कमी है। बिना योजना के पढ़ाई करने से महत्वपूर्ण अध्याय छूट जाते हैं और पुनरावृत्ति का समय नहीं मिलता। छात्र कठिन विषयों में उलझकर आसान और महत्वपूर्ण टॉपिक छोड़ देते हैं। इसलिए आवेदन के बाद तुरंत ऐसा टाइम-टेबल बनाएं, जिससे सिलेबस परीक्षा से कम से कम तीन महीने पहले पूरा हो सके।

**■ सूत्रों को नोट करते चलें**
नीट परीक्षा के अधिकतर प्रश्न एनसीईआरटी से पूछे जाते हैं, इसलिए सफलता के लिए यही सबसे भरोसेमंद पुस्तक है। जीवविज्ञान में एनसीईआरटी की पंक्तियां तक महत्वपूर्ण होती हैं, जबकि रसायन विज्ञान और भौतिकी में यह अवधारणाओं की मजबूत नींव बनाती है।



जीवविज्ञान के रेखाचित्र, रसायन विज्ञान की नेम रिएक्शंस और भौतिकी के सूत्रों का चार्ट अपने अध्ययन कक्ष में लगाएं। अंतिम चरण में यही संक्षिप्त नोट्स सबसे अधिक काम आते हैं। अनावश्यक गहराई में जाने के बजाय पिछले वर्षों के प्रश्नों के आधार पर बार-बार पूछे जाने वाले टॉपिक पर ध्यान दें।

**■ एकमात्र लक्ष्य के रूप में देखें**
नीट में प्रयासों की सीमा न होना कई बार छात्रों की गंभीरता कम कर देता है। उन्हें लगता है कि इस साल नहीं तो अगले साल मौका मिल जाएगा। यही सोच एकाग्रता और मेहनत को कमजोर कर देती है। इसलिए इस परीक्षा को विकल्प नहीं, बल्कि एकमात्र लक्ष्य मानें। इसे अपना अंतिम और निर्णायक प्रयास समझकर तैयारी करें, तभी आप अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाएंगे।

आवेदन आमंत्रित

## वाइस-चांसलर अवॉर्ड 2026-27

**किंग्स** कॉलेज लंदन द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए वाइस-चांसलर अवॉर्ड प्रदान किया जा रहा है। यह एक प्रतिष्ठित वित्तीय पुरस्कार है, जिसे भारत में निवास करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जो विभिन्न संकायों में स्नातकोत्तर अध्ययन कर रहे हैं। आवेदक भारत में रहने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्र हों तथा कला एवं



मानविकी, जीवन विज्ञान एवं चिकित्सा, प्राकृतिक, गणितीय एवं इंजीनियरिंग विज्ञान, नर्सिंग, दाई एवं प्रशामक देखभाल, या समाज विज्ञान एवं लोक नीति जैसे पात्र संकायों में से किसी एक में पूर्णकालिक, परिसर-आधारित स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम में नामांकित हों। साथ ही, उन्होंने 31 मई 2026 तक अपने अध्ययन प्रस्ताव को स्वीकार कर आवश्यक जमा राशि का भुगतान कर दिया हो। चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष के लिए 5,000 पाउंड की ट्यूशन फीस में छूट प्रदान की जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक लिंक tinyurl.com/mpr463pd पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

स्पेशल पुस्तक
अमर उजाला उड़ान
ऑनलाइन खरीदने के लिए QR कोड को तुरंत स्कैन करें।




■ परीक्षा 1500 से अधिक प्रश्नोत्तर
■ 7 मॉडल सॉल्वड पेपर
■ 5 प्रैक्टिस सेट

*अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001211166 या व्हाट्सएप नंबर 7065047252 पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।*

प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ मोटिवेशनल किताबें amazon.in और udaan.amarujala.com पर उपलब्ध।

फेलोशिप अलर्ट

## एशिया फाउंडेशन का फेलोशिप प्रोग्राम

**एशिया** फाउंडेशन द्वारा वर्ष-2026 के लिए मार्गरेट एफ. विलियम्स मेमोरियल फेलोशिप हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसे एशियन आर्ट म्यूजियम के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह प्रोग्राम एशियाई और/या एशियाई अमेरिकी कला पर कार्य करने वाले उभरते कला क्यूरेटरों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित है। उम्मीदवार किसी पारंपरिक संग्रहालय के भीतर या बाहर से आवेदन कर सकते हैं। चयनित प्रतिभागियों को सैन फ्रांसिस्को में 1 जून से 31 अगस्त, 2026 तक रेजीडेंसी हेतु पूर्णतः वित्तपोषित यात्रा, आवास, जीवन-यापन के लिए दैनिक भत्ता तथा स्व-निर्धारित अध्ययन यात्रा के लिए 7,500 अमेरिकी डॉलर की अनुसंधान छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है। योग्य आवेदक आधिकारिक लिंक tinyurl.com/4xanuc3w पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से इस फेलोशिप प्रोग्राम में आवेदन कर सकते हैं।

## खुद को परखें

1. इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी?
   (a) हिमाचल प्रदेश
   (b) उत्तर प्रदेश
   (c) उत्तराखंड
   (d) पंजाब

2. फरवरी-2026 में किस देश ने ओटावा कन्वेंशन (माइन बैन ट्रीटी) से हटने की घोषणा की?
   (a) फिनलैंड
   (b) पोलैंड
   (c) हंगरी
   (d) रोमानिया

3. हाल ही में खबरों में छाई भवानी नदी किस नदी की सहायक नदी है?
   (a) नर्मदा
   (b) गोदावरी
   (c) कृष्णा
   (d) कावेरी

उत्तर : 1.a, 2.b, 3.a

सामान्य ज्ञान

### कैंडिडेट डार्क गैलेक्सी-2



**■ क्या है**
यह पृथ्वी से लगभग 24.5 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर एक बेहद धुंधली आकाशगंगा है, जिसमें बहुत कम तारे हैं।

**■ चर्चा में क्यों**
हबल और यूक्लिड टेलीस्कोप ने 'कैंडिडेट डार्क गैलेक्सी-2' नामक एक अनोखी आकाशगंगा की खोज की है।

**■ डार्क मैटर की अधिक मात्रा**
यह पर्सियस क्लस्टर में मौजूद एक ऐसी आकाशगंगा है, जिसमें सामान्य तारों और गैस की तुलना में डार्क मैटर बहुत ज्यादा मात्रा में है। इसके चार दिखाई देने वाले ग्लोबुलर क्लस्टर इसकी पहचान का आधार बने। माना जाता है कि यह लगभग 99% डार्क मैटर से बनी है और इसका प्रकाश लगभग 60 लाख सूर्यों के बराबर है।

**■ ज्वारीय प्रभाव**
माना जाता है कि पर्सियस क्लस्टर के घने वातावरण में खिंचाव (ज्वारीय प्रभाव) के कारण इसने अपनी गैस और नए तारे बनाने की सामग्री खो दी। यह खोज विधि आगे ऐसी अन्य 'अदृश्य' आकाशगंगाओं को ढूंढने में मदद कर सकती है।

टेक-टॉक
Gadgets Ai Technology

# फिंगरप्रिंट से हो सकती है डेटा चोरी

**बड़े भाषा मॉडल में गलतियां सुधारने के लिए पैरामीटर में बदलाव किया जाता है। यह पैरामीटर बदलाव अनजाने में फिंगरप्रिंट छोड़ देते हैं, जिससे संवेदनशील जानकारी हासिल की जा सकती है।**



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक आज दुनिया भर में लाखों लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी है। जानकारी जुटाने से लेकर जटिल कार्यों को तेजी और दक्षता से पूरा करने तक, एआई आधारित टूल्स का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम), जिन्हें विशाल मात्रा में पाठ डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है- विभिन्न भाषाओं में लिखित सामग्री को समझने और उत्पन्न करने में सक्षम हैं। हालांकि इन मॉडलों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है, लेकिन इनके संभावित सुरक्षा जोखिम अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं।

चीन के शंघाई क्यू झी इंस्टीट्यूट, ईस्ट चाइना नॉर्मल यूनिवर्सिटी, त्सिंगहुआ यूनिवर्सिटी और चीनी विज्ञान अकादमी के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन ने एलएलएम से जुड़ी एक गंभीर सुरक्षा खामी का खुलासा किया है। उन्होंने पाया कि एलएलएम्स में की जाने वाली 'मॉडल एडिटिंग' प्रक्रिया- जिसका उपयोग मॉडल की गलतियों को सुधारने या उपयोगकर्ताओं द्वारा दी गई संवेदनशील जानकारी को हटाने के लिए किया जाता है- स्वयं एक साइबर हमले का माध्यम बन सकती है। आम तौर पर 'लोकेट-देन-एडिट' नामक तकनीक के जरिये मॉडल के उन हिस्सों की पहचान की जाती है, जो अवांछित जानकारी उत्पन्न कर रहे होते हैं और फिर संबंधित पैरामीटर में बदलाव किया जाता है, लेकिन अध्ययन के अनुसार, यही पैरामीटर बदलाव अनजाने में एक फिंगरप्रिंट छोड़ देते हैं। इस फिंगरप्रिंट के आधार पर हमलावर संवेदनशील जानकारी को दोबारा हासिल कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने 'केएसटीईआर' नामक एक दो-चरणीय रिवर्स-इंजीनियरिंग हमला विकसित किया, जो इन अपडेट्स की संरचना का विश्लेषण करके हटाई गई जानकारी को पुनर्निर्मित कर सकता है। प्रयोगों में यह हमला जीपीटी-जे, एलएलएएमए-3 और क्यूडबल्यूईएन-2.5 जैसे विभिन्न भाषा मॉडलों से संपादित डेटा को उच्च सफलता दर के साथ पुनः प्राप्त करने में सक्षम पाया गया।

शोधकर्ताओं के अनुसार, एलएलएम विशाल टेक्स्ट डेटा पर प्रशिक्षित होते हैं, जिनमें अनजाने में संवेदनशील सूचनाएं भी शामिल हो सकती हैं। मॉडल एडिटिंग को अब तक एक सुरक्षित और तेज समाधान माना जाता था, क्योंकि यह पूरे मॉडल को फिर से प्रशिक्षित किए बिना सुधार की सुविधा देता है, लेकिन इस नए अध्ययन से स्पष्ट है कि यह प्रक्रिया सुरक्षा के दृष्टिकोण से जोखिमपूर्ण हो सकती है।

इस खतरे से निपटने के लिए शोधकर्ताओं ने 'सबस्पेस कैमोफ्लाज' नामक एक नई रक्षा रणनीति तैयार की है। यह तकनीक पैरामीटर अपडेट में भ्रामक (डिकॉय) संकेत जोड़कर असली फिंगरप्रिंट को छिपा देती है, जिससे संवेदनशील डेटा को फिर से पाना कठिन हो जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सुरक्षा उपाय मॉडल की कार्यक्षमता को प्रभावित किए बिना सुरक्षा को मजबूत कर सकता है। इस शोध को एआई सुरक्षा के क्षेत्र में एक अहम चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि जैसे-जैसे एआई का उपयोग बढ़ेगा, वैसे-वैसे डेटा सुरक्षा को लेकर सतर्कता और भी जरूरी होगी। यह शोध एआरएक्सआईवी प्रीप्रिंट सर्वर पर प्रकाशित हुआ है।

## 'स्पॉयलर' की मदद से छिपा सकेंगे मैसेज

**व्हाट्सएप** यूजर्स के लिए जल्द ही एक नया फीचर लाने वाली है। इस फीचर का नाम है 'स्पॉयलर'। इसे मैसेज के लिए पहले से मिलने वाले बोल्ड, इटैलिक और स्ट्राइकथ्रू जैसे फॉर्मेटिंग टूल्स के साथ प्लेस किया जाएगा। जब यूजर किसी टेक्स्ट को मार्क कर यह ऑप्शन चुनेगा तो



सेलेक्टेड टेक्स्ट एक ग्रे बार के पीछे छिप जाएगा। ऐसे में सामने वाले यूजर को इसे पढ़ने के लिए हिडन सेक्शन पर टैप करना पड़ेगा। किसी को सरप्राइज देने के लिए या मैसेज को इंटरेस्टिंग और कैची बनाने के लिए यह फीचर खूब काम आएगा। इस फीचर को इस्तेमाल करने के लिए शॉर्टकट भी दिया जा सकता है यानी यूजर '||टेक्स्ट||' टाइप कर भी इस फॉर्मेट को सेलेक्ट कर सकेंगे।

## 'क्रिएट माई लाइकनेस' से कर सकेंगे फोटो स्वैप

**फोटो** और वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम जल्द ही एक नया एआई-पावर्ड फेस स्वैप फीचर 'क्रिएट माई लाइकनेस' पेश कर सकता है। यह फीचर यूजर्स को फोटो और वीडियो में चेहरे बदलने की सुविधा दे सकता है। इस फीचर



की मदद से यूजर्स एआई जैसी अपनी डिजिटल पहचान बना सकेंगे। इसके बाद यूजर अपनी या किसी और की एआई लाइकनेस को फोटो और वीडियो में स्वैप कर पाएंगे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह डेटा यूजर की मौजूदा पोस्ट्स और हाइलाइट्स से लिया जाएगा या फिर फीचर एक्टिवेट करने के लिए अलग से सेल्फी अपलोड करनी होगी। जानकारी के अनुसार, दूसरे व्यक्ति की लाइकनेस इस्तेमाल करने से पहले उसकी अनुमति लेनी होगी।

आने वाला है



## नथिंग के 4ए सीरीज में मिलेगा ग्लिफ बार

**स्मार्टफोन** बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी नथिंग अगले महीने नथिंग 4ए सीरीज लॉन्च करेगी। इस बार कंपनी पारंपरिक ग्लिफ मैट्रिक्स की जगह एक नया ग्लिफ बार ला रही है, जो फोन के लुक और नोटिफिकेशन एक्सपीरियंस दोनों को बदल सकता है। इस नए फोन 4ए में अब पतली एलईडी बार दी जा सकती है, जिसमें 9 अलग-अलग कंट्रोल होने वाली मिनी एलईडी होंगी। इन्हें 6 स्क्वायर लाइट सेगमेंट में सजाया गया है। कंपनी का दावा है कि ये एलईडी पहले के ए-सीरीज मॉडल्स से लगभग 40 प्रतिशत ज्यादा ब्राइट होंगी और नई पेटेंटेड टेक्नोलॉजी की वजह से लाइट ज्यादा नेचुरल और बिना फैलाव के दिखेगी।

आने वाली है



## जल्द दिखेगी टोयोटा की ईवी एसयूवी ईबेला

**भारी** वाहन बनाने वाली जापानी कंपनी टोयोटा इसी महीने पूरी तरह से इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर ईबेला बाजार में उतार सकती है। यह मारुति ई-विटारा प्लेटफॉर्म पर आधारित है। अर्बन क्रूजर ईबेला में दो बैटरी ऑप्शन- 49 किलोवाट घंटा और 61 किलोवाट घंटा है। दोनों में 193 एनएम टॉर्क और फ्रंट व्हील ड्राइव है। इसके टॉप वेरिएंट में लेवल-2 एडीएएस, 7 एयरबैग्स, 10.1 इंच टचस्क्रीन, 10.25 इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, वायरलेस एपल कारप्ले, एंड्रॉइड ऑटो, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, 360 डिग्री कैमरा, पैनोरमिक सनरूफ और 18 इंच अलॉय व्हील्स मिल सकते हैं।

25 फरवरी, 1964

## आज का दिन



अमेरिकी मुक्केबाज मुहम्मद अली सोनी लिस्टन को हराकर विश्व हैवीवेट चैंपियन बने थे। उन्हें कैसियस क्ले के नाम से भी जाना जाता है। वह 20वीं सदी की महान खेल हस्तियों में से एक थे।

- 1913 : अमेरिकी संविधान का सोलहवां संशोधन 'संघीय आयकर की अनुमति' लागू हुआ।
- 1943 : ब्रिटिश संगीतकार जॉर्ज हैरिसन का जन्म हुआ था।
- 2001 : ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन का निधन हुआ था।
- 2004 : फिल्म 'द पैशन ऑफ द क्राइस्ट' अमेरिका के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## व्रत त्योहार

**आज :** फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी।
**कल :** लट्ठमार होली नंदगांव, वसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले। **राहुकाल :** दिन में 13.30 से 15.00 तक।

■ सूर्योदय : 06.53
■ सूर्यास्त : 18.15
(भारतीय मानक समयानुसार)

## कल का पंचांग

**विक्रमी** संवत 2082, 07 फाल्गुन मास शक 1947, फाल्गुन मास 15 प्रविष्टे, 08 रमजान हिजरी 1447, फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी 24.33 तक उपरांत एकादशी, मृगशिरा नक्षत्र 12.10 तक उपरांत आर्द्रा नक्षत्र, प्रीति योग 22.32 तक उपरांत आयुष्मान योग, तैतिल करण 13.35 तक उपरांत गर करण, चंद्रमा मिथुन राशि में दिन-रात।

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** भाग्य सहायक रहेगा। पूर्व में किए श्रम का लाभ मिलेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष :** दिनमान अनुकूल रहेगा। नौकरी में उन्नति हो सकती है। व्यवसाय में लाभ होगा। परिवार में आनंद रहेगा।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बनते कार्य में निराशा होगी। व्यवसाय में अल्प लाभ होगा। अचानक यात्रा संभव है।

**कर्क :** भावनात्मक स्तर पर संवेदनशील रहेंगे। विकास के नए अवसर मिलेंगे। व्यवसाय में आशातीत धन लाभ होगा।

**सिंह :** राजकाज में सफलता मिलेगी। नौकरी में सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय में लाभ होगा। परिवार में आनंद रहेगा।

**कन्या :** उतावलेपन पर नियंत्रण रखें। अटका कार्य बनेगा। व्यवसाय में आय-व्यय सम रहेंगे। सेहत नरम रहेगी।

**तुला :** स्वजनों से मतभेद रहेंगे। नौकरी में कार्य भार बढ़ सकता है। आय-व्यय में संतुलन बनाए रखें।

**वृश्चिक :** सोच-समझकर निर्णय लें। नौकरी में स्थिरता बनी रहेगी। आर्थिक क्षेत्र में सचेत रहें।

**धनु :** दिनमान अनुकूल रहेगा। राजनीतिक संबंध सहायक रहेंगे। विवादित मामला सुलझ सकता है।

**मकर :** किसी सूचना से उत्साहित रहेंगे। नौकरी में दबदबा बना रहेगा। व्यवसाय में विस्तार हो सकता है।

**कुंभ :** किसी नई योजना में व्यस्त रहेंगे। शुभचिंतकों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्य भार बढ़ सकता है।

**मीन :** सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। नई योजना में व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार संभव है।



## जन्मदिन

शाहिद कपूर, अभिनेता

**आज** जन्मे जातक धैर्यवान, भावुक एवं कल्पनाशील होते हैं। आत्मबल प्रबल रहेगा। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। मकान या प्लॉट क्रय हो सकता है। विकास के नए अवसर मिलेंगे। विवाह या संतान सुख की इच्छा पूर्ण होगी। साझेदारी में किसी नए व्यवसाय का प्रारंभ हो सकता है। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 2 | | | | | 8 |
| | | | 1 | | 3 | | | 9 |
| 7 | 1 | | | | | 3 | | |
| | | 1 | 6 | 9 | 7 | | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | 5 | 3 | 2 | 7 | | |
| | | 8 | | | | | 9 | 6 |
| 4 | | | 8 | | 9 | | | |
| 2 | | | | | 1 | | 5 | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 4 | 2 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 2 | 9 | 1 | 3 | 7 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 1 | 8 | 5 | 4 |

डेली हेल्थ कैप्सूल

## रोगों के उपचार में कारगर है एवोकाडो तेल

*एवोकाडो तेल में मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैट, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन्स सेहत के लिए फायदेमंद हैं।*

**पोषक** तत्वों से भरा एवोकाडो खाने में स्वादिष्ट होता है। साथ ही इसका तेल भी काफी फायदेमंद होता है। इस तेल में पोटैशियम के साथ, विटामिन ई, बी, सी, के और डी होता है। साथ ही इसमें एंटीइंफ्लेमेटरी और मॉइस्चराइजिंग गुण भी होते हैं, जो त्वचा से जुड़ी समस्याओं के उपचार में मदद करते हैं। एवोकाडो तेल में मौजूद फाइबर



पाचन प्रक्रिया को सुधारने में मदद करता है। साथ ही यह तेल वसा के अवशोषण को भी कम करता है, जिससे वजन धीरे-धीरे कम होने लगता है। एवोकाडो में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन जैसे कैरोटीनॉयड होते हैं, जो आंखों को स्वस्थ रखने में सहायक हैं। इस तेल में सबसे कम सैचुरेटेड फैट होता है। इसके अलावा इसमें मोनोसैचुरेटेड फैट होता है, जो बैड कॉलेस्ट्रॉल को कम करता है। इस तेल के सेवन से किडनी को आवश्यक फैटी एसिड मिलता है, जिससे हार्मोन्स का संतुलन बना रहता है। इससे रक्त चाप नियंत्रित रखता है। इसमें मौजूद ओमेगा 3 फैटी एसिड और विटामिन ई इम्यूनिटी बूस्टर की तरह काम करता है और त्वचा को क्षतिग्रस्त होने से बचाता है। इससे सोरायसिस, एक्जिमा, मुंहासे और त्वचा की बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**एवोकाडो तेल का सेवन और त्वचा पर उपयोग सीमित मात्रा में करना चाहिए। यह शरीर में सूजन बढ़ा सकता है। अगर एलर्जी है या त्वचा संवेदनशील है तो उपयोग से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।**
-डॉ. बी. एल. जांगिड़
त्वचा रोग विशेषज्ञ

# हवाई दुर्घटनाएं

महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत से जुड़ा विवाद अभी थमा भी नहीं है कि सोमवार की शाम झारखंड में 'रेड बर्ड एविएशन' की एयर एंबुलेंस और मंगलवार की सुबह पोर्ट ब्लेयर के नजदीक पवनहंस हेलीकॉप्टर की दुर्घटनाओं ने उड्डयन क्षेत्र को लेकर हमारी चिंताएं बढ़ा दी हैं। पवनहंस हेलीकॉप्टर में सवार सातों यात्री खुशकिस्मत थे कि उनका विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, मगर अजित पवार व उनके सहयात्रियों की तरह एयर एंबुलेंस के सभी सवार अपनी जान से हाथ धो बैठे। विडंबना यह है कि एक जान बचाने के लिए भरी गई उड़ान ने सात लोगों की जिंदगी खत्म कर डाली। जैसे कि ब्योरे हैं, एक हादसे में 65 फीसदी झुलस गए संजय साव की जान बचाने के लिए परिवार वालों ने कर्ज लेकर छह लाख रुपये में 'रेड बर्ड एविएशन' की सेवा ली थी, ताकि वे दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए उन्हें भर्ती करा सकें। यह परिवार इस त्रासदी को कभी न भुला सकेगा कि बीमार संजय के साथ उसके दो अन्य तीमारदार भी इसमें मारे गए।

हवाई सेवा सुरक्षित, त्वरित व पेशेवर परिवहन प्रणाली मानी जाती है और इसके लिए उपभोक्ताओं से भारी कीमत भी वसूली जाती है। इसमें यदि ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निस्संदेह, एयर एंबुलेंस और पवनहंस हेलीकॉप्टर की दुर्घटना के असली कारण जांच के बाद पता चलेंगे, मगर नागरिक उड्डयन विभाग के लिए यह आत्मचिंतन का समय है। अगर इसी तरह हादसे होते रहे, तो लोगों का इस क्षेत्र से भरोसा उठने लगेगा। विकसित भारत का सपना देख रहे देश के लिए यह अच्छी बात नहीं होगी। गौर कीजिए, पिछले एक दशक में अमेरिका में सालाना उड़ानों की संख्या दोगुनी हो चुकी है, जबकि हमारे यहां कई हवाई अड्डों से नियमित उड़ानों के बंद होने की खबरें सुनाई देती हैं। इसलिए विमानन क्षेत्र की सुरक्षा संबंधी खामियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यह क्षेत्र लगातार नकारात्मक वजहों से सुर्खियां बटोर रहा है और इससे देश के संपूर्ण परिवहन क्षेत्र की छवि प्रभावित होती है। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब इंडिगो विवाद ने देश-दुनिया में हमारी किरकिरी कराई थी। हजारों उड़ानें रद्द हुईं और मुसाफिरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। इसलिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय को अपने तंत्र को चाक-चौबंद करने के लिए काफी मेहनत करने की आवश्यकता है।

**विमानन क्षेत्र की खामियों पर ध्यान देना होगा। यह लगातार नकारात्मक वजहों से सुर्खियां बटोर रहा है, जिससे देश के परिवहन क्षेत्र की छवि प्रभावित होती है।**

एयर एंबुलेंस हादसे का एक पहलू यह भी है कि अगर रांची में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा होती, तो शायद यह नौबत ही नहीं आती। यह अकेले झारखंड की बात नहीं है। नई दिल्ली के निजी-सार्वजनिक अस्पतालों में जिस तरह देश भर के मरीजों का तांता लगा रहता है, वह अपने आप में इस क्षेत्र की दयनीय स्थिति का इश्तिहार है। आखिर एक मध्यवर्गीय परिवार के लिए छह लाख की राशि कोई कम नहीं होती, मगर अपनों को बचाने की बेचैनी में कोई भी जोखिम उठाने को वे विवश हैं। झारखंड का यह हादसा तमाम सरकारों को आईना दिखाता है कि चिकित्सा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश करने और इलाज की गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है। दरअसल, हादसों के प्रति अगंभीर रुख अपनाने की हमारी आम प्रवृत्ति ने तमाम क्षेत्रों की तरह हवाई सेवाओं के निजी ऑपरेटरों को भी एक हद तक लापरवाह बना दिया है। इसलिए देश के हित में यही है कि इन दुर्घटनाओं के कारणों की त्वरित जांच हो और उनके आलोक में सुधार के ठोस कदम उठाए जाएं।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले

25 फरवरी, 1951

### न्याय का तकाजा

गत सप्ताह निवारक निरोध (संशोधन) विधेयक 1951 पर संसद में जोरदार बहस हुई और जनता के नागरिक अधिकारों को दृष्टि में रखते हुए इस प्रकार की बहस स्वाभाविक तथा उचित है। संसद में गृह मन्त्री ने स्वयं स्वीकार किया कि सामान्यतः न्याय का यही तकाजा है कि किसी व्यक्ति को दंड देने से पहले उसके मामले पर अदालत विचार कर ले, लेकिन जो लोग हिंसात्मक साधनों से सरकार को उलटने के लिए तैयार हों, उनके संबंध में इस साधारण नियम से काम नहीं लिया जा सकता कि जब वे कोई अपराध कर चुकेंगे, तब उनके मामले पर विचार किया जायेगा। विधान में जहां नागरिक अथवा मौलिक अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया गया है, वहां असाधारण स्थितियों का सामना करने के लिए नजरबन्दी की भी गुंजाइश रखी गई है।

संसार के अन्य देशों में भी असाधारण स्थितियों का सामना करने के लिए इस प्रकार के कदम उठाये गये हैं और उठाये जाते हैं। फिर इस बात का ध्यान रखा गया है कि निवारक निरोध अधिनियम आवश्यकता से अधिक कड़ा न हो। नजरबन्दी के सब मामलों पर एक परामर्श-दात्री मंडल विचार करेगा और मंडल के निर्णय को मानने के लिए सरकार बाध्य होगी। मंडल चाहे तो किसी नजरबन्द का बयान स्वयं उससे सुन सकेगा और गजट में समय-समय पर पुराने तथा नये नजरबन्दों की तालिका प्रकाशित होती रहेगी।

निश्चय ही अल्पमत का यह अधिकार है कि वह अपने विचारों तथा कार्यक्रम को जनता के आगे रख कर उसका समर्थन प्राप्त करने का प्रयत्न करे। किन्तु अल्पमत को इस बात की खुली छूट नहीं है कि वह जोर-जबर्दस्ती से अपने को बहुमत सिद्ध कर शासन-तंत्र पर अधिकार कर ले। इससे तो शेष जनता के अधिकारों पर कुठाराघात होता है और कोई सरकार इसे सहन नहीं कर सकती।

रेलवे बजट : परिवहन मंत्री श्री गोपालास्वामी आयंगर ने संसद में रेलवे बजट पेश कर दिया। आश्चर्य तो यह है कि रेलों की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी होते हुए भी यात्रा का किराया बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। पिछले दो वर्षों की आय के आंकड़ों को देखने से विदित होता है कि रेलों की आमदनी में वृद्धि होती जा रही है।

# ताकि नक्सलवाद फिर न पनप पाए


यहां स्कैन करें

**दिलीप त्रिवेदी** | सेवानिवृत्त महानिदेशक, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

**अब जब माओवादियों की कमर टूट चुकी है, हमारा ध्यान आदिवासियों को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने पर होना चाहिए। देवुजी का आत्मसमर्पण यह मौका दे रहा है।**



दुर्दांत नक्सली थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवुजी का आत्मसमर्पण लाल गलियारे के सिमटने का एक और बड़ा उदाहरण है। देवुजी का हथियार डालना कितनी अहमियत रखता है, इसका पता इससे भी चलता है कि पिछले साल मई में बसवाराजू के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद देवुजी को ही नक्सल संगठन भाकपा (माओवादी) का अगला महासचिव माना जा रहा था। वह केंद्रीय समिति व पोलित ब्यूरो के सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुका है और कई राज्यों में माओवादी योजना को अंजाम तक पहुंचाने व समन्वय बनाने का काम भी कर चुका है।

जाहिर है, नक्सलवाद अब लगभग नेतृत्वहीन हो चुका है। यह आत्मसमर्पण उस सूबे (तेलंगाना) में हुआ है, जो पीपुल्स वार ग्रुप (पीडब्ल्यूजी) का उद्गम स्थल रहा है। यहीं से यह संगठन पश्चिम बंगाल व बिहार पहुंचा और वहां के नक्सली आंदोलन की रीढ़ बना। तेलंगाना से ही पीडब्ल्यूजी के लड़ाके छत्तीसगढ़ में भी फैले, जहां सुरक्षा बलों पर सबसे घातक हमले हुए हैं। असल में, छत्तीसगढ़ इस आंदोलन का गढ़ इसलिए बना, क्योंकि यहां की भौगोलिक स्थिति व आदिवासियों की बड़ी आबादी नक्सलियों के अनुकूल थी। बस्तर तो भौगोलिक रूप से तेलंगाना से जुड़ा हुआ है, जो इस आंदोलन का मुख्य केंद्र रहा है। ऐसे में, देवुजी का आत्मसमर्पण तेलंगाना और छत्तीसगढ़, दोनों राज्यों में नक्सली गतिविधियों को एक बड़ा झटका है। सुरक्षा बलों के लिए तो यह एक बड़ी उपलब्धि है ही।

देवुजी संगठन का एक प्रमुख रणनीतिकार था। वह तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों पर हमले करने सहित कई बड़ी कार्रवाइयों का हिस्सा रहा है। नए लड़ाकों की भर्ती करने और आदिवासियों को वामपंथी उग्रवाद की विचारधारा से जोड़ने में वह विशेष सक्रिय रहा है। उसका दायरा तेलंगाना और छत्तीसगढ़, दोनों राज्यों में फैला था। संभवतः इसी कारण उस पर कुल 1.25 करोड़ रुपये का इनाम रखा गया था। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार की मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे और सख्त सुरक्षात्मक रणनीति का नतीजा है कि नक्सली नेतृत्व बीते कुछ महीनों से या तो हथियार डाल रहे हैं या फिर सुरक्षा बलों के हत्थे चढ़ जा रहे हैं।

इसका यह भी अर्थ है कि एक लंबे समय के बाद यह आंदोलन कमजोर पड़ता दिख रहा है। निस्संदेह, सुरक्षा बलों ने इसके लिए काफी पसीना बहाया है। पहले इनका आकार बहुत छोटा था और जवानों के हाथों में जो हथियार थे, वे भी पुराने थे। तब राज्य पुलिस के भी हाथ बंधे हुए थे, क्योंकि मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद छत्तीसगढ़ को अपने 'जनक राज्य' से उचित सहायता नहीं मिली थी। बाद में, केंद्र सरकार ने वहां आधुनिकीकरण पर जोर दिया और बेहतर हथियारों एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था की। उसने इसके लिए आर्थिक मदद की।

विशेषकर सीआरपीएफ व सीएपीएफ की क्षमताओं को बेहतर बनाना और वामपंथी उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए खास बटालियन (कोबरा) का निर्माण फायदेमंद साबित हुआ है। इतना ही नहीं, सुदूर इलाकों में सड़कों का जाल बिछाया गया और दूरसंचार के माध्यम से उनको मुख्य इलाकों से जोड़ने का प्रयास हुआ। माओवादी गढ़ में दाखिल होकर सुरक्षा शिविर बनाने की पुरानी नीति ने भी अपना प्रभाव दिखाया। इन सबके कारण स्थानीय आदिवासी समूह नक्सलवाद से छिटकने लगे। अब तो वामपंथी उग्रवादी संगठनों के लिए नए रंगरूट मिलने भी मुश्किल हो गए हैं।

यहां मुझे 2013 के वे दिन याद आते हैं, जब यह आंदोलन काफी उग्र था। मैं तब सीआरपीएफ में बतौर महानिदेशक अपनी सेवा दे रहा था। उस समय छत्तीसगढ़ में राज्य विधानसभा चुनाव कराने की जिम्मेदारी हमें मिली, जिसके बाद आम चुनाव भी हुए थे। इन चुनावों में हमें नक्सलियों को रुकावट पैदा करने से हर हाल में रोकना था। इसके लिए कई जगहों पर पोलिंग पार्टी आखिरी दिन भेजी गई, जबकि अन्य लोगों को पहले ही हेलीकॉप्टर से मतदान-केंद्रों पर उतार दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया था, ताकि अंतिम समय में लंबी 'मूवमेंट' न हों और वे नक्सलियों का निशाना न बनें। इतना ही नहीं, पोलिंग पार्टी पुलिस की गाड़ी में नहीं भेजी गई, क्योंकि उनकी पहचान जाहिर होने का खतरा था। फिर, जहां-जहां चुनाव न कराने की धमकी मिली थी, वहां-वहां उप-चुनाव कराने की नीति अपनाई गई, ताकि अधिक-से-अधिक सुरक्षा बलों का मतदान-केंद्रों पर इस्तेमाल हो सके। कोबरा बटालियन भी मैदान में उतारी गई थी।

अब जब माओवादियों की कमर टूट चुकी है, हमारा ध्यान आदिवासियों को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने पर होना चाहिए। अच्छी आजीविका के लिए उन्हें स्थानीय शिल्पकला विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। इन सबके साथ पर्यटन को भी बढ़ाना देना चाहिए, जिससे क्षेत्र में समृद्धि के द्वार खुल सकेंगे। पूर्व-उग्रवादियों के पुनर्वास की नीति हमारे पास पहले से है, इसलिए अब बुनियादी ढांचे के विकास पर हमें संजीदगी दिखानी होगी। इन इलाकों के खनिकों को विस्फोटक सामग्री की आपूर्ति पर भी प्रभावी नियंत्रण बनाना आवश्यक है, ताकि नक्सली उनका बेजा इस्तेमान न कर सकें।

जिन वजहों से इस हिंसक आंदोलन ने इतनी व्यापकता पाई, उनको खत्म करना आवश्यक है। वास्तव में, आदिवासियों में अलगाव व शोषण की भावना से इस आंदोलन को बल मिला है। पुलिस बल की कमी और हथियारों व विस्फोटकों की आसान उपलब्धता ने उग्रवाद को बढ़ाने में योगदान दिया है। हालांकि, अब सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों का समाधान हो चुका है और शीर्ष नेतृत्व की प्रतिबद्धता में कमी आने से इस आंदोलन के प्रति वैचारिक आकर्षण भी कमजोर हुआ है। लिहाजा, यह कहना उचित होगा कि यह आंदोलन अब अंतिम सांसें गिन रहा है और इसके पुनर्जीवित होने की आशंका नहीं है।

अब नक्सलवाद-विरोधी इस मॉडल को पूर्वोत्तर में भी लागू करने की मांग हो रही है। हालांकि, यह नहीं किया जा सकता, क्योंकि हर जगह के स्थानीय मुद्दे अलग-अलग होते हैं। हमें यह भी समझना होगा कि आदिवासियों की निष्ठा बेहद मजबूत होती है और वह बाहरी लोगों से प्रभावित नहीं होती। हालांकि, पर्यटन को बढ़ावा देने, बेहतर समन्वय स्थापित करने और विकास निधि के दुरुपयोग को रोकने पर अतिवादी सोच का काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# एक कुलपति की बात पर इतना हंगामा क्यों बरपा


यहां स्कैन करें

**सुधांशु रंजन** | वरिष्ठ टीवी पत्रकार

भारत में जाति एक दहनशील मुद्दा है। इसको लेकर की गई किसी भी टिप्पणी को लेकर उठे विवाद का शांत होना कठिन होता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित के एक हालिया साक्षात्कार पर हंगामा खड़ा हो गया है। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले नए नियम को गैर-जरूरी बताते हुए कहा कि दलित और अश्वेत हमेशा पीड़ित बनकर या 'विक्टिम कार्ड' खेलकर प्रगति नहीं कर सकते। इस बयान पर जब विवाद हुआ, तो उन्होंने कहा कि वह स्वयं बहुजन हैं।

वैसे, शांतिश्री की बात गंभीर विमर्श की मांग करती है। इस पर हंगामा खड़ा करने वालों को भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए। भारत में जातिगत भेदभाव रहा है और इसकी कठोरतम शब्दों में भर्त्सना होनी चाहिए, परंतु यहां अमेरिका की तरह कभी गुलामी की व्यवस्था नहीं रही। वहां स्कूलों और बसों तक में श्वेतों-अश्वेतों के अलग-अलग बैठने की व्यवस्था थी। बस में एक तख्ती लगा दी जाती थी कि उसके पीछे की सीटों पर अश्वेत बैठेंगे। जब गोरों की संख्या ज्यादा हो जाती थी, तब उस तख्ती को निकालकर और पीछे कर दिया जाता था और अश्वेतों को उठाकर गोरों के लिए जगह बनाई जाती थी।

**सांप्रदायिक घटनाओं को जब विभाजक मानकर पाठ्यक्रम से बाहर कर दिया गया, तब जाति-विद्वेष की लगातार चर्चा से कैसे एकता लाई जा सकती है?**

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ड्रेड स्कॉट बनाम स्टैनफोर्ड (1857) मामले में गुलामी-प्रथा को संविधान सम्मत बताते हुए रंग-आधारित अलगाव (सेग्रिगेशन) को सही ठहराया। 'प्लेसी बनाम फर्ग्यूसन (1896) मामले में भी सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी कि यह अलगाव सही है, बशर्ते श्वेतों और अश्वेतों के अधिकार बराबर हों। सन् 1954 के 'ब्राउन बनाम बोर्ड ऑफ एजुकेशन' मामले में न्यायालय ने इस प्रथा को अवैध करार दिया। तब इस फैसले को लिखने वाले मुख्य न्यायाधीश अर्ल वारेन के पुतले जलाए गए थे। अमेरिकी अश्वेत काफी हद तक अब पीड़ित की मानसिकता से बाहर आ गए हैं। ओबामा फाउंडेशन द्वारा पिछले 26 सितंबर को सोशल मीडिया पर एक रील जारी किया गया, जिसमें बराक ओबामा कह रहे हैं, 'विक्टिमहुड' कोई मुद्रा नहीं है, सफलता उपहार के रूप में परोसी नहीं जाति, बल्कि प्रयास से अर्जित करनी पड़ती है।'

ऐसा नहीं है कि बराक ओबामा ने अपने साथ हुए भेदभाव का कभी जिक्र नहीं किया। उन्हें कभी होटल में बैरा समझा गया, तो कभी नौकर, पर 27 जुलाई, 2004 को बॉस्टन में आयोजित डेमोक्रेटिक कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने कहा- अमेरिका नस्लों में बंटा हुआ देश नहीं है। यह ब्लैक अमेरिका नहीं है, व्हाइट अमेरिका नहीं है, लैटिन अमेरिका नहीं है, एशियन अमेरिका नहीं है, यह संयुक्त राज्य अमेरिका है। इस भाषण ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति दी।

निस्संदेह, भारत में जाति-व्यवस्था के कारण भीषण जुल्म हुए, लेकिन जाति-व्यवस्था वैदिक काल में नहीं थी। पीवी काणे ने *धर्मशास्त्र का इतिहास* में इसके बारे में लिखा है। सवाल यह भी है कि अतीत में हुए जातिगत शोषण की बार-बार चर्चा करके हम जातिविहीन समाज कैसे बनाएंगे?

सन् 1969 में इंदिरा गांधी सरकार ने जी पार्थसारथी की अध्यक्षता में एक कमिटी का गठन किया। इसका मकसद था, शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना। इसके तहत स्कूली पाठ्यक्रमों से विभाजनकारी तथ्यों को हटाना था। कमिटी के एक सदस्य एसएल भैरप्पा ने सवाल उठाया कि सत्य पर परदा डालना कितना उचित है? पार्थसारथी ने जवाब दिया कि यह सही है कि महमूद गजनवी और औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़ा, जबरन धर्मांतरण कराए, लेकिन इन बातों को अब पढ़ाने का क्या लाभ? भैरप्पा ने जब विरोध जारी रखा, तो कमिटी का पुनर्गठन करके उन्हें हटा दिया गया। अगर उस समय सांप्रदायिक घटनाओं को विभाजनकारी मानते हुए पाठ्यक्रम से बाहर किया गया, तो अब जातीय विद्वेष की चर्चा करके कैसी एकता लाई जा सकती है?

अनेक दलित अपनी प्रतिभा व परिश्रम के बूते शीर्ष पर उस समय पहुंचे, जब न आरक्षण था और न ही उनके पक्ष में कोई कानून। इसलिए शांतिश्री की सलाह दलितों के उत्थान के द्वार खोल सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# धार्मिक के लिए धैर्य जरूरी

किसी भी वस्तु, व्यक्ति या विचार की प्रकृति कुछ विशिष्ट गुणों और विशेषताओं से निर्धारित होती है। धर्म के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की पहचान भी उसके गुणों से ही होती है। वेदों और शास्त्रों में ऐसे अनेक गुणों का उल्लेख किया गया है, जो मनुष्य को वास्तविक अर्थों में धार्मिक बनाते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण गुण धैर्य है।

धैर्य का अर्थ है, किसी भी परिस्थिति में विचलित न होना। परेशान होना, घबराना या अधीर हो जाना मनुष्य के लिए न तो उचित है और न ही हितकारी। एक धार्मिक व्यक्ति हर स्थिति में शांत रहता है। वह वर्तमान को समझता है और भविष्य के लिए स्वयं को तैयार करता है। इसलिए धर्मपथ पर चलने वाले व्यक्ति के लिए धैर्य पहली और अनिवार्य शर्त है।

इसके बाद आता है दमन, जिसका वास्तविक अर्थ आत्मसंयम है। शास्त्रों में दमन और शमन, इन दो शब्दों का स्पष्ट अंतर बताया गया है। दमन का अर्थ है स्वयं पर नियंत्रण, जबकि शमन का अर्थ है, दूसरों या असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण। जो व्यक्ति समाज में अन्याय, अराजकता और असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध संघर्ष करता है, वह शमन करने वाला कहलाता है। जो व्यक्ति अपनी इच्छाओं, वासनाओं, क्रोध और लोभ को नियंत्रित करता है, वही दमन करने वाला है। बिना आत्मसंयम के धर्म की कल्पना अधूरी है।

अस्तेय आचार-संहिता का एक अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्धांत है। अस्तेय का अर्थ होता है- चोरी न करना। शास्त्रों में चोरी के दो प्रकार बताए गए हैं- बाहरी और आंतरिक। दूसरों की जानकारी या अनुमति के बिना उनकी वस्तु, धन या अधिकार छीनना बाहरी चोरी है। आंतरिक चोरी मन के भीतर होती है। जैसे, ईर्ष्या, अनुचित लाभ की इच्छा या किसी का हक छीनने की मानसिक प्रवृत्ति। यद्यपि आंतरिक चोरी से किसी को प्रत्यक्ष हानि नहीं होती, फिर भी यह व्यक्ति को भीतर से चोर बना देती है। इसलिए अस्तेय का वास्तविक अर्थ है- विचार, वाणी और कर्म, तीनों स्तरों पर चोरी से बचना।

जब मनुष्य अपनी कर्मेंद्रियों और ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है, तब उसे इंद्रियनिग्रह कहा जाता है। जीवन के हरेक स्तर पर मनुष्य अपनी इंद्रियों का उपयोग करता है, परंतु धार्मिक व्यक्ति वही है, जो उनका स्वामी हो, दास नहीं। हजारों पुस्तकें पढ़ लेने मात्र से वास्तविक ज्ञान नहीं आता, क्योंकि मानव स्मृति सीमित होती है। साधना द्वारा स्मृति-शक्ति को जाग्रत करना आवश्यक है। विद्या आत्मज्ञान है, जो मनुष्य को परमार्थ की ओर ले जाती है। सांसारिक सुखों तक सीमित ज्ञान अविद्या कहलाता है। व्यक्ति के लिए विद्या आवश्यक है। इसी तरह, व्यक्ति को क्रोध से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि क्रोध विवेक का नाश कर देता है।

**एक धार्मिक व्यक्ति हर स्थिति में शांत रहता है। वह वर्तमान को समझता है और भविष्य के लिए स्वयं को तैयार करता है। इसलिए धर्मपथ पर चलने वाले व्यक्ति के लिए धैर्य पहली और अनिवार्य शर्त है।**

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

**ओम बिरला** | लोकसभा अध्यक्ष



**भारत का संसदीय राजनय नए दौर में प्रवेश कर रहा है। दुनिया के साथ अंतर-संसदीय संपर्क बढ़ाने के पहले चरण में 60 से ज्यादा देश 'पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स' में शामिल हो रहे हैं। इससे आपसी रिश्ते गहरे होंगे और संसदीय राजनय को मजबूती मिलेगी।**

## अनुलोम-विलोम

### रेवड़ी संस्कृति



# रेवड़ी संस्कृति पर अदालत का सवाल

शीर्ष अदालत ने चुनावी मौसम में जनता को मुफ्त उपहार बांटने की परंपरा को गलत बताया, जो उचित ही है। इसके बदले उसने रोजगार देने की बेहतरीन बात कही है। सच भी यही है कि राजनीतिक पार्टियां ऐसे मुफ्त उपहार और योजनाओं की बात कहकर मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने के प्रयास करती हैं, ताकि बस सरकार बनाई जा सके। जनता को कभी इसका फायदा मिलता है, तो कभी वह सिर्फ सपने देखकर रह जाती है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने सही कहा कि सबसे आवश्यक चीज रोजगार है। आदमी हो या औरत, शिक्षित हो या अशिक्षित, सभी काम चाहते हैं। अच्छा हुआ, जो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में टिप्पणी की। अब जनता को ऐसे मुफ्त लुभावने उपहार देने की घोषणा करने से पहले पार्टियां एक बार विचार जरूर करेंगी। अगर सियासी पार्टियां रोजगार जैसे मुद्दे पर गंभीरता से काम करने के प्रयास करती हैं, तो युवा शक्ति और सशक्त होगी। इससे राष्ट्र-निर्माण में भी सहायता मिलेगी।

**शैलबाला कुमारी**, गृहिणी

**चुनाव** से पहले मुफ्त सुविधाएं (फ्रीबीज) देने पर सुप्रीम कोर्ट ने पुनः तल्ख टिप्पणी करते हुए अपनी नाराजगी जताई है। उसने साथ-साथ कुछ कड़े सवाल भी पूछे हैं, जैसे- मुफ्त की सुविधाएं यदि यूं ही मिलती रहीं, तो लोग काम क्यों करेंगे? इतना ही नहीं, घाटे में चलने वाले राज्य, जो कर्ज लेकर अपना काम चला रहे हैं, लोगों को पैसे किस तरह बांट रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी समयानुकूल होने के साथ-साथ जायज है, लेकिन दुख की बात है कि इसकी परवाह कौन करता है या कर रहा है? सभी दल चुनाव में वोट पाने के लिए बेढंगी चाल ही चलते हैं। भले ही अर्थव्यवस्था बैठ जाए या विकास की दौड़ में देश पीछे रह जाए, उनको इसकी परवाह नहीं। केंद्र व राज्यों की कमान संभालने के लिए सभी पार्टियां चुनावी मैदान में उतरते ही मुफ्त सुविधाओं की वकालत करने लगती हैं। उनका एक ही मकसद होता है- मुफ्त सुविधाओं की घोषणा करो और वोट लो। कोई भी दल अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित नहीं दिखता। जब थोड़े रुपये बांटकर उनका काम चल जाता है, तो बेरोजगारों को रोजगार देकर हाथी कोई क्यों बांधे? जब तक मुफ्त की इन सुविधाओं पर रोक के लिए सख्त कानून नहीं बनेगा, तब तक इन दलों पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। यह सही है कि संसद व विधानसभाओं में ही कानून बनते हैं और ऐसे कानून बनाकर ये चतुर सुजान अपने पैरों पर कुल्हाड़ी क्यों मारेंगे, लेकिन जनता का दबाव काम कर सकता है। इसलिए, सौगात देकर वोट खरीदने की राजनीति अब बंद होनी चाहिए।

**हेमा हरि उपाध्याय**, टिप्पणीकार

# जरूरतमंदों का ख्याल जरूर रखा जाए

चुनाव से पूर्व राज्य सरकारों द्वारा घोषित मुफ्त योजनाओं और सब्सिडी की कड़ी आलोचना करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा है कि इस तरह की संस्कृति कब तक जारी रहेगी, क्योंकि इसकी वजह से देश के दीर्घकालिक आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है? उसने रेवड़ी संस्कृति को आगे बढ़ाने के बजाय सरकारों को अपने यहां रोजगार देने के लिए कहा। यहां यह तर्क सही लग सकता है कि अगर आप सुबह से लेकर शाम तक इसी तरह से मुफ्त में खाना या मुफ्त की सुविधाएं बांटते रहेंगे, तो देशहित के काम कौन करेगा? इससे तो देश का विकास ही रुक जाएगा। हालांकि, ऐसा कहते हुए यह समझना भी जरूरी है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सुविधाएं देना सरकारों का नैतिक कर्तव्य है। जो लोग अपनी जरूरतें पूरी नहीं कर सकते या जो पूरी मेहनत करने के बावजूद अपने परिवार का पालन-पोषण नहीं कर पाते, उनके लिए यह 'रेवड़ी संस्कृति' किसी नेमत से कम नहीं।

सच यही है कि देश में आज भी कई ऐसे बच्चे हैं, जिनके माता-पिता उनकी शिक्षा का खर्च वहन नहीं कर सकते। ऐसे बच्चों के लिए क्या मुफ्त में शिक्षा की व्यवस्था नहीं होनी चाहिए? इसी तरह, आर्थिक तंगी की वजह से उच्च शिक्षा से दूर रह जाने वाले बच्चों को सरकारी मदद नहीं मिलनी चाहिए? यही नियम क्या उन परिवारों पर लागू नहीं होना चाहिए, जिनके बच्चे उचित पोषण नहीं पा रहे, क्योंकि उस घर का अभिभावक हाड़तोड़ मेहनत करने के बाद भी जरूरी कमाई नहीं कर पा रहा? ऐसे घरों में मुफ्त अनाज देने में भला किसको दिक्कत होगी? हां, यह सही है कि सबको एक ही तराजू में नहीं तौला जाना चाहिए और जिनको जरूरत न हो, उनको इस तरह की सुविधाएं नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन जो जरूरतमंद हैं, उनका ख्याल तो सरकारों को रखना ही चाहिए।

कहने का मतलब यही है कि साधन-संपन्न लोगों को मुफ्त सुविधाएं न दी जाएं, लेकिन हमारे राजनेता, सियासी दल या सामाजिक कार्यकर्ता, यहां तक कि अदालतें भी, इस पर जरूर विचार करें कि कुछ लोग, जो किसी-न-किसी वजह से शिक्षा या जीवन-यापन से जुड़ी बुनियादी जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे, जो निर्धन हैं, वंचित तबकों से जुड़े हैं और सामाजिक-आर्थिक पायदान में काफी नीचे हैं, उनकी देखभाल सरकारें करें। यह सरकारों का दायित्व होना चाहिए कि वे उन्हें जरूरी सुविधाएं आवश्यक रूप से प्रदान करें। 'रेवड़ी संस्कृति' बंद करने की जरूरत नहीं है, बस इसमें सुधार की दरकार है। अगर सरकारें ऐसा करने में सफल रहीं, तो अदालत को भी शायद ही कोई आपत्ति होगी।

**एमएम राजावत**, टिप्पणीकार

# आईटी-एआई में कितना काम और कमाई

**एआई की दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी ताकत भारत में एआई शिखर सम्मेलन अभी हाल ही में संपन्न हुआ है। इस क्षेत्र में भारत के तेज विकास की बड़ी संभावनाएं हैं, पर यह काम कैसे होगा? आगे का रास्ता किधर जा रहा है? यहां रोजगार और कमाई के मौजूदा आंकड़े बताते हैं कि कदम जमाकर चलने की जरूरत है। हमें उम्मीदों के आकाश में नहीं उड़ना है, जमीनी हकीकत के मुताबिक आगे बढ़ना है। आज देश में इंजीनियरिंग का क्या हाल है? देश की आईटी क्षमता के साथ ही, एआई शक्ति को भी तेजी से बढ़ाना है। पेश है आईटी और एआई क्षेत्र पर निगाह डालती श्रीदेव कृष्णकुमार की रिपोर्ट...**



भारत के आईटी उद्योग को बाहर से देख रहे लोगों का भी यही मानना है कि यह उद्योग एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है। एक पुरानी और बड़ी आशंका है कि एआई के बढ़ते प्रभाव से आईटी क्षेत्र में कई नौकरियां खत्म हो जाएंगी। हालांकि, भारत के आईटी क्षेत्र के दिग्गज यह मानते हैं कि ऐसी आशंकाएं निराधार हैं और यह उद्योग बिना किसी बड़ी कठिनाई के खुद को नए माहौल में ढाल लेगा। यह बहस जल्द ही किसी न किसी रूप में सुलझ जाएगी। इस बीच, यह सवाल पूछना जरूरी है कि इस बहस में आखिर भारत के लिए क्या दांव पर लगा है? *एचटी* ने इस सवाल का जवाब खोजने के लिए विभिन्न डाटाबेस का व्यापक विश्लेषण किया हैं और पेश हैं उसके कुछ खास पहलू -

आईटी क्षेत्र में रोजगार वृद्धि बहुत पहले ही चरम पर पहुंच गई है। हमने उद्योग संगठन नैसकॉम द्वारा जारी आईटी क्षेत्र के रोजगार आंकड़ों को विभिन्न स्रोतों से संकलित किया है, जिनमें उनके अपने प्रेस ज्ञापन, शोध पत्र और डाटा प्रदाता सीईआईसी शामिल हैं। तमाम रुझानों से स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में रोजगार वृद्धि अब अपेक्षाकृत स्थिर है। यह कहना गलत नहीं होगा कि ये आंकड़े साधारण नहीं हैं। 1996 और 2000 के बीच आईटी क्षेत्र में रोजगार 1.8 गुना बढ़े। इसके अगले दशक में तेजी आई, तो आईटी उद्योग को अभूतपूर्व गति मिली, जिससे यहां कर्मचारियों की संख्या आठ गुना से अधिक बढ़कर 23 लाख पर पहुंच गई।

उसके अगले दशक में इस उद्योग में कर्मचारियों की संख्या लगभग दोगुनी बढ़ी, हालांकि, इस बार इसका आधार कहीं अधिक बड़ा था। 2020 से 2025 की अवधि में कर्मचारियों की संख्या में महज 1.3 गुना वृद्धि देखी गई। स्पष्ट रूप से 2000 का दशक या इस सदी का पहला दशक आईटी क्षेत्र में सबसे अच्छा बीता था। क्या इधर आईटी के विकास की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है? क्या एआई ने आईटी के विकास को प्रभावित किया है? कम से कम बड़ी कंपनियों के आंकड़े तो हमें यही बताते हैं।

नैसकॉम द्वारा जारी किए गए केवल रोजगार संबंधी आंकड़ों पर निर्भर रहने के बजाय, *एचटी* ने सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा तैयार किए गए डाटाबेस में कंपनी/क्षेत्रवार डाटा का भी अध्ययन किया है, जिसमें 38,000 सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध कंपनियां शामिल हैं। कुल मिलाकर, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 5,200 फर्मों या कंपनियों के पास साल 2024 में लगभग 22 लाख कर्मचारी थे, यह नैसकॉम के अनुमान से कम है।

## बड़ी कंपनियों में स्थिर हुआ रोजगार

निफ्टी आईटी इंडेक्स की दस कंपनियों - टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल, विप्रो, एलटीआई माइंडट्री, टेक महिंद्रा, परसिस्टेंट सिस्टम्स, ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज, एमफैसिस और कोफोर्ज - ने 2024 में इन 22 लाख कर्मचारियों में से 18 लाख को रोजगार दे रखा था। चूंकि पर्याप्त डाटा केवल पिछले 10 वर्षों के लिए उपलब्ध है, इसलिए 2020 से पहले की अवधि तक जाना और विश्लेषण करना मुश्किल है। हालांकि, उपलब्ध डाटा से पता चलता है कि महामारी के तुरंत बाद के समय में थोड़ी वृद्धि को छोड़कर, रोजगार वृद्धि आईटी सेक्टर में काफी हद तक स्थिर ही रही है।

हालांकि, यहां जरूरत केवल बड़ी कंपनियों को देखने की नहीं है। बड़े पैमाने पर छोटी कंपनियां भी इस उद्योग में आगे आई हैं और उन्होंने बड़ी संख्या में रोजगार दिए हैं। ऐसे में, समग्रता में इस क्षेत्र में भारत की स्थिति को ठीक माना जा रहा है। बहरहाल, हमें यह सोचना होगा कि हम एआई के दौर में भी रोजगार को कैसे बढ़ा सकते हैं?

## प्रबंधन में एआई को मिले बढ़ावा

एआई के मामले में कुशल इंजीनियर की ही नहीं, हमें एआई में कुशल प्रबंधकों की भी जरूरत है। अंततः ज्यादातर कंपनियों में प्रबंधक ही इंजीनियरों से काम लेते हैं। ऐसे में, प्रबंधक या बिजनेस लीडर का एआई में पारंगत होना बहुत जरूरी है।

एक सर्वेक्षण के मुताबिक, भारतीय बिजनेस स्कूल शिक्षण, अनुसंधान और पाठ्यक्रम निर्माण में जनरेटिव एआई को तेजी से अपना रहे हैं। फिर भी केवल 51 प्रतिशत संकाय सदस्य ही बिजनेस स्कूल के छात्रों पर एआई के सकारात्मक प्रभाव को लेकर आश्वस्त हैं। इसके अलावा, केवल 7 प्रतिशत ही इसके विशेषज्ञ उपयोगकर्ता हैं।

एमबीए यूनिवर्स डॉट कॉम द्वारा भारत के शीर्ष बिजनेस स्कूलों (आईआईएम सहित) के 235 संकाय सदस्यों के बीच किए गए सर्वेक्षण में जनरेटिव एआई द्वारा प्रबंधन शिक्षा को आकार देने के तरीके का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, 51 प्रतिशत संकाय सदस्यों ने छात्रों के विकास में एआई के सकारात्मक प्रभाव की बात मानी है, जबकि आधे से अधिक को उम्मीद है कि अगले 12 महीनों में शिक्षण, पाठ्यक्रम और अनुसंधान में एआई की भूमिका बढ़ेगी। 55 प्रतिशत संकाय सदस्य एआई के मध्यम स्तर के उपयोगकर्ता हैं, जबकि 7 प्रतिशत स्वयं को विशेषज्ञ मानते हैं।

सर्वेक्षण में यह भी पाया गया है कि एआई उपकरणों में, चैटजीपीटी को शिक्षण संबंधी गतिविधियों के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक माना गया। इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट और परप्लेक्सिटी का स्थान रहा, जबकि गूगल जेमिनी और क्लाउड को मध्यम रेटिंग मिली। मेटा एआई को प्रासंगिकता में सबसे कम रेटिंग मिली। अब बिजनेस स्कूल में जो प्रबंधक तैयार किए जा रहे हैं, उन्हें एआई में पारंगत करना होगा। नेतृत्व करने वाले उद्यमियों को भी एआई में कुशल होना पड़ेगा।

## एआई का लीजिए पूरा लाभ

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने चेतावनी दी है कि एआई केवल वैज्ञानिक प्रगति को ही नहीं, पूरी अर्थव्यवस्था को संचालित करने लगेगा। शिक्षा पूरी तरह से बदल जाएगी। स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह से बदल जाएगी। काम करने का मतलब ही पूरी तरह बदल जाएगा। कंपनियां कुछ लोगों और एक विशाल डाटा सेंटर के साथ अविश्वसनीय रूप से नए प्रकार के मूल्य का निर्माण करने लगेंगी।

एआई अर्थव्यवस्था और जीवन स्तर में सुधार लाने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक हो गया है। यह एक ऐसा आर्थिक इंजन है, जो नई क्षमताओं को दुनिया के सामने ला रहा है। आने वाली पीढ़ी लोगों की जरूरतों को ज्यादा बेहतर ढंग से समझ पाएगी। आने वाली पीढ़ी लोगों के साथ बातचीत करने, उन्हें प्रेरित करने, रचनात्मक विचार पेश करने, तेजी से अनुकूलन करने और मूल्य सृजित करने के तरीके को ज्यादा बेहतर ढंग से समझ पाएगी।

## एआई में वेतन का हाल बेहतर

भारत की बात करें, तो शुरुआती स्तर के ट्रेनी एआई इंजीनियर का मासिक वेतन 40,000 रुपये से 70,000 रुपये तक होता है, जिसमें ज्यादातर फ्रेशर्स को 50 से 60 हजार रुपये के बीच वेतन मिलने लगा है। ये इंजीनियर सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट या डाटा एनालिसिस का काम करते हैं। एक या दो वर्ष के अनुभव के बाद प्रतिमाह वेतन दो लाख रुपये तक पहुंच जाता है। एक औसत अनुभवी एआई इंजीनियर को प्रति माह 3.5 लाख रुपये वेतन मिलने लगा है। वैसे, भारत से विदेश जाने वाले आईटी या एआई इंजीनियर भी बहुत हैं, भारत की तुलना में विदेश में दो गुना से चार गुना अधिक वेतन मिलने की संभावना रहती है। विदेशी कंपनियां अनुभवी भारतीय इंजीनियरों को तरजीह देती हैं।

यहां यह ध्यान देने की बात है कि अमेरिका में 42 टॉप एआई स्टार्टअप में से 9 का नेतृत्व या प्रबंधन भारतीय इंजीनियर-उद्यमियों के हाथ में है। वहां ज्यादातर एआई कंपनियों में ठीक-ठाक संख्या में भारतीय इंजीनियर अच्छे पदों पर कार्यरत हैं।

## प्रतिभा पलायन रोकना जरूरी

भारत में एआई की प्रतिभाओं को रोकना जरूरी है। एक अनुमान के अनुसार, भारत के करीब 100 एआई स्टार्टअप ज्यादा सुविधा और कमाई की वजह से या तो अमेरिका जा चुके हैं या जाने की तैयारी में हैं। जिन भारतीय कंपनियों ने अपने देश में अपना कारोबार फैला लिया है, वे भी अमेरिका और यूरोपीय देशों में अपने लिए बड़ा बाजार या अवसर तलाश रही हैं। ज्यादा चिंता की बात यह है कि भारतीय कंपनियां ही नहीं, बल्कि उनके संस्थापक भी विदेश में बसने को तरजीह दे रहे हैं। जाहिर है, भारत में एआई के विकास को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा बेहतर माहौल की जरूरत है।

भारत भले ही एआई की तीसरी सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन उसे अपनी ताकत को सहेजने के लिए बड़े प्रयासों या अभियानों की जरूरत है। साथ ही, केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से भी एआई उद्योग को ज्यादा मदद की आशा है। गंभीरता से विचार करना होगा कि भारतीय उद्यमियों को भारत में रुकने के लिए क्या चाहिए?

## बढ़ती चुनौतियों पर रहे नजर

सॉफ्टवेयर सेवा उद्योग में कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित रखना होगा। वैसे, निफ्टी में शामिल आईटी कंपनियों में कर्मचारियों की कुल संख्या कोविड-पूर्व स्तर से काफी अधिक है। हालांकि, उन वर्षों में और उसके बाद भी राजस्व वृद्धि के साथ-साथ भर्ती प्रक्रिया चलती रही है, लेकिन अब अनिश्चितता कहीं अधिक है। दिसंबर में समाप्त तिमाही के लिए अपनी नवीनतम रिपोर्ट में, टीसीएस ने लगभग 30,000 कर्मचारियों की शुद्ध कटौती दर्ज की है। मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट में कहा गया है, यदि उद्योग को इस स्थिति (वित्त वर्ष 2015-2019 की अवधि में देखी गई गिरती मार्जिन और स्थिर उत्पादकता) से बचना है, तो भर्ती प्रक्रिया को राजस्व वृद्धि से कुछ हद तक अलग करना होगा। इससे प्रति कर्मचारी राजस्व में वृद्धि होगी और मार्जिन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

ऐसा लगता है, कई बड़ी भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियों ने अत्याधुनिक तकनीक में निवेश करने में चूक की है और इसका बोझ कर्मचारियों पर पड़ने की आशंका है। हो सकता है, एआई के प्रभावों को बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा रहा हो। कंपनियों को मजबूती का परिचय देना होगा। छंटनी करने या छंटनी का रोना रोने वाली भारतीय कंपनियों को छवि की भी चिंता करनी चाहिए। भारतीय कंपनियां सुरक्षित रोजगार देंगी, तो इससे उन्हें अच्छे मानव संसाधन और धन, दोनों तरह से लाभ होगा।

**Hindustan Times**

> भारत में एआई की प्रतिभाओं को रोकना जरूरी है। एक अनुमान के अनुसार, भारत के करीब 100 एआई स्टार्टअप ज्यादा सुविधा और कमाई के लिए या तो अमेरिका जा चुके हैं या जाने की तैयारी में हैं। जिन भारतीय कंपनियों ने अपने देश में अपना कारोबार फैला लिया है, वे भी अमेरिका और यूरोपीय देशों में अपने लिए बड़ा बाजार या अवसर तलाश रही हैं। ज्यादा चिंता की बात यह है कि भारतीय कंपनियां ही नहीं, बल्कि उनके संस्थापक भी विदेश में बसने को तरजीह दे रहे हैं। जाहिर है, भारत में एआई के विकास को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है।

### आईटी सेक्टर में लगातार बढ़ रहा रोजगार : साल 2005 में 11 लाख : साल 2015 में 35 लाख : साल 2025 में 58 लाख

**आईटी सेक्टर में रोजगार कर रहे लोगों की संख्या (दस लाख में)**

भारत में साल 1996 में आई सेक्टर में कुल दो लाख रोजगार थे और इसी दौर में बड़ी संख्या में भारतीय इंजीनियर विदेश भी गए हैं।




### भारत की टॉप टेन आईटी कंपनियों द्वारा दिए गए रोजगार में कमोबेश स्थिरता का आलम

**निफ्टी में दर्ज टॉप टेन आईटी कंपनियों के आंकड़े**

दिए गए रोजगार के सभी आंकड़े (मिलियन या दस लाख में)




## संख्या : तमिलनाडु सबसे ज्यादा इंजीनियर दे रहा

देश में सबसे ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेज तमिलनाडु में हैं और वह प्रति वर्ष 1.50 लाख से ज्यादा इंजीनियर दे रहा है। 20 वर्ष पहले वह केवल 36 हजार इंजीनियर दे रहा था। पहले महाराष्ट्र इस मामले में अव्वल था, लेकिन बीते दस वर्ष में तमिलनाडु ने उसे पछाड़ दिया है। अब महाराष्ट्र के बाद क्रमशः आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का स्थान आता है। ये राज्य प्रति वर्ष एक लाख से ज्यादा इंजीनियर दे रहे हैं, पर इनमें से तीन प्रतिशत ही एआई में कुशल हैं। आज देश को अगर 10 एआई इंजीनियर चाहिए, तो केवल एक कुशल इंजीनियर उपलब्ध है।

## गुणवत्ता : बिहार, झारखंड और दिल्ली आगे

बिहार में 80 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, इसके अलावा बिहार के छात्र देश भर में पढ़ते हैं। गुणवत्ता के मामले में देश में बिहार, झारखंड और दिल्ली के इंजीनियर को ज्यादा पारंगत पाया जाता है। तमिलनाडु ज्यादा इंजीनियर देता है, पर बिहार-झारखंड रोजगार योग्य इंजीनियर देने में आगे हैं। स्थानीय स्तर पर बिहार अभी प्रति वर्ष करीब 1400 इंजीनियर और 16 हजार से ज्यादा डिप्लोमा इंजीनियर देता है। बिहार में अभी 30 के करीब सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज हैं और पूरी इंजीनियरिंग शिक्षा में गुणवत्ता सुधार की जरूरत है, ताकि स्थानीय स्तर पर भी तकनीक और एआई का लाभ राज्य को मिले।

## उत्तर प्रदेश इंजीनियर देने में पांचवें स्थान पर

उत्तर प्रदेश इंजीनियर देने में देश में पांचवें स्थान पर है। साल 2005 में उत्तर प्रदेश केवल 29,809 इंजीनियर देता था, लेकिन अब 1,15,627 इंजीनियर देता है। साल 2015 में यह राज्य इंजीनियर देने के मामले में सातवें स्थान पर पहुंच गया था, लेकिन बीते दस वर्ष में इसने अपना पांचवां स्थान फिर हासिल कर लिया है। यहां इंजीनियरिंग कॉलेज की संख्या 600 से ज्यादा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि राज्य में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि स्थानीय स्तर पर तकनीक और एआई का पूरा लाभ इस बड़े राज्य व इसके युवाओं को मिल सके।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। परंतु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**वृष :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परंतु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शांति रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कर्क :** परिवार की सेहत का ध्यान रखें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, परंतु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परंतु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी भी रहेगी। नौकरी में बदलाव हो सकता है। परंतु कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला :** कला के प्रति रुझान बढ़ सकता है। लेखनादि बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के साधन भी विकसित होंगे। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** मन परेशान हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई आ सकती है। सचेत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में भी बदलाव हो सकता है।

**मकर :** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। बातचीत में संतुलित रहें। किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। धैर्य बनाए रखने का प्रयास करें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। आय में वृद्धि संभव।

**मीन :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर भी रहना पड़ सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

25 फरवरी, बुधवार, **शक संवत्** : 06 फाल्गुन (सौर) 1947, **पंजाब पंचांग** : 14 फाल्गुन मास प्रविष्टे 2082, **इस्लाम** : 07 रमजान, 1447, **विक्रमी संवत्** : फाल्गुन शुक्ल नवमी तिथि रात्रि 02.41 मिनट तक। रोहिणी नक्षत्र दोपहर 01.39 मिनट तक पश्चात मृगशीर्ष नक्षत्र, बालव करण। चंद्रमा वृष राशि में रात्रि 12.55 मिनट तक उपरांत मिथुन राशि में।
**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य दक्षिण गोल। शिशिर ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01. 30 मिनट तक राहुकालम्।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**वास्तु अनुसार घर की मरम्मत करवाने के दौरान वैदिक उपाय क्या हैं? – वेदिका,** बनारस

- जब वास्तु दोष होते हैं, तो वास्तु के अन्य उपाय करने के साथ यदि मंत्रों का भी उपयोग किया जाए तो लाभ मिलते हैं। यदि ईशान दिशा में दोष हो तो नियमित रूप से ॐ नमः शिवाय का एक माला जाप लाभ दे सकता है।
- पूर्व दिशा में दोष हो तो ॐ सूर्याय नमः इस मंत्र का 108 बार जाप करना लाभ देगा।
- अग्नि कोण में दोष निवारण हेतु ॐ आग्नेय नमः मंत्र का जाप शुभ होता है।
- दक्षिण दिशा दोष निवारण के लिए ॐ अंगारकाय नमः मंत्र जपें।
- उत्तर दिशा में दोष हो तो ॐ कुबेराय नमः इस मंत्र का जाप करना शुभ होता है।

## वर्ग पहेली : 8251



**ऊपर से नीचे**
2. गरमी के कारण तिड़कना; फटना; कली खिलना (4)
3. रसास्वादन करना; स्वाद देखना (3)
4. घेराबंदी करवाना; नाके पर पहरा लगवाना; रास्ता रुकवाना (4,4)
5. मृत्यु पर्यंत अन्न त्याग; मरने तक की जाने वाली भूख हड़ताल (4,4)
7. कालिख; दाग; धब्बा; लांछन (3)
11. गवाही देने वाला; साक्षी (3)
13. ईश्वर; विधाता; ब्रह्मा; कर्ता; गृहपति (4)
14. गाने वाला (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

**बाएं से दाएं**
1. बहुत कठिन कार्य करना; बहुत कठिनाई का सामना करना; विकट समय बिताना (2,1,2,3)
6. आने वाली समस्या को सहने के लिए तैयार रहना; मन पक्का करना (2,2,3)
8. आनंद; आनंदोत्सव; खुशी; प्रसन्नता; हर्ष; परिणय; ब्याह; विवाह (2)
9. अल्पता; दुर्लभता; न्यूनता; कोताही; दुर्गुण (2)
10. अग्नि; गरमी; ताप; ईर्ष्या; जलन (2)
12. अभिप्राय; मतलब; धन (2)
14. खोया, घी, चीनी व कसी हुई गाजर से बना ढीला-ढाला मिष्टान्न (3,1,3)
15. नाटक लिखना; नाटक लेखक बनना; साहित्यकार बनना (5,3)

## वर्ग पहेली : 8250



## सुडोकू : 8233

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 2 | | | 8 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | |
| | 1 | 2 | | | 8 | 4 | | 7 |
| | | | | 6 | | | 7 | 4 |
| | | 1 | | 5 | | 9 | | |
| 3 | 8 | | | 4 | | | | |
| 2 | | 3 | 4 | | | 7 | 9 | |
| | | | | | 5 | | 3 | |
| | | 5 | | | 6 | | | 1 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8232

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 4 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 4 | 8 | 2 |

संपादकीय जागरण

बुधवार, 25 फरवरी, 2026 : फाल्गुन शुक्ल - 9 वि. 2082

**अनुकूल परिणाम नहीं मिला तो समझिए प्रयास में कमी रही**

# अवैध कब्जे का निस्तारण

**लंबे समय** से विवाद और तनाव के केंद्र में रहे उत्तराखंड के हल्द्वानी में बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे और साथ ही राज्य सरकार की जमीन पर अवैध तरीके से बसे लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने वहां से हटाने का फैसला करके वही किया, जो न्यायसंगत था। यदि यह मांग मान ली जाती कि अतिक्रमण करके बसे लोगों को वहीं रहने दिया जाए तो इससे न केवल करीब 30 हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा वैध हो जाता, बल्कि रेलवे के विस्तार की महत्वाकांक्षी परियोजना पर ग्रहण भी लगता। सुप्रीम कोर्ट ने यह सही कहा कि अवैध तरीके से बसे लोग यह तय नहीं कर सकते कि रेलवे रेल लाइन विस्तार के लिए अन्य विकल्प चुने, लेकिन इसी के साथ उसने इस जमीन से बेदखल होने वालों के प्रति जो मानवीय दृष्टिकोण अपनाया, उसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लगभग पांच हजार परिवारों के जो हजारों लोग रेलवे और उसके पास की राज्य सरकार की जमीनों पर रह रहे हैं, उनमें से पात्र लोगों को पीएम आवास योजना के तहत आवास दिए जाएं। इस फैसले पर केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ने पात्र परिवारों को विस्थापन के बाद छह महीने तक प्रति माह 2,000 रुपये भत्ता देने का भी वादा किया। पहली नजर में यह लग सकता है कि एक तरह से सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को पुरस्कृत किया जा रहा है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि इस कब्जे को लेकर न तो रेलवे समय रहते चेता और न ही उत्तराखंड सरकार।

यह एक तथ्य है कि आम तौर पर सरकारी विभाग अपनी जमीनों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जे को लेकर उदासीन बने रहते हैं और फिर यकायक अपनी जमीन खाली कराने की सुध लेते हैं। इससे वहां रह रहे लोगों के सामने संकट खड़ा हो जाता है। उनके रहने का ठिकाना छिनने के साथ ही उनकी रोजी-रोटी भी प्रभावित होती है। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले को नजीर न माना जाए और उसने जो मानवीय दृष्टिकोण अपनाया, वह मदद ज्यादा और अधिकार कम है। देश में हजारों एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे हैं। इसके लिए कब्जा करने वालों के साथ वे विभाग भी जिम्मेदार हैं, जो अपनी जमीनों पर कब्जे के समय आंखें मूंदे रहते हैं। यदि सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराना है तो वहां दशकों से रह रहे लोगों के पुनर्वास के बारे में कोई ठोस नीति बनानी होगी। ध्यान रहे अपने देश में अपनी ही जमीनों पर बसे लोगों को जब किसी परियोजना के चलते विस्थापित किया गया तो उनमें से भी अनेक का न तो ढंग से पुनर्वास किया गया और न ही उनकी आजीविका की चिंता की गई। निःसंदेह सरकारी अथवा गैर-सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे मुक्त होने चाहिए, लेकिन मानवीय दृष्टिकोण के साथ।

# सख्ती जरूरी

**वायु** गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की टास्क फोर्स की 126वीं बैठक में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले और चिंताजनक हैं। चार से 18 फरवरी के बीच किए गए महज 318 निरीक्षणों में से 131 स्थानों पर नियमों का उल्लंघन पाया जाना यह दर्शाता है कि पर्यावरण के प्रति हमारी औद्योगिक और व्यावसायिक इकाइयां कितनी लापरवाह हैं। निरीक्षण की इस छोटी सी अवधि में करीब 41 प्रतिशत स्थानों पर नियमों की अनदेखी होना यह स्पष्ट करता है कि कागजों पर बनी रणनीतियां जमीन पर उतरने से पहले ही दम तोड़ रही हैं।

> उद्योगों से निकलने वाले धुएं के मानकों की अनदेखी और कचरा प्रबंधन में लापरवाही सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना है

सबसे गंभीर स्थिति औद्योगिक क्षेत्रों की है, जहां 123 उल्लंघन दर्ज किए गए। उद्योगों द्वारा धुआं छोड़ने के मानकों की अनदेखी और कचरा प्रबंधन में लापरवाही सीधे तौर पर करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। इसके अतिरिक्त, निर्माण स्थलों और डीजल जेनरेटर सेटों के नियमों का उल्लंघन भी जारी है। प्रशासन द्वारा 39 इकाइयों को बंद करने और 10 डीजी सेटों को सील करने का प्रस्ताव एक आवश्यक सुधारात्मक कदम है, लेकिन क्या केवल दंडात्मक कार्रवाई काफी है? समस्या की जड़ उस मानसिकता में है जहां विकास और मुनाफे को पर्यावरण संरक्षण से ऊपर रखा जाता है।

**कह के रहेंगे** — माधव जोशी




**जागरण जनमत** — कल का परिणाम

**क्या दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद भारत के विश्व कप जीतने की दावेदारी कमजोर पड़ गई?**




**आज का सवाल**

क्या केरल का नाम बदलकर केरलम करने का फैसला सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# एआइ को समावेशी बनाता भारत



**आदित्य सिन्हा**

**एआइ समिट ने एक ऐसा नैरेटिव प्रस्तुत किया जो नवाचार को समावेशन के साथ जोड़ता है। अब चुनौती यह है कि नवाचार के साथ जवाबदेही सुनिश्चित की जाए**



अवधेश राजपूत

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट मात्र एक शिखर सम्मेलन न होकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ पर वैश्विक विमर्श को दिशा देने वाला अहम पड़ाव बना। यह सम्मेलन एआइ के मोर्चे पर आकार ले रहे भौगोलिक, राजनीतिक एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों को प्रदर्शित करने के मंच के रूप में भी उभरा। हाल के दौर में एआइ सम्मेलनों के केंद्र में सुरक्षा, अस्तित्व संबंधी जोखिम और नियमन की चिंता जैसे मुद्दे ही छाए रहे। ब्रिटेन में आयोजित ऐसे पहले प्रमुख सम्मेलन को जहां एआइ सुरक्षा समिट का नाम दिया गया तो नई दिल्ली में इसके नामकरण में प्रभाव शब्द का समावेश हुआ। यह भी भारत की बड़ी उपलब्धि रही, क्योंकि प्रभाव का अर्थ बहुत व्यापक है। यानी यह तकनीक कैसे अपनी उपयोगिता से प्रभावित कर सकती है और इस तक सबकी समावेशी पहुंच कैसे सुनिश्चित हो।

कई दिग्गज संस्थाओं के सर्वेक्षणों में यह सामने आया है कि भारत और चीन जैसे देशों में एआइ के प्रति 88 प्रतिशत तक की सकारात्मक भावना है। इसके उलट पश्चिमी यूरोप और अमेरिका के कुछ हिस्सों में इसे लेकर सतर्कता एवं संदेह का भाव दिखता है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एआइ ने कुछ स्थापित पारंपरिक पेशों के लिए खतरे की घंटी बजाई है तो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इसे अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यथार्थ ही कहा है कि कुछ पक्ष एआइ में डर देखते हैं तो भारत इसमें अपना भविष्य देखता है। एआइ से जुड़ी भारत की उम्मीदें उसके अनुभवों से ही उपजी हैं। जैसे आधार और यूपीआइ जैसे डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ने भुगतान, पहचान सत्यापन और कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में तमाम बाधाओं को दूर करते हुए दैनिक जीवन को बहुत सुगम बनाया है। यह इसका जीवंत प्रमाण है कि कोई तकनीक कैसे लागत को घटाकर सक्षमता को बढ़ा सकती है। स्वाभाविक है कि भारत अपनी इस सफलता को अगले स्तर पर ले जाना चाहता है। इसी क्रम में उसने एआइ समिट में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में समावेशन को बढ़ाने के लिए डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की एआइ के साथ जुगलबंदी का खाका पेश किया।

पिछले एआइ सम्मेलनों में विमर्श का केंद्रबिंदु सुरक्षा संबंधी प्राथमिकताएं रहीं, जबकि नई दिल्ली घोषणापत्र मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, सस्ती कनेक्टिविटी और कार्यबल प्रशिक्षण पर जोर देता है। इसमें यह स्वीकार्यता प्रदान की गई है कि सार्थक एआइ भागीदारी के लिए कंप्यूटिंग शक्ति, इंटरनेट पहुंच और कुशल लोगों की आवश्यकता होती है। यह उचित स्थानों पर ओपन-सोर्स एआइ का समर्थन भी करता है। इसके पीछे यही सोच रहा कि कई देश अपने तंत्र को शून्य से खड़ा करने की स्थिति में नहीं तो उनके लिए कुछ गुंजाइश तो मिलनी ही चाहिए। निःसंदेह एआइ से जुड़े अपने जोखिम भी हैं, पर भारत ने अपने दृष्टिकोण में उसकी व्यावहारिक पहुंच पर ध्यान केंद्रित किया है।

सहभागिता एवं स्वीकार्यता की दृष्टि से भी सम्मेलन सफल रहा। विभाजित भू-राजनीतिक माहौल में भी नई दिल्ली घोषणापत्र पर 80 से अधिक देशों एवं वैश्विक संगठनों के हस्ताक्षर इसकी सफलता को रेखांकित करते हैं। यह सही है कि जिन घोषणाओं पर सहमति बनी, वे बाध्यकारी नहीं हैं, किंतु याद रहे कि किसी भी व्यवस्था के आकार लेने में उस पर सहमति बनना आवश्यक होता है। उसके बाद ही कानूनी ढांचा आकार लेता है। आर्थिक पहलुओं पर भी प्रगति देखने को मिली है। इसमें 400 अरब डालर से अधिक की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गई हैं। इनमें 250 अरब डालर का निवेश बुनियादी ढांचा संबंधी आवश्यकताओं तो 150 अरब डालर गहन तकनीकी पूंजी से जुड़ा होगा। एआइ कंप्यूटिंग क्षमता, डाटा केंद्रों, सेमीकंडक्टर्स और पावर सिस्टम की आवश्यकता किसी से छिपी नहीं है। इस क्रम में भारत ने इस वर्ष के अंत तक एक लाख जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) की दिशा में कदम बढ़ाकर विस्तारित इंडिया एआइ मिशन के तहत योजनाओं की घोषणा करके अपनी गंभीरता का संकेत दिया। कंप्यूटिंग के दम पर ही एआइ का अपना इकोसिस्टम विकसित हो सकता है। अन्यथा सभी बातें सैद्धांतिक बनकर रह जाती हैं।

एक और महत्वपूर्ण योगदान मानव (एमएएनएवी) का उल्लेख रहा। इसका अर्थ है नैतिक प्रणाली, उत्तरदायी शासन, राष्ट्रीय संप्रभुता, सुलभ एआइ और वैध प्रणाली। यह मानव-केंद्रित दृष्टिकोण आशावाद और उत्तरदायित्व के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है। यह इस पर बल देता है कि एआइ प्रणालियां विधिसम्मत, लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप एवं व्याख्या की दृष्टि से सरल होनी चाहिए। सम्मेलन ने कुछ स्वैच्छिक रूपरेखाएं भी निर्धारित की गई हैं। जैसे एआइ के लोकतांत्रिक प्रसार के लिए एक चार्टर, सफल प्रयोगों को अपनाने के लिए विश्वसनीय तौर-तरीके एवं मानक। ऐसी पहल उन संस्थागत ढांचे की नींव रखती है जो समय के साथ और परिपक्व हो सकता है। ध्यान रखना होगा कि जो देश इसके मानदंडों को आकार देंगे, वही लाभ और जोखिमों को भी तय करेंगे। इस दिशा में यदि एआइ कुछ कंपनियों या देशों में केंद्रित रहती है तो असमानता बढ़ सकती है। यदि यह सुलभ बुनियादी ढांचा बनती है, तो अवसरों का विस्तार हो सकता है।

शिखर सम्मेलन की सफलता तीन क्षेत्रों में निहित है। पहला, इसने एआइ के मोर्चे पर अब तक का सबसे व्यापक गठबंधन तैयार किया। दूसरा, इसने नीतिगत महत्वाकांक्षा को ठोस निवेश प्रतिबद्धताओं के साथ समन्वित किया। तीसरा, इसने ऐसा नैरेटिव प्रस्तुत किया जो एक दूसरे को विरोध में खड़ा करने के बजाय नवाचार को समावेशन के साथ जोड़ता है। इस संदर्भ में अब भविष्य की चुनौती यही है कि नवाचार की तेजी को बनाए रखते हुए सशक्त जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यदि भारत इस संतुलन को कायम रख पाता है तो इंडिया एआइ इंपैक्ट समिट 2026 को उस क्षण के रूप में याद किया जा सकता है जब वैश्विक एआइ शासन-संचालन का केंद्रबिंदु व्यापक भागीदारी की ओर स्थानांतरित होना प्रारंभ हुआ।

(लेखक लोक-नीति विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

# नकली-घटिया सामग्री का बढ़ता बाजार



**राजीव सचान**

> ऐसे नतीजे पर पहुंचने की भूल नहीं की जानी चाहिए कि केवल त्योहारों पर ही नकली या मिलावटी खाद्य पदार्थ बनते-बिकते हैं

होली निकट आते ही देश भर से ऐसे समाचार आने का सिलसिला कायम हो गया है कि नकली खोया, पनीर या फिर मिलावटी मिठाइयां बरामद। बीते सप्ताह आगरा की एक खबर के अनुसार राजस्थान से लाया गया 1,320 किलो मिलावटी खोया बरामद किया गया। कानपुर से आई एक खबर यह कहती है कि होली और रमजान के पहले 50 लाख रुपये मूल्य के दस हजार किलो पुराने और खराब हो चुके खजूर के पैकेटों पर नए लेबल चिपकाकर उन्हें बाजार में खपाने की तैयारी थी। इसी दिन की एक अन्य खबर के मुताबिक कानपुर में ही छह सौ किलो मिलावटी खोया पकड़ा गया। इसके अलावा लगभग दो लाख रुपये से अधिक मूल्य की कटी हुई सुपारी भी जब्त की गई, जिसे मिलावटी पाए जाने पर नष्ट किया गया। बीते दिनों लखनऊ से आई खबर ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ जो अभियान चलाया, उसमें करीब 13 क्विंटल सड़े-गले और मानव उपयोग के लिए असुरक्षित खजूर नष्ट कराए गए। इसी अभियान के तहत दो हजार किलो हल्दी, 20 हजार किलो सुपारी जब्त की गई, क्योंकि उसके खराब होने का संदेह था। सहारनपुर की एक खबर के अनुसार खाद्य विभाग ने रामपुर मनिहारान कस्बे में करीब साढ़े छह क्विंटल मिलावटी पनीर बरामद किया।

गत दिनों ही भीलवाड़ा में एक कोल्ड स्टोरेज से बड़ी मात्रा में संदिग्ध मिलावटी मसाले जब्त किए गए। इनमें 23 सौ किलो लाल मिर्च पाउडर और 17 सौ किलो साबुत धनिया को मिलावटी होने के संदेह में जब्त किया गया। इसी माह गुजरात के साबरकांठा में डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा, यूरिया आदि का इस्तेमाल करके नकली दूध और छाछ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। यह फैक्ट्री पिछले पांच सालों से चल रही थी। बीते दिनों आंध्र के एक कस्बे में मिलावटी-जहरीला दूध पीने से पांच लोगों की मौत हो गई। यदि बीते 15-20 दिनों की ही देश भर से आई ऐसी खबरों का संज्ञान लिया जाए तो उनका उल्लेख करने के लिए यह पूरा पेज या फिर समाचार पत्र भी कम पड़ सकता है। इन खबरों के आधार पर ऐसे किसी नतीजे पर पहुंचने की भूल नहीं की जानी चाहिए कि केवल त्योहारों पर ही नकली अथवा मिलावटी खाद्य पदार्थ बनने और बिकने लगते हैं। वास्तव में यह काम वर्ष भर बेरोक-टोक चलता है। किसी को इस नतीजे पर भी नहीं पहुंचना चाहिए कि जिन विभागों पर मिलावटी, नकली, घटिया खाद्य सामग्री पर निगाह रखने और उन्हें बनाने एवं बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी है, वे मिलावटखोरों के खिलाफ सदा सतर्क रहते हैं। सच यह है कि ऐसे विभाग केवल त्योहारों के समय ही सतर्क और सक्रिय दिखते हैं। यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि उनकी सतर्कता-सक्रियता उस मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री का एक हिस्सा ही पकड़ पाती है, जो बाजार में बिकने के लिए आ जाती है।



आंध्र में जहरीला दूध पीकर अस्पताल पहुंचे लोग ● एक्स

कल्पना करें कि अपने देश में कितने लोग टनों मिलावटी, नकली और सेहत के लिए हानिकारक खाद्य सामग्री उपभोग करने और ऐसा करके बीमार होने के लिए अभिशप्त हैं? मिलावटी एवं नकली खाद्य सामग्री के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियानों के दौरान ऐसी सूचना तो आती है कि संदिग्ध खाद्य सामग्री के सैंपल परीक्षण के लिए भेजे गए, पर ऐसी खबर मुश्किल से ही आती है कि इन सैंपल के परिणाम क्या रहे? यदि कभी ऐसी खबर आ भी जाती है तो यह पता चलना कठिन होता है कि मिलावटी या फिर नकली खाद्य सामग्री बनाने-बेचने वालों को सजा क्या मिली? ऐसी खबर मुश्किल से इसलिए आती है, क्योंकि ऐसे लोगों को सजा मिलने के मामले बहुत ही दुर्लभ हैं। केवल इससे चिंतित होने की आवश्यकता नहीं कि अपने देश में नकली, मिलावटी या फिर घटिया किस्म की खाद्य सामग्री बनती और बिकती रहती है। चिंता की बात यह भी है कि दवाओं के मामले में भी यही स्थिति है। रह-रहकर ऐसी खबरें आती हैं कि अमुक-अमुक दवाओं के सैंपल फेल।

गत दिवस की एक खबर यह कहती है कि देश भर में निर्मित 215 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की ओर से जारी ड्रग अलर्ट के अनुसार इनमें से 71 दवाएं हिमाचल में बनी हैं। ये दवाएं मुख्य रूप से एलर्जी, अस्थमा, दर्द-बुखार की हैं। इसके अलावा कुछ एंटीबायोटिक्स और 16 कफ कोल्ड सीरप भी हैं। ऐसे ड्रग अलर्ट नए नहीं हैं और न ही वे यदाकदा जारी होते हैं। वे जारी ही होते रहते हैं, लेकिन नीति-नियंताओं का दोयम दर्जे की खाद्य वस्तुओं और दवाओं की ओर ध्यान तब जाता है, जब लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं या फिर उनकी मौत हो जाती है। आप उन खबरों से भी अनभिज्ञ नहीं हो सकते, जो यह बताती हैं कि नकली टूथपेस्ट, साबुन जैसे उत्पाद बनाने की फैक्ट्रियां पकड़ी गईं। बीते अगस्त में जयपुर में ऐसी ही एक फैक्ट्री में नामी टूथपेस्ट, क्रीम, साबुन आदि के साथ ब्रांडेड कंपनियों का नकली घी बन रहा था। इसी तरह दिल्ली में एक फैक्ट्री में नकली इनो बना रही फैक्ट्री पकड़ी गई थी। जिस देश में जानलेवा घटिया खाद्य सामग्री इतने बड़े पैमाने बन रही हो, वह आखिर विकसित कैसे बन सकता है? जहां ऐसे निकृष्ट कार्य धड़ल्ले से हो रहे हैं, वहां एआइ समिट में किसी यूनिवर्सिटी की ओर से चीनी रोबोटिक डाग को अपना बताकर पेश करने में किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)
response@jagran.com

**ऊर्जा**

## धर्म की धारा

धर्म अपने पात्र का चुनाव स्वयं करता है। वह किस स्वरूप में अपने आपको प्रकट करेगा, यह पात्र की प्रकृति पर निर्भर करता है। किसी मनुष्य में धर्म उच्च स्तर की भक्ति के रूप में प्रकट होता है, तो किसी अन्य मनुष्य में कर्मशीलता के रूप में। किसी को ईश्वर से साक्षात्कार के लिए योग का मार्ग सहज लगता है, तो किसी अन्य को तत्व रूप से सब कुछ जान लेने की उत्कंठा है। यदि कोई तत्वज्ञानी यह समझे कि वही सबसे बड़ा ज्ञानी है तथा अन्य सब अज्ञानी हैं तो यह उसकी भारी भूल होगी।

धर्म का अनुसरण करने वाला कभी यह नहीं कहता कि तुम्हारा मार्ग ठीक नहीं है। सच्चे धार्मिक व्यक्ति का कार्य है अपने धर्म का सही ढंग से पालन करना। नीम का पेड़ कभी भी यह इच्छा नहीं करता कि वह आम के पेड़ जैसा फल दे। नीम का कड़वा होना ही उसकी प्रकृति है, उसका धर्म है। जो भक्त है, वह कर्ममार्गी को कर्मरत देखकर यह सोचे कि जिसके पास ईश्वर का भजन करने की रति ही नहीं है, वह ईश्वर को कैसे प्राप्त करेगा, तो वह कर्ममार्गी व्यक्ति को सही से नहीं समझ सका। धर्म ने कर्म की तीव्रता के रूप में कर्मयोगी के हृदय में आधार लिया है। धर्म का अंतिम परिणाम है हृदय की निर्मलता। आत्मा का प्रक्षालन कर्मगति से हो रहा है, फिर भले ही उसके पास ईश्वर का नाम जपने के लिए एक भी क्षण का समय न हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अपने दायित्व की सही ढंग से पूर्ति करते जाने से ही हम सब अपनी अंतिम और अनिवार्य सेवानिवृत्ति की ओर अग्रसर होते हैं।

मेरा कर्म तुम्हारे कर्म से अलग प्रतीत हो सकता है, परंतु मेरा धर्म, तुम्हारा धर्म अलग नहीं हो सकता। वस्तुतः सत्य मात्र इतना ही है कि धर्म पात्र के अनुसार विभिन्न भाव धारण करता है। धारा का उद्गम एक ही होता है। आगे चलकर वह कितनी ही धाराओं में विभक्त हो जाए, उससे जल की प्रकृति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

ट्विंकल तोमर सिंह

**पाठकनामा**

pathaknama@nda .jagran.com

### संसदीय परंपराओं पर आघात

'लगातार कठिन होता संसद का चलना' शीर्षक से लिखे आलेख में अवधेश कुमार ने उचित ही लिखा है कि संसद के सत्र में नियमित गतिरोध संसदीय इतिहास की दृष्टि से बिल्कुल सही नहीं है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वोच्च लोकतांत्रिक प्रतिष्ठान का नियमित सत्र चलना अपने आप में गौरव गाथा को प्रतिबिंबित करता है। ऐसे में, जब संसद का सत्र नहीं चलेगा तो सही तरीके से कानून का निर्माण संभव नहीं हो पाएगा। यह भी कितने दुर्भाग्य की बात है कि जिस लोकसभा अध्यक्ष के जरिये सदन का संचालन किया जाता है, उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस भी शुभ संकेत नहीं है। विपक्षी नेताओं के प्रति सब्सटेंस मोशन भी सही नहीं है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सब्सटेंसिव मोशन वह स्वतंत्र प्रस्ताव होता है, जिसमें किसी सांसद के विरुद्ध स्पष्ट निर्णय सामने आता है। इस प्रस्ताव पर बहस और मतदान होता है। पारित होने पर संसद का मत प्रकट होता है। कहने का तात्पर्य है कि इसमें संबंधित सांसद का चरित्र संसदीय परंपराओं के अनुकूल है या नहीं, जैसे पहलुओं पर चर्चा होती है। सदस्यता से वंचित करने की बातें होती हैं। ऐसे टकराव से किसी पक्ष का कोई भला नहीं होने वाला। आज संसद पर हम लोग गर्व करते हैं। दुनिया के विशाल लोकतंत्र पर गर्व करते हैं, लेकिन जो स्थिति बन रही है, वह सही नहीं है। स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का निर्वहन पूर्व की भांति होता रहे, तभी बेहतर है। संसदीय बहिष्कार जैसी बातें संसदीय चरित्र की दृष्टि से सही नहीं कहीं जा सकती हैं।

मिथिलेश कुमार, भागलपुर (बिहार)

### आतंक के विरुद्ध नई रणनीति

केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई पहली राष्ट्रीय आतंकवादरोधी नीति 'प्रहार' भारत की आंतरिक सुरक्षा रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। आजादी के 78 वर्ष बाद एक समग्र, लिखित और स्पष्ट आतंकवाद विरोधी नीति का आना इस बात का संकेत है कि सरकार अब प्रतिक्रियात्मक नहीं बल्कि सक्रिय और पूर्व-निवारक दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। लंबे समय से सुरक्षा विशेषज्ञ यह सवाल उठाते रहे थे कि जिस देश ने दशकों तक सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद, अलगाववाद और वैश्विक आतंकी नेटवर्क की चुनौतियों का सामना किया है, उसके पास एक औपचारिक राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति क्यों नहीं है? अब 'प्रहार' के माध्यम से केंद्र ने इस कमी को दूर करने का प्रयास किया है। इस नीति का मूल आधार 'जीरो टालरेंस' यानी आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता है। आतंकवाद को किसी धर्म, जाति या समुदाय से नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि इसे केवल राष्ट्र-विरोधी हिंसक कृत्य के रूप में देखा जाएगा। यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि आतंकवाद की चुनौती केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं है? बल्कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता से भी जुड़ी हुई है। 'प्रहार' की विशेषता यह है कि यह हमले के बाद की कार्रवाई से अधिक हमले से पहले रोकथाम पर केंद्रित है। यह बदलाव बेहद महत्वपूर्ण है।

कांतिलाल मांडोत, नई दिल्ली

### टैरिफ पर समीक्षा जरूरी

'व्यापार समझौते की राह' संपादकीय में अमेरिका की शीर्ष अदालत की ओर से ट्रंप की टैरिफ नीति को अवैध घोषित करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस 'व्यापारिक खेल' को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। अमेरिकी अदालत का फैसला आने के बाद अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए गठित भारतीय टीम ने अपनी वाशिंगटन यात्रा टाल दी है। इस व्यापार समझौते में तीन ऐसे मुख्य मुद्दे हैं, जिन पर भारत को दोबारा बातचीत या स्पष्टीकरण की मांग करनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार वार्ता करने के पूर्व फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। तीन मुख्य मुद्दे में भारत को स्टील और एल्युमिनियम पर लगे शुल्कों को हटाने और अन्य उत्पादों पर टैरिफ की समीक्षा करने के लिए स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। अमेरिकी नीति में बदलावों के बाद, भारत को डिजिटल उत्पादों, डाटा स्थानीयकरण और आइटी सेवाओं से संबंधित नियमों पर अधिक स्पष्टता और रियायत की मांग करनी चाहिए। बौद्धिक संपदा अधिकारों (आइपीआर) के सख्त नियमों और अमेरिकी कृषि उत्पादों (जैसे डेरी और फलों) के लिए भारतीय बाजार तक पहुंच के मुद्दों पर, भारत को अपने घरेलू हितों की रक्षा करते हुए बातचीत करनी चाहिए। भारत सरकार अब परिस्थितियों का मूल्यांकन कर रही है और जल्दबाजी में कोई भी कदम उठाने के बजाय समझदारी से आगे बढ़ रही है। इस तरह का संकेत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी दी है।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा

**X पोस्ट**

भारत में इतने लोगों को तो सरकारी नौकरियां मिली भी नहीं, जितनी जिंदगियां सरकारी नौकरियों की तैयारी में खपकर खराब हो गईं।

साक्षी@333maheshwariii



अब हिंदी में केरल और अंग्रेजी में केरला वाली दुविधा समाप्त हो जाएगी, क्योंकि दोनों ही भाषाओं में राज्य को अब केरलम नाम से जाना जाएगा।

आस्था कौशिक@ASTHAKAUSHIK_

चार साल पहले रूसी सेना ने क्रीमिया के बाहर यूक्रेनी सीमा चौकियों पर धावा बोला और कई दिशाओं से यूक्रेन में प्रवेश किया। इसके साथ ही यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का सबसे बड़ा पारंपरिक युद्ध शुरू हुआ, जो अभी तक जारी है।

मधुरेंद्र कुमार@Madhurendra13

दिल्ली में पूर्वोत्तर की तीन लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को बिल्कुल सही तरह से आड़े हाथों लिया जा रहा है, मगर तमिलनाडु में बिहार के एक पूरे परिवार के नृशंस सफाए पर कोई आक्रोश नहीं दिखा।

साकेत@saket71

**जनपथ**

आफर दोनों हाथ में लिये खड़े अखिलेश,
लूट सकें तो लूट लें केशव और बृजेश।
केशव और बृजेश झटक लें बड़की कुर्सी,
लेकिन उसके बाद बचे बस मातम-पुर्सी!
चहें डालना फूट इसी फन में वे टापर,
योगी गए विदेश इधर चालू है आफर!!

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 222

www.jagran.com

दैनिक जागरण

# जोश

आगे बढ़ने का

बुधवार, 25 फरवरी, 2026

# एयरफोर्स में जाने के लिए एनडीए की तैयारी कैसे करूं

काउंसलर



देवाशीष उपाध्याय
counceler@nda.jagran.com

**मैं एनडीए के माध्यम से एयरफोर्स में जाना चाहता हूं। मुझे एनडीए परीक्षा की तैयारी कैसे करनी चाहिए?**

**आदित्य शेख**

नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) द्वारा भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना के कैडेटस को प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण के लिए, युवाओं का चयन यूपीएससी की एनडीए परीक्षा द्वारा किया जाता है। एनडीए की परीक्षा के दो मुख्य भाग होते हैं। 900 अंकों की लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित है, जिसमें दो प्रश्न पत्र होते हैं। 300 अंक की गणित और 600 अंक की सामान्य योग्यता परीक्षा होती है। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उम्मीदवारों को एसएसबी द्वारा आयोजित साक्षात्कार में शामिल होना होता है, जो 900 अंकों का होता है। एनडीए की तैयारी के लिए 12वीं स्तर के गणित और विज्ञान विषय में मजबूत पकड़ होने के साथ सामान्य ज्ञान जैसे इतिहास, भूगोल, राजनीति व करेंट अफेयर इत्यादि की सामान्य जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए एनसीईआरटी की किताबों का गहन अध्ययन करने के साथ ही पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करना और नियमित माक टेस्ट देना आवश्यक है। सामान्य योग्यता परीक्षा के लिए सामान्य ज्ञान, दैनिक करंट अफेयर्स, अंग्रेजी व्याकरण इत्यादि पर विशेष रूप से फोकस करना चाहिए।

**मैं बीकाम कर रहा हूं। चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहता हूं, मुझे कौन सा कोर्स करना चाहिए?**

**विनोद कुमार सिंह**

चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) एक वित्तीय पेशेवर होते हैं, जो अकाउंटिंग, आडिटिंग, टैक्स प्लानिंग और वित्तीय सलाह में विशेषज्ञता रखते हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) कंपनियों और व्यक्तियों को वित्तीय सलाह और कर प्रबंधन में व्यावसायिक परामर्श के साथ वित्तीय जोखिम प्रबंधन करते हैं। भारत में सीए का कोर्स 'इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट आफ इंडिया' (आइसीएआइ) द्वारा संचालित किया जाता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने में सामान्यतः पांच वर्ष का समय लगता है। यह अवधि इस बात पर निर्भर करती है कि आप यह कोर्स 12वीं के बाद शुरू कर रहे हैं या ग्रेजुएशन के बाद कर रहे हैं। 12वीं के बाद सीए, फाउंडेशन में प्रवेश होता है, जिसमें चार विषय के पेपर की परीक्षा होती है। सीए फाउंडेशन में सफल होने के बाद सीए इंटरमीडिएट में प्रवेश होता है। स्नातक युवा, जिन्होंने बीकाम में 55 प्रतिशत अथवा अन्य स्ट्रीम से 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें सीए इंटरमीडिएट में डायरेक्ट एडमिशन मिल जाता है। दोनों ग्रुप में पास होने के बाद किसी सीए के अंदर में दो वर्ष की आर्टिकलशिप की अनिवार्य प्रैक्टिकल ट्रेनिंग करनी होती, जो आपको सीए के वास्तविक कार्य का अनुभव प्रदान करती है। दो वर्ष की आर्टिकलशिप ट्रेनिंग करने के बाद सीए फाइनल का एग्जाम होता है। इसे पास करने के बाद सीए के रूप में कार्य करने की मान्यता प्राप्त हो जाती है।

**मैं 12वीं का विद्यार्थी हूं। मैं सेनेटरी इंस्पेक्टर बनना चाहता हूं। मुझे क्या करना चाहिए?**

**अजीत कुमार**

12वीं के बाद सेनेटरी इंस्पेक्टर संबंधित डिप्लोमा कोर्स एक साल का होता है। इस कोर्स को करने के बाद नगर निगम/नगर पालिका, रेलवे, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सेनेटरी इंस्पेक्टर पद पर तैनाती होती है। इसके अतिरिक्त प्राइवेट सेक्टर जैसे फाइव स्टार होटल, हवाई अड्डे या अन्य मल्टीनेशनल कंपनियों में भी स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी सेवाओं के लिए भर्ती होती रहती है। हाल के कुछ वर्षों में सरकारी क्षेत्र में सेनेटरी इंस्पेक्टर संबंधी भर्ती के लिए कोई विज्ञापन नहीं आया है, लेकिन यह कोर्स करके प्राइवेट क्षेत्र में या फिर संविदा स्तर की नौकरियां आराम से पा सकते हैं।

इस पेज के बारे में अपनी राय और सुझाव भेजें -feature@jagran.com

सीएसईईटी-2026

देश में मल्टीनेशनल कंपनियों तथा लिस्टेड कंपनियों की बढ़ती संख्या के बीच कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) की मांग तेजी से बढ़ रही है। ये प्रोफेशनल सेबी/कारपोरेट कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित करने व बेहतर गवर्नेंस के लिए जाने जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2030 देश में करीब एक लाख कंपनी सचिवों की आवश्यकता होगी। जाहिर है यह ग्रोइंग क्षेत्र आपके करियर को भी एक नया आयाम दे सकता है।

**क्यों बढ़ रही मांग:** बड़ी कंपनियों के अलावा सभी लिस्टेड कंपनियों में सीएस की नियुक्ति जरूरी होती है। लगातार नए-नए स्टार्टअप्स भी आ रहे हैं, इससे भी सीएस की मांग बढ़ रही है।

**कोर्स के बाद तुरंत नौकरी के चांस:** सीएस की सबसे अच्छी बात यह है कि आप 12वीं के बाद सीधे यह कोर्स कर सकते हैं। यह आर्ट, साइंस या कामर्स सभी स्ट्रीम के छात्रों के लिए है। वैसे यह कामर्स या ला पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए ज्यादा उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि इसमें तमाम ला और वित्तीय नियमों से जुड़े ही ज्यादातर कामकाज होते हैं। 12वीं के अलावा ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन या सीए आदि करने के बाद भी इसे कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के लिए कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं है। सीएस का पूरा कोर्स एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम, प्रोफेशनल प्रोग्राम और प्री-मेंबरशिप ट्रेनिंग के रूप में कुल तीन हिस्सों में बंटा होता है, जिसमें मुख्य रूप से ला तथा कारपोरेट ला के बारे में ही पढ़ाया जाता है। दो साल की अवधि में इस कोर्स को पूरा करने के बाद 21 माह की प्री मेंबरशिप ट्रेनिंग भी करनी होती है। यह ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आसानी से किसी भी कंपनी में सीएस की नौकरी मिल जाती है। इस पेशे में अच्छा करियर ग्रोथ तो है ही, साथ में अच्छा मासिक पैकेज भी मिलता है।

**एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर प्रवेश:** सीएस कोर्स में प्रवेश एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होता है। इस एंट्रेंस टेस्ट को सीएस एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट (सीएसईईटी) कहते हैं। यह साल में तीन बार जून, अक्टूबर तथा फरवरी में आयोजित होता है। अभी अक्टूबर के एंट्रेंस टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चल रही है। द इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटरीज आफ इंडिया (आइसीएसआइ) की वेबसाइट (https://www.icsi.edu) पर जाकर यह रजिस्ट्रेशन आप भी कर सकते हैं। इस टेस्ट में बिजनेस कम्युनिकेशन, लीगल एप्टिट्यूड एवं लाजिकल रीजनिंग, इकोनामिक एवं बिजनेस एनवायरमेंट तथा करेंट अफेयर्स एवं क्वांटिटेटिव एप्टिट्यूड से जुड़े प्रश्न आते हैं। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय टाइप के प्रश्न होते हैं। कुल 200 अंकों का यह एंट्रेंस होता है। यह टेस्ट आनलाइन माध्यम से होता है। इस टेस्ट को क्वालिफाई करने के बाद ही सीएस के एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में प्रवेश मिलता है।




**आनलाइन क्लासेज:** सीएस प्रोग्राम की पढ़ाई डिस्टेंस लर्निंग के माध्यम से होती है। अन्य प्रोफेशनल कोर्स की तरह इसमें कालेज जाकर क्लास अटेंड करने की बाध्यता नहीं होती। इसके लिए आनलाइन क्लासेज भी संचालित होती हैं। इसके अलावा, संस्थान की ओर से उपलब्ध कराए गए स्टडी मैटीरियल, रिकार्डेड वीडियो लेक्चर से खुद ही पढ़ाई करनी होती है। इसलिए यदि आप भी यह कोर्स करना चाह रहे हैं तो आपमें धैर्य और आत्म-अनुशासन होना बहुत जरूरी है, अन्यथा एक-दो अटेम्प्ट में यह कोर्स क्लियर नहीं होने पर तमाम छात्र इसे बीच में ही छोड़ देते हैं।

द इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटरीज आफ इंडिया (आइसीएसआइ) की ओर से कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) कोर्स के लिए होने वाले एंट्रेंस टेस्ट की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जून में होने वाली प्रवेश परीक्षा के बाद इसके अगले चरण की परीक्षा के लिए भी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चल रही है। सीएस का यह कोर्स करके कैसे आप भी अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं, जहां बेशुमार संभावनाएं हैं, इस बारे में बता रहे हैं **धीरेंद्र पाठक**...



● फोटो : फ्रीपिक

# 12वीं के बाद सीएस बन संवारें करियर

### जाब्स के अनेक अवसर

सीएस अपने करियर के दौरान विभिन्न कंपनियों में कई भूमिकाओं में अपनी सेवाएं देते हैं, जैसे कि एडवाइजर टू द बोर्ड आफ डायरेक्टर, की मैनेजरियल पर्सनल, कम्प्लायंस आफिसर, चीफ गवर्नेंस आफिसर, कारपोरेट प्लानर एंड स्ट्रेटजिक मैनेजर, आर्बिट्रेटर एंड मीडिएटर, कारपोरेट रिस्क मैनेजर, इंटरनल आडिटर, सेक्रेटेरियल/कम्प्लायंस आडिटर, सोशल इम्पैक्ट असेसर, इन्साल्वेंसी प्रोफेशनल, रजिस्टर्ड वैल्यूअर, जीएसटी प्रोफेशनल तथा रिप्रेजेंटेशन सर्विसेज आदि। यह कोर्स करके अध्यापन के क्षेत्र में जा सकते हैं।

### तनाव का ऐसे करें प्रबंधन

बहुत से छात्र रोजाना लगकर इस कोर्स की पढ़ाई नहीं करते हैं। ऐसे में तनाव होना स्वाभाविक है। इसलिए केवल प्रवेश परीक्षा के आधार पर यह कोर्स न आंकें। इसके दोनों कोर्स का स्तर अलग होता है। कई महीने तक लग करके इसकी पढ़ाई करनी होती है। फालतू में रिजल्ट के बारे में कभी न सोचें। इस कोर्स में ज्यादा अटेम्प्ट उन्हीं लोगों के लगते हैं, जो केवल रिजल्ट के बारे में सोचते रहते हैं और निरंतर पढ़ाई नहीं करते।

## तीन माह में एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी



**मेरठ की भूमिका सिंह वर्ष 2024 में सीएस टापर रही हैं। उन्होंने सीएस एग्जीक्यूटिव तथा प्रोफेशनल दोनों ही प्रोग्राम में टाप किया है। अभी वह गुरुग्राम की डीएलएफ कंपनी में 21 माह की अपनी प्री मेंबरशिप ट्रेनिंग कर रही हैं। आइए उनसे जानते हैं कि जून में होने वाले सीएस एंट्रेंस की तैयारी अभी कैसे करें। जो छात्र एग्जीक्यूटिव या प्रोफेशनल प्रोग्राम कर रहे हैं, वे क्या करें, ताकि पहले ही अटेम्प्ट में इस कोर्स को क्लियर कर सकें...**

**सीएसईईटी की तैयारी:** सीएस का एंट्रेंस टेस्ट एमसीक्यू आधारित होता है। इसका लेवल सीए के एग्जीक्यूटिव व प्रोफेशनल लेवल से आसान होता है। यह एंट्रेंस टेस्ट जून में प्रस्तावित है। इस तरह अभी आपके पास करीब तीन माह का समय बचा हुआ है। 12वीं बोर्ड में अपीयर हो रहे बहुत से छात्र भी इसमें शामिल होते हैं। ऐसे में अगर आप लगकर इसकी तैयारी करें तो इन दो से तीन महीने में भी इसकी बेहतर तैयारी की जा सकती है। इस एंट्रेंस टेस्ट में कुल चार पेपर होते हैं। 12वीं बोर्ड के छात्र पहले अपने बोर्ड परीक्षा पर ध्यान दें। यह खत्म होने के बाद रोजाना चार से पांच घंटे अपनी तैयारी को समय दें और जीके के शार्ट नोट्स बनाते रहें ताकि आखिरी के एक-दो दिनों में इसे रिवाइज किया जा सके। इसके अलावा, एमसीक्यू की प्रैक्टिस भी करें। इस परीक्षा की तैयारी से जुड़ा स्टडी मैटीरियल आइसीएसआई की वेबसाइट पर आपको मिल जाएगा। इसके अलावा, सीएस के एंट्रेंस टेस्ट के रजिस्ट्रेशन के समय भी इसके बुक्स आप आनलाइन मंगा सकते हैं। इससे संबंधित स्टडी मैटीरियल यूट्यूब और नेट पर भी उपलब्ध हैं। आनलाइन भी आपको मिल जाएंगे। इस परीक्षा के लिए पिछले वर्षों के पेपर्स से प्रैक्टिस करने से भी अच्छी तैयारी हो जाती है।

**रोजाना की पढ़ाई का बनाएं लक्ष्य:** मैं अपने एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल प्रोग्राम की पढ़ाई के समय हर दिन यह निर्णय करके चलती थी कि आज इतना तो पढ़ना ही पढ़ना है। इससे सिलबेस समय पर पूरा हो जाता है और आखिर में पढ़ने का तनाव नहीं झेलना पड़ता। रोजाना पढ़ाई के अलावा सिलेबस का थोड़ा-थोड़ा सा हिस्सा रिवाइज भी करती रहती थी। एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम कर रहे छात्रों को भी मेरा यही सुझाव है कि आखिरी समय में पढ़ाई के लिए कुछ भी बचाकर न रखें। पहले से ही यदि याद करके चलते रहेंगे तो पेपर से पहले उसे रिवाइज करना भी आपके लिए आसान होगा। जब पेपर से पहले आपकी तैयारी अच्छी होगी तो परीक्षा में तनाव भी कम होगा, क्योंकि अक्सर तनाव की वजह से भी लोग पेपर में गलत लिखकर आ जाते हैं। एग्जीक्यूटिव या प्रोफेशनल प्रोग्राम के दौरान हमेशा मेरी कोशिश यही रही कि मैं जितना पढ़ रही हूं, उसे साथ-साथ रिवाइज भी करती रहूं। मेरी पढ़ाई कोई फिक्स नहीं होती थी, लेकिन कोशिश करती थी कि रोजाना आठ से नौ घंटे पढ़ाई जरूर करूं। ज्यादातर पढ़ाई मैं सुबह में ही करती थी। पढ़ाई के दौरान बीच-बीच में छोटा-छोटा सा ब्रेक भी लेती रहती थी। इससे पढ़ाई में मन लगा रहता था। चूंकि यह एक दिन की पढ़ाई नहीं है। आपको इसी तरह से महीनों पढ़ना होता है, इसलिए रोजाना पढ़ाई कुछ इस तरह से करें कि यह तनाव न बने। आपका माइंड जितना तनाव रहित रहेगा, उतना ही आपको याद रहेगा। पढ़ाई के अलावा रोजाना मैं प्रैक्टिस भी करती थी। आइसीएसआइ के प्रीवियस ईयर क्वेश्चंस की बुक (स्कैनर) से यह प्रैक्टिस करती थी। कई पब्लिकेशन इस तरह की बुक्स जारी करते हैं। हर एक चैप्टर को पढ़ने के बाद उससे संबंधित प्रीवियस ईयर के क्वेश्चंस भी साल्व किया करती थी। इससे यह याद भी हो जाता था।

स्कालरशिप एलर्ट

### भूमि फेलोशिप प्रोग्राम-2026

यह प्रोग्राम सामुदायिक विकास पहल के माध्यम से सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने वाले समर्पित व्यक्तियों को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।
**योग्यता:** इस फेलोशिप के लिए 21 से 30 वर्ष आयु वर्ग के वे छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने प्राथमिक रूप से मानविकी, सामाजिक विज्ञान, शिक्षा, प्रबंधन, ला, इंजीनियरिंग, चिकित्सा या अन्य संबंधित क्षेत्रों में स्नातक डिग्री प्राप्त की है। आवेदकों में सामाजिक कार्य और सामुदायिक विकास के प्रति गहरी रुचि होनी चाहिए तथा वे शिक्षण, एडटेक या प्रणालीगत परिवर्तन के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हों। साथ ही, उन्हें चेन्नई, कोयंबटूर या त्रिची में स्थानांतरित होने के लिए तैयार रहना होगा।
**सहायता:** इसके तहत 25,500 रुपये का मासिक अनुदान दिया जाएगा।
**अंतिम तिथि:** 31 मार्च, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।
**आवेदन कैसे करें:** केवल आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
www.b4s.in/dj/BHFP1

### टाटा कैपिटल पंख स्कालरशिप प्रोग्राम 2025-26

इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।
**योग्यता:** टाटा कैपिटल पंख स्कालरशिप प्रोग्राम 2025-26 भारत के उन छात्रों के लिए उपयुक्त है, जो वर्तमान में कक्षा 11 और 12, सामान्य स्नातक, विशेष विषय कार्यक्रम, पालिटेक्निक/डिप्लोमा या आइटीआइ पाठ्यक्रमों में भारत के मान्यता प्राप्त संस्थानों में अध्ययनरत हैं। आवेदक के पिछले शैक्षणिक वर्ष में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक और व्यावसायिक स्नातक पाठ्यक्रम के लिए 80 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। वार्षिक आय ढाई लाख रुपये होनी चाहिए। **सहायता:** 10 हजार से एक लाख रुपये तक। **अंतिम तिथि:** 28 फरवरी, 2026
www.b4s.in/dj/TCPS34

राष्ट्रीय जागरण

## मृत मां का सिर गोद में लेकर स्टेशन पर आठ घंटे बैठी रही पांच वर्षीय पुत्री



मधेपुरा रेलवे स्टेशन पर बेंच पर गोद में मृत मां के सिर को रखकर रोती बच्ची ● जागरण

**जासं, मधेपुरा :** बिहार में मधेपुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर मंगलवार सुबह एक बेंच पर 25 वर्षीय काजल मृत पड़ी थी और उसका सिर पांच वर्षीय बेटी की गोद में था। मासूम बच्ची बार-बार मां को देखती और फिर स्टेशन के गेट की ओर नजर दौड़ा देती। उसे भरोसा था कि पापा लौटेंगे, मां को जगाएंगे और सब पहले जैसा हो जाएगा। पिता मुर्शीद उन्हें स्टेशन पर छोड़ते समय "अभी आता हूं" कहकर गए थे। बच्ची उसी भरोसे मां का सिर संभाले बैठी रही।

करीब आठ घंटे बाद जब इंतजार लंबा हो गया तो दोनों बहनों का धैर्य टूट गया और वे फफक पड़ीं। प्लेटफार्म पर भीड़ आती-जाती रही, लेकिन किसी ने पास जाकर हाल जानने की कोशिश नहीं की। रोने की आवाज सुनकर जब कुछ यात्री बच्ची के पास पहुंचे तो सच्चाई सामने आई कि काजल की मौत हो चुकी है। छोटी बच्ची (दो वर्ष) कई बार मां के शरीर को पकड़कर वहीं सो जाती। पांच वर्षीय बड़ी बेटी ने बताया कि रात में मां ने फांसी लगा ली थी। सुबह पिता आटो से उन्हें स्टेशन लाए और मां को गोद में सुलाकर चले गए। काजल गर्भवती थी और उसके गले पर मिले जख्म के निशान हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। जीआरपी ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

स्थानीय लोगों के अनुसार, काजल ने सात वर्ष पहले घरवालों की इच्छा के विरुद्ध मुर्शीद से शादी की थी। शादी के बाद स्वजन ने काजल से दूरी कर ली। रिश्तेदार शकीला ने बताया कि काजल का पति से विवाद हुआ था, जिसके बाद पति मजदूरी करने के लिए बाहर चला गया था।

# अकेले अक्षत ने ही की पिता की हत्या या कि और भी हैं अपराध के किरदार

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** राजधानी लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में पिता की गोली मारकर हत्या करने के बाद शव के टुकड़े कर हाथ-पैर जंगल में फेंकने और धड़ को ड्रम में छिपाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस मंगलवार को आरोपित पुत्र अक्षत को लेकर घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस टीम ने जांच करते हुए क्राइम सीन रीक्रिएट कराया और महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस इस पहलू की भी पड़ताल कर रही है कि वारदात में अक्षत अकेला शामिल था या किसी अन्य की भी भूमिका रही।

20 फरवरी को 49 वर्षीय मानवेंद्र सिंह की हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि बेटे अक्षत ने पहले गोली मारकर हत्या की और फिर शव को ठिकाने लगाने के लिए हाथ-पैर काटकर पारा के जंगल में फेंक दिया, जबकि धड़ को घर के भूतल पर रखे नीले ड्रम में छिपा दिया। ड्रम के ऊपर रजाई और कपड़े रख दिए गए थे। पिता के तीनों मोबाइल फोन बंद कर मोहल्ले में उनके लापता होने और आत्महत्या की अफवाह फैलाई गई। 23 फरवरी को अक्षत ने खुद ही आशियाना थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई, लेकिन जांच में पूरा मामला खुल गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में अक्षत ने स्वीकार किया कि पिता प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर दबाव बनाते थे व पढ़ाई में मन न लगने से नाराज रहता था।



अक्षत को लेकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ● जागरण

- लखनऊ में हत्यारोपित को घटनास्थल पर ले गई पुलिस, क्राइम सीन रीक्रिएट
- हाथ-पैर काट जंगल में फेंकने और धड़ ड्रम में छिपाने का आरोप
- पूछताछ में आरोपित अक्षत ने दोहराया पुराना बयान, कई सवाल अब भी अनसुलझे

